* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

20 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 330

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


अमरिंदर सिंह ने बेटे-बेटी के साथ भाजपा ज्वाइन की : कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने दिलायी सदस्यता




SURJABASHA





**मंथन : मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की**

# सुखे की स्थिति, रोजगार सृजन पर दें ध्यान: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने जिलों में योजनाओं की जमीनी हकीकत की ली जानकारी
- इकानोमिक कॉरिडोर के लिए भूमि करें अधिग्रहित
- उच्चस्तरीय बैठक में विभागों के प्रमुख समेत जिलों के डीसी रहे मौजूद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभागों की ताबड़तोड़ समीक्षा शुरू कर दी है। इस क्रम में समीक्षा के पहले दिन एक दर्जन से अधिक विभागों की समीक्षा की। वह विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्तर पर हकीकत की जानकारी ले रहे हैं। लिहाजा बैठक में विभागों के प्रमुख के अलावा जिलों के उपायुक्त भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आवश्यक निर्देश भी दिये। पहले दिन की समीक्षा में उनका फोकस राज्य में सूखे की स्थिति से निपटने पर रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सूखे की स्थिति है। इसलिए मनरेगा हो या कोई अन्य योजना ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन किया जाये, जिससे लोगों की समस्या का निदान हो। उन्हें पलायन नहीं करना पड़े।

**हर पंचायत ले योजना :** मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि वीर शहीद पोटो हो विकास योजना के तहत 3371 योजनाएं दी गयी हैं, जिसमें 1041 पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री ने लंबित योजनाओं का कार्य 15 नवंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही हर पंचायत में इस योजना को लेने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने हर गांव में कम से कम पांच नयी योजनाओं को अविलंब शुरू करने, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति को मनरेगा कार्यों में प्राथमिकता देने, मनरेगा में 50% महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस का सृजन करने, ताकि पलायन नहीं हो समेत अन्य निर्देश दिये।

**राज्य में जमीन का होगा सर्वे:** मुख्यमंत्री ने भू-राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा है कि झारखंड में जमीन का सर्वे कराने की दिशा में विभाग ठोस कदम उठाये । उन्होंने इसके लिए अन्य राज्यों में जमीन के सर्वे के लिए अपनायी गयी प्रक्रियाओं की अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ऊर्जा विभाग की समीक्षा के क्रम में राज्य में बिजली की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात कही।

**इन विभागों की समीक्षा**

**ग्रामीण विकास, ऊर्जा विभाग, राजस्व निबंधन और भूमि सुधार, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, पथ निर्माण, खनन विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य और कार्मिक विभाग।**

**निजी क्षेत्र में स्थानीय को नौकरी करें सुनिश्चित :** मुख्यमंत्री ने श्रम एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में निजी क्षेत्र में 40 हजार मासिक वेतन तक की नौकरियां स्थानीय युवाओं को देने के लिए बनायी गयी नियमावली को अगले माह से लागू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सुलभता से लाभ मिले, इसके लिए कागजी प्रक्रिया को आसान बनायें। मुख्यमंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा के क्रम में जल सहिया को समय पर मानदेय मिले, इसके लिए सभी डीसी को आवश्यक निर्देश दिया। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों को हर महीने की 5 तारीख तक पेंशन भुगतान करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत महिला लाभुकों को अब 70 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा, लेकिन विशेष परिस्थितियों में विधवा अथवा दिव्यांग महिला लाभुकों को 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाये।

**इकानोमिक कॉरिडोर के लिए जल्द भूमि करें अधिग्रहित :** मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि इकोनामिक कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने संबंधित जिलों के उपायुक्तों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। गौरतलब है कि रायपुर-धनबाद, वाराणसी-रांची, रांची-पटना, रांची-जमशेदपुर और दिल्ली-कोलकाता नेशनल कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है।

# नशे में धुत पंजाब के सीएम मान को जर्मनी में फ्लाइट से उतारा

- भगवंत मान की वजह से फ्लाइट चार घंटे लेट हुई : पैसेंजर्स



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर विमान से नीचे उतारने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल के चीफ सुखबीर सिंह बादल ने ट्वीट कर मान और केजरीवाल को इस पर सफाई देने को कहा है। उनका कहना है कि इन रिपोर्ट्स ने पंजाबियों को दुनिया भर में शर्मिंदा किया है।

भगवंत मान 17 सितंबर को जर्मनी से दिल्ली लौट रहे थे। ऐसा कहा जा रहा है कि इसी दौरान फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर उन्हें लुफ्थांसा एयरलाइंस के विमान से नीचे उतार दिया गया। वे नशे में थे, इसलिए एयरलाइन ने ऐसा फैसला लिया।

लुफ्थांसा वेबसाइट के मुताबिक यह विमान फ्रैंकफर्ट से शनिवार दोपहर 1.40 बजे रवाना होने वाला था। यह दिल्ली में रात 12.55 बजे लैंड करता, लेकिन इस हंगामे के बाद विमान 4 घंटे की देरी से शाम 5.52 बजे उड़ान भर पाया और सोमवार सुबह 4.30 बजे दिल्ली में लैंड हुआ।

विमान के बाकी यात्रियों के अनुसार सीएम मान ने इतनी शराब पी रखी थी कि वे ठीक से चल नहीं पा रहे थे। उनकी पत्नी और सुरक्षाकर्मी उन्हें संभाल रहे थे। इस वजह से सुरक्षा का हवाला देते हुए मान को नीचे उतार दिया गया। उनके स्टाफ ने कोशिश की कि उन्हें न उतारा जाये, लेकिन फ्लाइट का स्टाफ कोई रिस्क नहीं लेना चाहता था। एक अन्य यात्री का कहना है कि इस पूरे वाकये के चलते फ्लाइट चार घंटे लेट हुई।

**उनकी तबीयत ठीक नहीं थी : आप** आप के मीडिया कम्युनिकेशन के निदेशक चंदर सुता डोगरा ने बताया था कि मुख्यमंत्री की तबीयत ठीक नहीं थी। इसी वजह से 17 तारीख की बजाय वे 18 तारीख को दिल्ली रवाना हुए। उधर, आप ने इस पूरे मामले को खारिज कर दिया है। सीएम कार्यालय के मीडिया प्रभारी नवनीत वाधवा ने कहा कि यह सब फालतू बातें हैं। मुख्यमंत्री के जर्मनी दौरे के कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें 18 सितंबर तक जर्मनी में रहना था।

**एसएससी भ्रष्टाचार : पार्थ चटर्जी-अर्पिता की अब तक 103 करोड़ की संपत्ति जब्त : इडी**

# पार्थ-अर्पिता की और 49 करोड़ की बेनामी संपत्ति का पता चला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती (एसएससी) घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच टीम ने बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी की अब तक 103 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। जांच शुरू होने के 58 दिनों के भीतर कोलकाता के बैंकशॉल कोर्ट में चार्जशीट पेश करने से पहले इडी के जांच अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। सोमवार को इडी ने दो ट्रंक (बक्सों) में भरकर दस्तावेज बैंकशॉल कोर्ट में पेश किया। सूत्रों की मानें तो चार्टशीट में पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी के अलावा विभिन्न संस्थानों के निदेशकों के नाम भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं।

बताते चलें कि बीते दिनों अर्पिता के दो फ्लैट से 50 करोड़ रुपये नकद, पांच किलोग्राम सोना जब्त किया गया था। इसके अलावा ईडी का दावा है कि पार्थ-अर्पिता की 49 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति भी जब्त की गयी है। साथ ही 35 बैंक खातों में और आठ करोड़ रुपये जमा होने का दावा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि शिक्षक भर्ती घोटाले में जांच कर रही सीबीआइ ने भी पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी के अलावा बंगाल शिक्षा पर्षद के पूर्व सचिव कल्याणमय चट्टोपाध्याय समेत कई अन्य लोगों से अलग-अलग पूछताछ में कई अहम तथ्य संग्रह किया है। यही कारण है कि अब सीबीआइ भी पार्थ चटर्जी को हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाह रही है। आगामी 21 सितंबर इसके लिए दावाभी पेश करेगी।

**भाजपा कर रही सांसदों के कामकाज की ऑडिट : खराब प्रदर्शन करनेवालों पर गिर सकती है गाज**

# कुछ सांसदों की सीट बदलने और कुछ का पत्ता साफ करने पर हो रहा मंथन

- 50 हजार से कम वोटों से जीतने वाले सांसदों पर है विशेष नजर
- मोदी लहर में अर्जुन मुंडा मात्र 1445 और सुदर्शन भगत 10,363 वोट के अंतर से जीते थे चुनाव
- रांची, धनबाद, हजारीबाग पर आलाकमान की विशेष नजर, ये सीटें भाजपा की गढ़ मानी जाती हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने के उद्देश्य से वह एक साथ कई मोर्चों पर काम कर रही है। पार्टी का विशेष फोकस 2019 में हारी हुई दो लोकसभा सीटों राजमहल और चाइबासा के साथ-साथ उन सीटों पर भी है, जहां से भाजपा सांसद लगातार जीत रहे हैं। खासतौर से उन सीटों पर ,जहां से एक ही नेता ने लोकसभा का पिछला दोनों चुनाव जीता हो। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में राजमहल, दुमका, गोड्डा, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर, सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू और हजारीबाग की सीटें शामिल हैं. सिंहभूम लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर गीता कोड़ा और राजमहल सीट पर झामुमो के विजय हांसदा विजयी हुए थे। वहीं गिरिडीह सीट भाजपा के सहयोगी पार्टी आजसू के पास है। आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी वहां के सांसद हैं।

**सांसदों के कामकाज का आकलन :** 2019 के लोकसभा चुनाव में जीतनेवाले सांसदों के कामकाज का आंकलन भाजपा कई स्तरों पर कर रही है। मोदी लहर के बाद भी कम वोटों से चुनाव जीतने वाले सांसदों की सीटों में बदलाव किये जाने की संभावना है। वहीं खराब प्रदर्शन करनेवाले सांसदों के टिकट कट सकते हैं और नये चेहरे को मौका दिया जा सकता है। पार्टी उन सीटों पर ज्यादा चौकन्ना है, जहां उसे बहुत ही कम वोटों से जीत मिली। इसमें तीन सीटें खूंटी, लोहरदगा और दुमका शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी से मात्र 1,445 वोट, पूर्व केंदीय मंत्री सुदर्शन भगत ने लोहरदगा से मात्र 10,363 और सांसद सुनील सोरेन ने दुमका से मात्र 47,590 वोट के अंतर से चुनाव जीता था। स्थानीय स्तर पर सांसदों की लोकप्रियता का भाजपा आकलन कर रही है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के सबसे लोकप्रिय चेहरे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर सांसदों की लोकप्रियता और जनता से उनका जुड़ाव भी जीत हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जानकारी के मुताबिक आलाकमान उन सीटों पर भी नजरें गड़ाये हुए है, जिन्हें भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। इनमें रांची, धनबाद और हजारीबाग शामिल है। यहां के सांसदों के कामकाज पर भी विशेष जानकारी एकत्र करायी जा रही है।

**सिंहभूम और राजमहल सीट जीतने के लिए नयी रणनीति :** अब बात उन 2 लोक सभा सीटों की जिन पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा था. 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 11 और उसके सहयोगी आजसू पार्टी को 1 सीट पर जीत हासिल हुई थी। सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा 72,155 वोटों से हारी थी। वहीं राजमहल लोकसभा सीट से99,195 वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। अब पुराने सीटों के साथ इन दोनों सीटों को हासिल करने की रणनीति पर भाजपा काम कर रही है।

**एंटी इनकंबेंसी की धार कुंद करने की कवायद**

भाजपा इससे पहले भी कई बार विभिन्न राज्यों में नेताओं के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी की धार को कुंद करने के लिए बड़े पैमाने पर अपने चुने हुए नेताओं का टिकट काट चुकी है। भाजपा को इसका लाभ भी हासिल हुआ है। इसलिए भाजपा के टिकट पर एक ही सीट से लगातार चुनाव जीतने वाले सांसद, खासतौर से ऐसे सांसद जो 2014 और 2019 का चुनाव एक ही क्षेत्र से जीते हैं, उन्हें 2024 में भी अपनी सीट को बरकरार रखने के लिए अपनी लोकप्रियता साबित करनी होगी. भाजपा ने 2019 में खूंटी सांसद कड़िया मुंडा और गिरिडीह सांसद रवींद्र पांडेय, रांची से सांसद रामटहल चौधरी और कोडरमा सांसद रवींद्र राय को टिकट नहीं दिया था. कड़िया मुंडा और रामटहल चौधरी का टिकट उम्र के आधार कटा था। ये दोनों नेता 75 वर्ष से अधिक के था।

**सर्वे और आला नेताओं का फीडबैक महत्वपूर्ण**

पार्टी के आला नेता लगातार प्रदेश के अलग-अलग इलाकों का दौरा कर सांसदों के कामकाज को लेकर फीडबैक ले रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सांगठनिक कार्यों के साथ-साथ संसदीय सीटों की भी समीक्षा कर रहे हैं। जल्द ही नये प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी आने वाले हैं। सूत्रों की मानें तो चुनाव आते-आते भाजपा कई स्तरों पर उम्मीदवार के चयन को लेकर चरणबद्ध सर्वे भी करायेगी। पहले चरण का सर्वे कार्य पूरा भी कर लिया गया है। इन तमाम सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ही यह तय किया जायेगा कि किस सीट से किस नेता को चुनावी मैदान में उतारा जाये, किस सांसद का सीट बदला जाये और किस सांसद का टिकट काट दिया जाये।



आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 58,000 रु./प्रति किलो |



### आठ लाख एकड़ जमीन है वक्फ बोर्ड के पास, जब चाहे, किसी भी संपत्ति पर दावा ठोक सकता है

# भारत में असीमित शक्तियों का मालिक है वक्फ बोर्ड!

## 2009 में थी चार लाख एकड़ जमीन, तेरह साल में हो गयी डबल

## तमिलनाडु में हुए विवाद के बाद अब उठने लगे हैं इस पर सवाल

आजाद सिपाही विशेष

**वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर आये दिन विवाद और देश के नागरिकों को झटका लगता रहता है। कभी अवैध कब्जे को लेकर, तो कभी किसी की निजी संपत्ति पर खुद के दखल को लेकर। कब कौन इसकी चपेट में आ जाये, यह कहना मुश्किल है। अभी हाल ही में तमिलनाडु के एक गांव थिरूचेंदुरई की घटना ने देश को सकते में डाल दिया है। यह गांव हिंदू बहुल है। यहां करीब 95 प्रतिशत जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दिया गया है, जिसमें 1500 साल पुराना एक मंदिर भी है। जरा सोचिए, दुनिया में इस्लाम आने से पहले के मंदिर पर भी वक्फ बोर्ड ने अपनी मिल्कियत का दावा ठोक दिया है! यहां के लोग हैरान हैं और परेशान भी। वर्ष 1995 में पीवी नरसिंह राव की कांग्रेस सरकार ने वक्फ एक्ट 1954 में संशोधन क्या किया उसमें नये-नये प्रावधान जोड़ कर वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दीं। शक्ति इतनी कि अगर एक बार आपकी संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बता दी गयी, तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। आपको वक्फ बोर्ड से ही गुहार लगानी होगी। उसके बाद जो रास्ता बचता है, वह इतना पेंचीदा है कि आपके जूते घिस जायेंगे, उम्र ढल जायेगी, लेकिन आपकी जमीन आपको मिल जायेगी, इसकी गारंटी शून्य है। आखिर किसी और धर्म के लिए ऐसी सुविधा क्यों नहीं? आखिर क्या है वक्फ बोर्ड कानून, कैसे और किसने दिये इसे असीमित शक्तियां, कैसे यह हिंदुओं की संपत्ति के लिए काल बन रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह


तमिलनाडु के थिरूचेंदुरई गांव, जो हिंदू बहुल है, यहां एक बेहद चौंकानेवाला मामला सामने आया। यहां मुस्लिम वक्फ बोर्ड खुद को पूरे गांव का मालिक बता रहा है। यहां तक कि वक्फ बोर्ड यहां के 1500 साल पुराने मंदिर को भी अपनी संपत्ति बता रहा है। यह मामला तब सामने आया, जब एक स्थानीय व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी के लिए अपनी जमीन बेचने की कोशिश की। एन राजगोपाल तिरुचिरापल्ली जिले के थिरुचेंदुरई गांव में अपनी कृषि भूमि बेचना चाहते थे, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके पास मौजूद 1.2 एकड़ जमीन तमिलनाडु वक्फ बोर्ड की है और अगर वह इसे बेचना चाहते हैं, तो उन्हें बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होगा। आगे पूछताछ की तो पता चला कि थिरूचेंदुरई का पूरा गांव ही वक्फ बोर्ड का है। अब पूरा गांव हैरान-परेशान है। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि क्या किया जाये। वैसे इस समय गांव वालों को 1500 साल पुराने मंदिर से बड़ी राहत मिली है। असल में उस मंदिर की दीवारों पर स्पष्ट लिखा हुआ है कि कई एकड़ की जमीन मंदिर की है। चूंकि मंदिर 1500 साल पुराना है, ऐसे में गांववालों का दावा भी मजबूत हो जाता है। लेकिन वक्फ बोर्ड ने किस आधार पर इतना बड़ा दावा किया है, यह स्पष्ट नहीं है। उसकी तरफ से 220 पन्नों का एक दस्तावेज तैयार कर दिया गया है। उसी दस्तावेज के आधार पर थिरूचेंदुरई गांव की जमीन पर हक जताया जा रहा है। पूरे गांव की संपत्ति पर कब्जा करना कोई साधारण घटना नहीं है। यह वक्फ की नीयत और मंशा साफ जाहिर करती है। यह देन कांग्रेस की है। 1995 में जब पीवी नरसिंह राव की सरकार थी, तब वक्फ एक्ट 1954 में संशोधन किया गया और नये-नये प्रावधान जोड़ कर वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दी गयीं। यह सिर्फ और सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति के लिए किया गया, जहां हिंदुओं को कमजोर किया गया और मुसलमानों को खुश।

### वक्फ बोर्ड के गठन की कहानी

1947 में अंग्रेजों की अधीनता से आजादी मिलने के साथ भारत के बंटवारे से पाकिस्तान नया देश बना। तब जो मुसलमान भारत से पाकिस्तान चले गये, उनकी जमीनों को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया। 1950 में हुए नेहरू-लियाकत समझौते में तय हुआ था कि विस्थापित होनेवालों का भारत और पाकिस्तान में अपनी-अपनी संपत्तियों पर अधिकार बना रहेगा। वे अपनी संपत्तियां बेच सकेंगे। हालांकि, पाकिस्तान में नेहरू-लियाकत समझौते के अन्य प्रावधानों का जो हश्र हुआ, वही हश्र इसका भी हुआ। पाकिस्तान में हिंदुओं की जमीन, उनके मकानों, अन्य संपत्तियों पर वहां की सरकार या स्थानीय लोगों का कब्जा हो गया। लेकिन भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि यहां से पाकिस्तान गये मुसलमानों की संपत्तियों को कोई हाथ नहीं लगायेगा। जो मालिकों द्वारा साथ ले जाने, बेच दिये जाने के बाद जो संपत्तियां बच गयी हैं, उन्हें वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिया गया। एनीमी प्रॉपर्टी अपवाद थी।







उस पर सरकार का अधिकार हुआ। 1954 में वक्फ बोर्ड का गठन हुआ। यहीं से वक्फ बोर्ड के हाथ में असीमित शक्तियां देने की शुरुआत हुई। दुनिया के किसी इस्लामी देश में वक्फ बोर्ड नाम की कोई संस्था नहीं है। यह सिर्फ भारत में है, जो इस्लामी नहीं, धर्मनिरपेक्ष देश है।

### कैसे 1995 के संशोधन के बाद वक्फ बोर्ड को मिल गयी असीमित शक्तियां

वर्ष 1995 में पीवी नरसिंह राव की कांग्रेस सरकार ने वक्फ एक्ट 1954 में संशोधन किया और नये-नये प्रावधान जोड़कर वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दीं। पत्रकार प्रदीप सिंह बताते हैं कि वक्फ एक्ट 1995 के सेक्शन 3 (आर) के मुताबिक, कोई संपत्ति, किसी भी उद्देश्य के लिए मुस्लिम कानून के मुताबिक पाक (पवित्र), मजहबी (धार्मिक) या चेरिटेबल (परोपकारी) मान लिया जाये, तो वह वक्फ की संपत्ति हो जायेगी। वह कहते हैं कि वक्फ एक्ट 1995 का आर्टिकल 40 कहता है कि यह जमीन किसकी है, यह वक्फ का सर्वेयर और वक्फ बोर्ड तय करेगा। दरअसल, वक्फ बोर्ड का एक सर्वेयर होता है। वही तय करता है कि कौन सी संपत्ति वक्फ की है, कौन सी नहीं। इस निर्धारण के तीन आधार होते हैं- अगर किसी ने अपनी संपत्ति वक्फ के नाम कर दी, अगर कोई मुसलमान या मुस्लिम संस्था जमीन का लंबे समय से इस्तेमाल कर रहा है या फिर सर्वे में जमीन का वक्फ की संपत्ति होना साबित हुआ। वक्फ एक्ट 1995 के सेक्शन 40 के अनुसार अगर वक्फ बोर्ड को लगता है कि कोई संपत्ति उसकी है, तो वह उसकी जांच कर सकता है और अगर बोर्ड यह मान ले कि वह संपत्ति उसकी है, तो वह उस संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित कर सकता है। वक्फ एक्ट 1995 का सेक्शन 54 के अनुसार वक्फ बोर्ड सिर्फ किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति ही नहीं घोषित कर सकता, बल्कि वह उस संपत्ति पर अतिक्रमण को हटाने के लिए जिलाधिकारी को भी कह सकता है। जिलाधिकारी को ऐसी संपत्ति को खाली करवाना होगा।

वक्फ एक्ट 1995 के सेक्शन 85 के तहत अगर कोई मामला वक्फ से जुड़ा हुआ है, तो उसे किसी सिविल, राजस्व कोर्ट या किसी अन्य प्राधिकरण में चैलेंज नहीं कर सकते। अगर आपकी संपत्ति को वक्फ घोषित कर दिया जाये और आप इसके खिलाफ हैं, तो आप सिविल कोर्ट में नहीं जायेंगे, बल्कि आपको वक्फ ट्रिब्यूनल में जाना होगा। वक्फ एक्ट 1995 के सेक्शन 83 में साफ लिखा है कि वक्फ ट्रिब्यूनल के पास वैसे ही पावर होंगे, जैसे सिविल कोर्ट के पास होते हैं। ट्रिब्यूनल का फैसला फाइनल होगा। उसे सभी पक्षों को मानना होगा। ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती। सिर्फ हाइकोर्ट के पास यह पावर होगा कि अगर कोई अपील करे या खुद से वह ट्रिब्यूनल के फैसले की लीगल जांच कर सकता है।

### महज तेरह वर्ष में दोगुनी से भी ज्यादा हो गयी वक्फ बोर्ड की जमीन!

सबसे पहले तो यह जान लीजिए कि वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन है। यानी, वक्फ बोर्ड देश का तीसरा सबसे बड़ा जमीन मालिक है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के मुताबिक, देश के सभी वक्फ बोर्डों के पास कुल मिला कर आठ लाख 54 हजार 509 संपत्तियां हैं, जो आठ लाख एकड़ से ज्यादा जमीन पर फैली हैं। वक्फ बोर्डों की कुल संपत्तियों की कीमत एक लाख 20 हजार करोड़ से ज्यादा है। सेना के पास करीब 18 लाख एकड़ जमीन पर संपत्तियां हैं, जबकि रेलवे की चल-अचल संपत्तियां करीब 12 लाख एकड़ में फैली हैं। साल 2009 में वक्फ बोर्ड की संपत्तियां चार लाख एकड़ जमीन पर फैली थीं। मतलब साफ है कि बीते तेरह वर्षों में वक्फ बोर्ड की संपत्तियां दोगुनी से भी ज्यादा हो गयी हैं। आप भी जानते हैं कि जमीन का विस्तार तो नहीं होता। फिर वक्फ बोर्ड के हिस्से जमीन का इतना बड़ा हिस्सा इतनी तेजी से कैसे जा रहा है?

### कैसे बढ़ रहा है वक्फ बोर्ड की जमीन का रकबा?

दरअसल, वक्फ बोर्ड देशभर में जहां भी कब्रिस्तान की घेरेबंदी करवाता है, उसके आसपास की जमीन को भी अपनी संपत्ति करार दे देता है। नये मजारों, नयी-नयी मस्जिदों की भी बाढ़ सी आ रही है। इन मजारों और आसपास की जमीनों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो जाता है। चूंकि 1995 का वक्फ एक्ट कहता है कि अगर वक्फ बोर्ड को लगता है कि कोई जमीन वक्फ की संपत्ति है, तो यह साबित करने की जिम्मेदारी उसकी नहीं, बल्कि जमीन के असली मालिक की होती है कि वह बताये कि कैसे उसकी जमीन वक्फ की नहीं है। 1995 का कानून यह जरूर कहता है कि किसी निजी संपत्ति पर वक्फ बोर्ड अपना दावा नहीं कर सकता, लेकिन यह तय कैसे होगा कि संपत्ति निजी है? जवाब ऊपर दिया जा चुका है। अगर वक्फ बोर्ड को सिर्फ लगता है कि कोई संपत्ति वक्फ की है तो उसे कोई दस्तावेज या सबूत पेश नहीं करना है। सारे कागज और सबूत उसे देने हैं, जो अब तक दावेदार रहा है। कौन नहीं जानता है कि कई परिवारों के पास जमीन का पुख्ता कागज नहीं होता है। वक्फ बोर्ड इसी का फायदा उठाता है, क्योंकि उसे कब्जा जमाने के लिए कोई कागज नहीं देना है। बड़ी बात है कि अगर आपकी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति बता दी गयी, तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। आपको वक्फ बोर्ड से ही गुहार लगानी होगी। वक्फ एक्ट का सेक्शन 85 कहता है कि ट्रिब्यूनल के फैसले को हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

### देश में एक सेंट्रल, 32 स्टेट वक्फ बोर्ड

देश में एक सेंट्रल वक्फ बोर्ड और 32 स्टेट बोर्ड हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सेंट्रल वक्फ बोर्ड का पदेन अध्यक्ष होता है। मोदी सरकार में मुख्तार अब्बास नकवी इस पद पर थे। उनके हटने के बाद से स्मृति ईरानी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हैं। वह पारसी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। इस तरह सेंट्रल वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष तो कभी-कभार गैर-मुस्लिम हो सकता है, लेकिन सारे सदस्य मुस्लिम ही होते हैं, यह कानून में सुनिश्चित किया गया है। जहां तक बात स्टेट वक्फ बोर्ड की है, तो उसके भी सभी सात सदस्य मुसलमान ही होते हैं। वक्फ कानून 1995 को दिल्ली हाइकोर्ट में एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने चुनौती दी है। इसमें जमीयत उलमा-ए-हिंद पार्टी बन चुका है। दिल्ली हाइकोर्ट ने इस मामले में नोटिस देकर केंद्र से चार नवंबर तक उसका पक्ष मांगा है। अब यह बेहद सुविधाजनक है कि वक्फ से संपत्ति विवाद हो, तो पावर वक्फ बोर्ड के पास और चुनाव हों तो मुकदमे से बचने के नाम पर बोर्ड को संपत्ति ट्रांसफर। अश्विनी उपाध्याय बताते हैं, वक्फ बोर्ड में एक वकील, एक विधायक, एक सांसद, एक टाउन प्लानर, एक आइएएस ऑफिसर, एक स्कॉलर, एक मुतवल्ली होते हैं। वक्फ एक्ट कहता है कि ये सभी मुस्लिम होंगे। उपाध्याय कहते हैं, बोर्ड किसी भी जमीन पर कह दे कि यह जमीन वक्फ की है, तो उसके नोटिस के खिलाफ कोर्ट नहीं, वक्फ ट्रिब्यूनल से गुहार लगानी होगी। सोचिए, जिस वक्फ बोर्ड ने गलत दावा किया, उसके खिलाफ शिकायत की सुनवाई भी उसी का एक्सटेंडेड इंस्टीट्यूशन करेगा। वह पूछते हैं कि अगर किसी को लगता है कि ट्रिब्यूनल पर तो संदेह नहीं किया जा सकता है, तो फिर इसी तरह का कानून, इसी तरह का ट्रिब्यूनल गैर-मुस्लिमों के लिए क्यों नहीं है?

# बहुत याद आते हैं उदय शंकर ओझा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उदय शंकर ओझा, एक ऐसा नाम, जिसने रांची के हर सामाजिक संगठन में सक्रिय भूमिका निभायी, लेकिन महज 55 वर्ष की अल्पायु में ही दुनिया को अलविदा कह गया। लेकिन कहते हैं ना कि जीवन लंबा नहीं, बड़ा होना चाहिए, तो उदय शंकर ओझा ने यही साबित किया। रांची विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति की भट्ठी से तप कर निकले उदय शंकर ओझा ने रांची के सामाजिक-राजनीतिक सीने पर ऐसी छाप छोड़ी, जिससे किसी को भी रश्क हो सकता है।

वह 2002 का साल था, जब डोमिसाइल आंदोलन में पूरा झारखंड जल उठा था। उदय शंकर ओझा आंदोलन के एक ध्रुव पर थे, लेकिन अपने विरोधियों के बीच भी उनका



अलग स्थान था। वैचारिक प्रतिद्वंद्विता के बीच उन्होंने कभी कोई वैमनस्यता पैदा नहीं होने दी। इसलिए उस आंदोलन के दूसरे ध्रुव पर रहे नेता बंधु तिर्की से भी वे गले मिलते थे, उनकी बातें गंभीरता से सुनते थे।

### छठी पुण्यतिथि

**वैचारिक प्रतिद्वंद्विता के बीच उन्होंने कभी कोई वैमनस्यता पैदा नहीं होने दी। इसलिए डोमिसाइल आंदोलन के दूसरे ध्रुव पर रहे नेता बंधु तिर्की से भी वे गले मिलते थे, उनकी बातें गंभीरता से सुनते थे**

अपने मधुर व्यवहार और मीठी बोली के कारण उदय शंकर ओझा समाज के हर वर्ग में समान रूप से लोकप्रिय थे। चाहे कांग्रेस का राजनीतिक कार्यक्रम हो या श्री महावीर मंडल का धार्मिक आयोजन, मोटिया मजदूरों का मुद्दा हो या फिर किसी मुहल्ले का सामाजिक विवाद, सुलझाने में उदय शंकर ओझा हमेशा अगली पंक्ति में रहते थे। मीडिया जगत में जितने लोकप्रिय थे, उतने ही लोकप्रिय वह राजनीतिक दलों में भी थे। यह उनकी शख्सियत का कमाल ही था कि उनके एक आह्वान पर हजारों मोटिया मजदूर इकट्ठे हो जाते थे। इसलिए पिछले छह साल के दौरान शायद ही कोई ऐसा पल आया हो, जब रांची ने उदय शंकर ओझा को शिद्दत से याद नहीं किया हो। रांची के हर आयोजन में यदि एक व्यक्ति तन-मन-धन से जुड़ा रहता था, तो वह उदय शंकर ओझा ही थे। जब-जब रांची में सांप्रदायिक सौहार्द्र का ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता था, उदयशंकर ओझा की याद आती थी और वह वहां पहुंचते भी थे। दिन की तो छोड़िये, आधी रात को भी वह सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगड़ने से रोकने के लिए चले जाते थे। जहां पुलिस भी जाने से डरती थी, कतराती थी, उदयशंकर ओझा दहाड़ मारते हुए चले जाते थे। खरी-खरी बात करने और लाभ-हानि की चिंता किये बगैर न्याय का साथ देने में उदयशंकर ओझा आगे थे।

उदय शंकर ओझा को इस दुनिया से गये हुए छह साल पूरे हो गये। इतने दिनों बाद भी याद आता है 20 सितंबर, 2016 का वह मनहूस दिन, जब इस हरदिल अजीज जननेता के निधन की खबर फैली। सुबह किसी जमीन विवाद का निबटारा करने खाली पेट सत्तू पीकर निकले उदय शंकर ओझा के निधन की खबर मिलने के बाद जितने लोग अस्पताल पहुंचे थे, उतने शायद किसी अन्य मौके पर नहीं जमा हुए थे। सीने में दर्द के बाद उदयशंकर ओझा खुल गाड़ी चलाते हुए मेडिका अस्पताल पहुंचे थे। जब डॉक्टर ने उन्हें चेक किया, तो खुद डॉक्टर आश्चर्यचकित थे कि इतना बड़ा अटैक होने के बावजूद वह गाड़ी चला कर खुद कैसे अस्पताल पहुंच गये। उस समय भी उदयशंकर ओझा के चेहरे पर शिकन नहीं थी। उनका व्यवहार, उनकी रहन-सहन, उनकी बेबाकी उन्हें दूसरे नेताओं की जमात से अलग करती थी, क्योंकि उदय शंकर ओझा के दिल में रांची बसती थी और उस रांची का एक जीवंत समाज, जिसमें न कोई छोटा था न बड़ा, न कोई अमीर था और न गरीब, न कोई इस धर्म-जाति-संप्रदाय का था न उस धर्म-जाति-संप्रदाय का।

### नक्सलियों ने ट्रक में लगायी आग, ग्रामीणों में दहशत

**चाइबासा।** एक तरफ झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चला रही है, दूसरी तरफ नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित गुदड़ी प्रखंड अंतर्गत लोढाई से सेरेंगदा तक सड़क निर्माण कार्य के लिए सीमेंट लदे ट्रक को नक्सली संगठन पीएलएफआइ ने आग के हवाले कर दिया है। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि वाहन जलाने की सूचना मिली है। जांच पड़ताल के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। सूत्रों के अनुसार, लोढाई से सेरेंगदा तक सड़क का निर्माण कार्य रांची के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के लिए सीमेंट लेकर ट्रक जा रहा था, तभी गुदड़ी प्रखंड के बुरु गोईलकेरा गांव के समीप 10 से 12 पीएलएफआइ नक्सलियों ने ट्रक को रोक आग लगा दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.48 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.36 बजे |



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की विभागों की मैराथन समीक्षा

# योजनाओं का स्थल निरीक्षण कराया जाये : मुख्यमंत्री

### ग्रामीण विकास विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग के 6 प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। इसके तहत मनरेगा, मनरेगा के तहत नियुक्ति की प्रक्रिया बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना( ग्रामीण) और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम बारिश की वजह से इस वर्ष सूखे की स्थिति है। ऐसे में किसानों-मजदूरों का पलायन नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखें। ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किये जायें और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जियो मैपिंग भी करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जायेगा।



### विभाग की प्रगति रिपोर्ट

- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 16.58 लाख फलदार और 2.72 लाख इमारती पौधे लगाये जा चुके हैं।
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 16 लाख से ज्यादा आवास बनाने का लक्ष्य है । इसमें 81 फीसदी आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि 2 लाख 90 हजार के लगभग आवास का कार्य लंबित है। वहीं केंद्र सरकार ने 1 लाख 75 हजार नये आवास स्वीकृत किये हैं।
- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत इस वर्ष 11 हजार 155 आवास बनाने का लक्ष्य है। इसमें 62100 आवास स्वीकृत

### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश:

- मनरेगा कार्यों में जेसीबी का इस्तेमाल नहीं हो इस पर ध्यान दें।
- फर्जी मस्टर रोल पर अविलंब रोक लगे।
- मनरेगा के तहत ससमय कार्य का अवलोकन करें और समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें।

# दाखिल-खारिज की समस्या का हो निदान : हेमंत सोरेन

### राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने राजस्व , भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग की दाखिल खारिज उत्तराधिकार नामांतरण, राजस्व संग्रहण और राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को कई निर्देश दिये। विभाग के द्वारा बताया गया कि राज्य में दाखिल खारिज के कुल 12 लाख 97 हजार 967 दाखिल खारिज के आवेदन आये। इसमें 5 लाख 84 हजार आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। जबकि 6 लाख 42 हजार आवेदन रिजेक्ट किये गये। वर्तमान में 528 ऐसे आवेदन हैं जो 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दाखिल खारिज के मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारी जमीन से जुड़े मुकदमों के निष्पादन के लिए राजस्व कोर्ट नहीं लगाते हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारी नियमित कोर्ट लगाकर जमीन से जुड़े मुकदमों का निपटारा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा लगाये गये राजस्व कोर्ट में निष्पादन किये गये मामलों की 3 महीने के बाद समीक्षा की जायेगी।

### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश:

- दाखिल खारिज के मामले 90 दिनों से ज्यादा लंबित नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें, सभी डीसी इस पर विशेष ध्यान दें।
- रजिस्ट्री आधारित दाखिल खारिज हो, इसे सुनिश्चित करें।
- उत्तराधिकार से जुड़े दाखिल खारिज के मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करें
- विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होने वाले दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# किसानों का निबंधन कराने के लिए जागरूकता अभियान चलायें: सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा के दौरान धान अधिप्राप्ति, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये राशन कार्ड वितरण, राशन कार्ड आधार सीडिंग, पीटीजी डाकिया योजना और गोदाम निर्माण योजना के प्रगति की जानकारी ली। इस मौके पर विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को बताया गया कि कम बारिश और सूखे की स्थिति में इस वर्ष 8 लाख मीट्रिक टन धान उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है ।

### खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों का विभाग

### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश:

- किसान खुद निबंधन करा सके, इसके लिए जागरूकता अभियान चलायें
- इस वर्ष अक्टूबर तक एक हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण को लेकर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- इस वर्ष 30 अक्टूबर तक शत प्रतिशत अनाजों का उठाव सुनिश्चित करें।

# एक पेड़ लगायें, 5 यूनिट बिजली नि:शुल्क पायें का करें प्रचार: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए एक पेड़ लगाने पर 5 यूनिट बिजली निशुल्क का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य में बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा की दिशा में उठाये गये कदम की जानकारी ली। उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कहा। सभी जिलों के डीसी को एक ही जगह पर 60 से 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि 20 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट लगाया जा सके।

### ऊर्जा विभाग की समीक्षा

### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश:

- राज्य में किस फीडर से कितनी बिजली बेची जा रही है और कितना रेवेन्यू आ रहा है इसका आकलन किया जाये।
- बिजली बिल से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए ज्यादा संख्या में सर्टिफिकेट अफसर रखें और ज्यादा बकायेदारों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें।

# प्रवासी मजदूरों के लिए 10 लाख रुपये का बनेगा फंड: मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा की। इस क्रम में उनका फोकस रोजगार पर रहा। इसके अलावा मजदूरों के हित में क्या कदम उठाये जा सकते हैं इस पर विशेष ध्यान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर प्रवासी मजदूरों के लिए 10 लाख रुपये तक का फंड बनाया जायेगा। जिसमें किसी प्रवासी मजदूर की मौत हो जाती है तो उसके आश्रितों को तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जायेगी।

### श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश:

- राज्य के जिन आइटीआइ भवन का इस्तेमाल सीआरपीएफ अथवा आइआरबी के द्वारा रहने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, उन्हें खाली कराने का निर्देश।
- सीआरपीएफ एवं आइआरबी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी उपायुक्तों को दिया गया निर्देश।

ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack - 753 006, (Odisha), India
Phone : 0671-2367768-783, Fax : 2367663
NRRI
ICAR

Advertisement No. 18/YP-I/2022-23

Walk-in-Interview is to be held on 30.09.2022 for selection of one (01) Young Professional-I (YP-I) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Attracting and Retaining Rural Youth in Agricultural (ARYA)" (EAP-291). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website : https://icar-nrri.in

PRINCIPAL INVESTIGATOR

# विभागों की समीक्षा और सीएम के निर्देश

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण विभाग

- 'एक लाख रुपये तक के लोन के लिए किसी गारंटी की जरूरत नहीं'
- इस वर्ष 139 छात्रावासों का जीर्णोद्धार शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें 82 छात्रावासों का जीर्णोद्धार डीएमएफटी से किया जायेगा।
- प्रमंडल स्तर पर एक बड़ा और सुसज्जित छात्रावास निर्माण का कंप्रिहेंसिव प्लान तैयार करें।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आवेदन करने वाले लाभुकों की अधिकतम उम्र सीमा को बढ़ाकर 50 वर्ष करने का निर्देश।
- इस वर्ष नवंबर के अंत तक छात्रवृत्ति की राशि का वितरण कर देने का निर्देश।
- छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए बच्चे का बैंक में बचत खाता और आधार से लिंक होना अनिवार्य नहीं।
- बच्चे का खाता नहीं होने पर उसके अभिभावक के बैंक खाते में छात्रवृत्ति की राशि भेजी जाये।
- मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से एक पोर्टल बनाने का दिया निर्देश।
- मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अब जिला स्तर पर 25 हजार रुपये तक की सहायता राशि स्वीकृत करने की शक्ति दी गयी।

### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

- राज्य में जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक 61 लाख घरों में नल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य।
- हर घर जल योजना को ग्राम सभा द्वारा 15 दिनों में सर्टिफिकेशन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश।
- जल सहिया को समय पर मानदेय मिले, इसके लिए सभी डीसी को निर्देश।

### महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

- किसी घटना विशेष में पीड़ित अथवा पीड़िता का नाम और पहचान सार्वजनिक नहीं हो। इस दिशा में गाइडलाइन बनाने का निर्देश।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों को हर महीने की 5 तारीख तक पेंशन भुगतान करने का निर्देश।
- पेंशन धारियों के सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश।
- सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को को लाभ देने के लिए पोस्ट पहल करने के निर्देश।
- एनीमिया और कुपोषण की आधुनिक तकनीक से जांच कराने की पहल सुनिश्चित करने के निर्देश। इसे ग्राम स्तर पर सुनिश्चित किया जाये।

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

- पीएम किसान निधि योजना के लिए किसानों का अपडेट डाटा 30 सितंबर तक पूरा करने का निर्देश
- किसानों का ई- केवाइसी (बायोमिट्रिक ) करने के लिए सभी संबंधित मशीनरी का इस्तेमाल करने के निर्देश।
- वैसे खेत जिसपर बारिश कम होने की वजह से फसल नहीं लगायी जा सकी है, उस पर कृषि से जुड़े वैकल्पिक मैकेनिज्म तैयार करने का निर्देश।
- झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत अब तक 17 लाख किसानों के आवेदन मिल चुके हैं।
- लाभुकों को गायों के साथ अब पशुओं को रखने के लिए शेड भी उपलब्ध कराने के निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के साथ लाभुकों को वैसे पशु दिये जायें, जो उनके परंपरा के साथ जुड़े हुए हैं।

### खनन विभाग

- 15 अक्टूबर से बालू घाटों की बंदोबस्ती की जानी है। इस सिलसिले में सभी जिलों के उपायुक्त आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठायें।
- कोल ब्लॉकों को ऑपरेशनल बनाने के लिए कदम उठाया जाये। इसके लिए संबंधित जिलों के उपायुक्त इस दिशा में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ नियमित बैठक करें।
- चिह्नित किये गये नये पत्थर खदानों की समीक्षा करने के निर्देश

### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

- मॉडल स्कूल में अनुबंध आधारित बहाली प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश
- कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में खाली पड़े पदों को भरने के निर्देश
- लगभग 50 हजार शिक्षकों के पदों पर होने वाली नियुक्ति को लेकर जिला स्तर पर जल्द से जल्द रोस्टर क्लीयरेंस दिये गये निर्देश

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

- राज्य में पर्यटक स्थलों को लेकर टूरिस्ट गाइड बनाने के निर्देश।
- राज्य के सभी प्रखंडों में स्टेडियम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये गये निर्देश।
- राज्य सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च पर्यटन नीति और खेल नीति में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जिला स्तर पर कार्रवाई करें।

### पथ निर्माण विभाग

- पथ निर्माण से जुड़ी सभी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश।
- राज्य में एनएचएआइ की सड़कों पर 18 जगह बाईपास बनाये जायेंगे। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश।
- जिन रैयतों की जमीन सड़क परियोजनाओं के लिए ली गयी है, उनके बीच बची हुई राशि का भुगतान जल्द करने के निर्देश।

### कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग

- पिछले वर्ष नवंबर में आयोजित आपके अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो आवेदन मिले थे। उनमें जो लंबित रह गये थे, उन आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने के दिये गये निर्देश।
- सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र स्कूल के माध्यम से निर्गत करने के लिए चल रहे अभियान को गति देने का निर्देश।

## दुर्गापूजा स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर धुरकी के लोग आंदोलित

# गढ़वा के टाटीदीरी में लोगों ने सीओ, थानेदार और सीआइ को बनाया बंधक

**मामले को सुलझाने का आश्वासन मिलने के बाद दो घंटे बाद मुक्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव में दुर्गा पूजा स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर टाटीदीरी के ग्रामीणों ने सोमवार को धुरकी के अंचलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, थानेदार सदानंद कुमार, सीआइ विभूति नारायण सिंह तथा राजस्व कर्मचारी को करीब दो घंटे तक बंधक बनाये रखा। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के बाद ग्रामीणों ने सभी को शाम करीब छह बजे मुक्त किया। इसके बाद इन अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



### विवादित जमीन पर पहले लोग करते थे दुर्गा पूजा

टाटीदीरी गांव में एक नंबर प्लाट भूमि शंभु प्रसाद गुप्ता का है, जिसमें मकान बन गया है तथा कूप भी है। ग्रामीणों का दावा है कि पूर्व में उक्त स्थल पर दुर्गा पूजा का आयोजन होता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त भूमि मौखिक रूप से दान दी गयी है, लेकिन इस जमीन पर शंभु प्रसाद गुप्ता ने कब्जा कर लिया है। ग्रामीण इस जमीन को मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं।

### दो घंटे तक ग्रामीणों ने सड़क को रखा पूरी तरह जाम

लेकिन जब अधिकारी मामला नहीं सुलझा पाये, तो आक्रोशित ग्रामीणों ने टाटीदीरी डंडई मार्ग को दो घंटे तक जाम कर दिया। मामला सुलझाने तथा कथित अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग करने लगे। इतना ही नहीं सभी अधिकारियों को बंधक भी बना लिया। ग्रामीणों ने शाम चार बजे से छह बजे तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त स्थल पर घेर कर रखा। उन्हें कहीं नहीं जाने दिया।

### विवाद सुलझाने का आश्वासन के बाद अधिकारियों को छोड़ा

उधर, सीआइ विभूति नारायण सिंह ने बताया कि विवादित भूमि की मापी करने आये थे। ग्रामीणों ने सभी को रोक लिया था। ग्रामीणों की मांग है कि भूमि अतिक्रमण मुक्त कर तथा सरकारी राशि से निर्मित कूप को आम जनता के लिए खुला छोड़ दिया जाये। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया। इसके बाद उन्होंने सभी अधिकारियों को छोड़ा। इस मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही कोई रास्ता निकल आयेगा। उधर, शंभु गुप्ता का दावा है कि यह जमीन उनकी है।

# झारखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के लिए नियुक्त किये प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भारत जोड़ो यात्रा के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने कंट्रोल रूम कमेटी का गठन किया है। कमेटी ने पांचों प्रमंडल के लिए अलग-अलग नियुक्त की गयी है, इसके प्रभारी भी अलग-अलग होंगे।

**कंट्रोल रूम कमेटी का गठन किया गया**

राजधानी के पार्टी मुख्यालय में सोमवार को हुई प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम कमेटी की बैठक संयोजक केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रखंड, पंचायत, बूथ स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा आयोजित कर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रमंडल वार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

पलामू प्रमंडल के प्रभारी डॉ एम तौसीफ को बनाया गया है जबकि उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी विनय सिन्हा दीपू को, दक्षिणी छोटानागपुर प्रभारी सतीश पॉल मुंजनी को, कोल्हान प्रमंडल के प्रभारी आभार सिन्हा, संथाल परगना के प्रभारी राकेश किरण महतो को बनाया गया है। इसके अलावा कंट्रोल रूम मुख्यालय के प्रभारी केशव महतो कमलेश, रविंदर सिंह, राजीव रंजन प्रसाद राकेश सिन्हा और नेली नाथन को बनाया गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि सभी प्रभारी संबंधित जिला संयोजकों, जिलाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर एक दिन का भारत जोड़ो यात्रा का रूट चार्ट 12 से 15 किमी तक का प्रारंभ से समापन मिनट टू तैयार कराकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करेंगे।

## हमारी सुनो : पंचायत सचिव अभ्यर्थी कई साल से नियुक्ति को लेकर कर रहे संघर्ष

# अनूप सिंह से मिलने पहुंचे पंचायत सचिव अभ्यर्थी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर पंचायत सचिव अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेरमो विधायक अनूप सिंह से मुलाकात की। अनूप सिंह के कचहरी स्थित आवास पर सोमवार को अभ्यर्थी पहुंचे। पंचायत सचिव अभ्यर्थी पिछले कई सालों से अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। पिछले दिनों हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक वाले दिन भी इन अभ्यर्थियों को उम्मीद थी कि उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो सकता है।

### सीएम ने दिया था आश्वासन

बता दें कि पिछले दिनों पंचायत सचिव परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को कहा था कि वह चिंता ना करें, सरकार उनके विषय में सोच रही है। पंचायत सचिव अभ्यर्थियों के पक्ष में कांग्रेस के कई विधायक सहित माले विधायक विनोद सिंह भी मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। पिछले सप्ताह ही अभ्यर्थी मंत्री आलमगीर आलम से भी मुलाकात कर चुके हैं। पिछले दिनों विधायक विनोद सिंह ने पंचायत सचिव अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी की थी। वहीं सोमवार को भी सभी पंचायत सचिव अभ्यर्थियों की नजर कैबिनेट की बैठक पर बनी रही। उन्हें उम्मीद थी कि कैबिनेट की बैठक से उनके लिए जरूर कोई खुशखबरी आयेगी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की खेल प्रतिभा को तराशना मेरी प्राथमिकता : अंबा प्रसाद



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद ने बेलतू पंचायत के जमीरा खेल मैदान में नवयुवक फुटबॉल टूनार्मेंट कमेटी जमीरा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर विजेता और उपविजेता को सम्मानित करते हुए टूनार्मेंट में शामिल सभी खिलाड़ियों की प्रोत्साहित किया। इस टूनार्मेंट में 32 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला मनातू एवं चीनाटाड के बीच हुआ जिसमें चीनाटाड की टीम विजयी रही और तीसरे स्थान पर पतरा कला की टीम रही। टूनार्मेंट का मैन ऑफ द सीरीज पहल गंझू, मैन ऑफ द मैच शरद कुमार घोषित किए गए। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। हमारे राज्य में खेल में अद्भुत प्रतिभाएँ हैं। विभिन्न खेलों में हमारा राज्य देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हमारे वहाँ प्रतिभा का भंडार है जिसे तराशने तथा खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकता है। राज्य सरकार ने झारखण्ड खेल नीति 2022 लागू कर दिया है। आने वाले समय नीति से राज्य के हुनरमंद खिलाड़ियों को लाभ होगा। नीति में ग्रामीण खेल को भी बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। महागठबंधन सरकार द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए सम्मान राशि की घोषणा की गई है। खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति दी गई है। मैं सभी उभरते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों से कहना चाहूँगी कि मैं उनकी सहायता के लिये सदैव तत्पर हूँ और उनके लिए मैं सभी आवश्यक कदम उठाऊँगी मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पंचायत अध्यक्ष मकसूद आलम, सलामत अंसारी, फुटबॉल कमेटी के अध्यक्ष संजय ऋषि, सचिव बजिंदर सिंह, कमेटी संचालन उल्फत हुसैन, कोषाध्यक्ष मोहम्मद जहांगीर, उप सचिव मोहम्मद जुबेर, उपाध्यक्ष मोहम्मद जमशेद, रेफरी राजेश सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## प्रगतिशील मगही समाज की केंद्रीय कमिटी की बैठक आयोजित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आनंद पूरी कॉलोनी मे प्रगतिशील मगही समाज का एक दिवसीय बैठक हुआ। जिसमें हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, गया, पटना, औरंगाबाद के कई लोगों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्राउटिस्ट सर्वसमाज के महासचिव सुशील रंजन मौजूद थे। उन्होंने कहा की मगध का इतिहास से मगध का गौरव गाथा जाना जा सकता है। आगे उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा 1932 खतियान का निर्णय का स्वागत योग्य है। इसे मगही समाज नियोजन नीति में लाने की मांग करती है। मगही समाज के महासचिव रवि प्रसाद ने कहा की देश आजादी के बाद भोगवादी और पूंजीवाद के मॉडल को अपनाकर बेकारी और असंस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा। पंचसाखा सचिव देवकी प्रसाद ने कहा की मगध है खनिज संसाधनों से भरा पड़ा है। उपजाऊ कृषि क्षेत्र होने के बावजूद व्यवस्था ठप है। जिसके कारण रोज रोजी रोटी के लिए लोग बाहर पलायन कर रहे हैं। महानगरों में भी इन्हें अपमानित किया जाता है। सहकारिता के अंतर्गत लाकर विकेंद्रित अर्थव्यवस्था लागू किया जाए। जिला सचिव धनंजय कुमार ने कहा की सत्ता परिवर्तन का खेल पिछले 73 वर्षों से हो रहा है। लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। उपरोक्त सारी समस्या का समाधान के लिए बैठक किया गया। बैठक में जिला संगठन सचिव मनोज मेहता, डॉ सुरेश कुमार साव, सुरेश प्रसाद, राजू रजक, बालेश्वर मेहता, दिलीप, धनंजय, प्रमोद, जगदेव गुप्ता, मुरली ठाकुर, शंकर, अयोध्या, तापेश्वर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी केरेडारी मण्डल के नेताओं ने केरेडारी थाने में नव पदस्थापित थाना प्रभारी साधन चंद्र गोराई से मुलाकात कर इन्हें अंग वस्त्र देकर स्वागत किया । बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का दल केरेडारी थाने पहुँच कर थाना प्रभारी से मुलाकात कर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने कहा की यह एक शिष्टाचार भेंट था वही नए थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई भी उत्साहित दिखाई दिए व कहा की क्षेत्र की जनता के साथ सामन्जस्य बिठाकर काम करना हमारी प्राथमिकता होगा ।मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव,केरेडारी सांसद प्रतिनिधि बद्री नारायण सिंह,बैजनाथ तिवारी,युवा मोर्चा के जिला मंत्री अमित प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शेर सिंह उर्फ सुनील सिंह,महा मंत्री पवन कुमार रजक,प्रदीप सिंह,मनीष पांडे व आशीष कुमार मौजूद थे ।

## सामूहिक प्रयास से सफल रहा स्थापना दिवस कार्यक्रम



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय यह कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने सोमवार को स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए गठित कोर कमेटी के सदस्यों के साथ के सदस्यों के साथ बैठक की। कुलपति सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद देते हुए डॉक्टर देव ने कहा कि उनके सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ है इसलिए मुक्त कंठ से इसकी प्रशंसा करते हुए उनकी समर्पण सेवा और उत्तरदायित्व का भली-भांति निर्वाहन किए जाने की सराहना करता हूं। कुलपति ने कहा कि इस सफलता का सारा श्रेय कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्यों को देता हूं जिन्होंने अपनी सूझबूझ और अनुभव से स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाया है। कुलपति के साथ शिक्षकों ने भी अपनी बातें रखें तथा कहा कि कार्यक्रम शांतिपूर्वक और सही ढंग से निर्धारित समय सीमा के भीतर संपन्न हुआ यह टीम के सदस्यों की कर्तव्य परायणता का बोध कराता है। शिक्षकों ने इसके लिए कुलपति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सारा कुछ उनके कुशल नेतृत्व का प्रमाण है। मौके पर छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉक्टर अंबर खातून, कुल सचिव डॉक्टर बीके गुप्ता, डॉ नमिता गुप्ता ,डॉ आर एन सिन्हा डॉ चंद्रशेखर सिंह डॉ अशोक कुमार मंडल डॉक्टर गंगानाथ झा, डॉ कौशलेंद्र कुमार, डॉक्टर के के गुप्ता, डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉक्टर विकास कुमार, डॉ सुरेश जैन, डॉ विनोद रंजन ,डॉ केदार सिंह, डॉक्टर डॉ प्रनीता ॉक्टर सुबोध सिंह समेत कोर कमेटी के सदस्यगण काफी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी पी आर ओ डॉक्टर प्रमोद कुमार ने दी।

## ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस की बैठक

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक रविवार को मसरातु मदरसा के प्रांगण में हुई। बैठक का उद्देश्य मोमिन कॉन्फ्रेंस का विस्तार हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों और अंचलों में करना है । बैठक में उर्दू स्कूलों में उर्दू शिक्षक की बहाली हजारीबाग के अंचलों में जमीन के दाखिल खारिज, छढउ, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र समय पर नहीं होने और बिना घुस दिए काम नही होने के खिलाफ विभिन्न अंचलों के कार्यालय के समक्ष धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही गई है। एक अक्टूबर 2022 को शेख भिखारी की यौमे पैदाइश मानने का निर्णय लिया गया है जिसमे जिला अध्यक्ष काजिम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष जहांगीर अंसारी, बाबर अंसारी, कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष तस्लीम अंसारी, राज्य सचिव गुलाम यजदानी साहब, कोषाध्यक्ष बाबर अंसारी, जिला महामंत्री मोहम्मद तौफीक अंसारी, राज्य महासचिव सलीम रजा साहब, अब्दुल वदूद, मासूक अंसारी, इजहार अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी सबा करीम एव ग्रामीण मौजूद थे।

## देश के विकास के लिए सबों को मिलजुल कर कार्य करना होगा : गोविंद मेहता

**इचाक (आजाद सिपाही)।** सीपीआई नेता गुंजा निवासी गोविंद प्रसाद मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड -बिहार देश के राजनीतिक का हब है। झारखंड बिहार के पवित्र भूमि में भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ। झारखंड बिहार से पहला राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद बने। बिहार झारखंड के धरती से जय प्रकाश नारायण का आंदोलन शुरू हुआ तो दिल्ली का सत्ता परिवर्तन हुआ। बिहार से ही डॉक्टर लोहिया का जन्म हुवा, इन्हीं के विचारों को हमलोगों को अमल करना चाहिए। यहीं से करपूरी ठाकुर का जन्म हुआ। बिरसा मुंडा का जन्म, तिलकामांझी, जगजीवन राम, जैसे नेता का जन्म हुआ, जो राजनीतिक तौर पर एक देश स्तर पर आंदोलन खड़ा कर मिसाल कायम किए और इन महापुरुषों ने लड़ाई कर अंग्रेजों को मार भगाया। झारखंड बिहार पहले एक राज्य में था तो हम लोग एक थे 2000 में झारखंड राज्य सिर्फ अलग हुआ है, दिल से जुड़ाव हम लोगों का रहेगा। देश के विकास के लिए सबों को धर्म जाति से उठकर और मिल जुल कर कार्य करना होगा तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा। इनके बातों का वजीर मेहता, विशेश्वर मेहता, सुरेंद्र मेहता, प्रदीप मेहता, रिंकू कुमार समेत कई लोगों ने समर्थन किया है।

## उत्पाद विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पांच महीने से नहीं मिला मानदेय

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ के जिला संयुक्त सचिव प्रेस व्यान जारी कर बताया कि कोडरमा जिला के उत्पाद विभाग के आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों के समक्ष मानदेय भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कर्मचारियों को एक ओर तो पांच माह से मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा वहीं दूसरे तरफ गैरकानूनी कार्य करने के लिए दबाब दिया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा गैरकानूनी नहीं किए जाने पर कंपनी के द्वारा कर्मचारियों को हटाने एंव केश मे फंसा देने की धमकी दी जाती है। विदित हो कि ईगल हंटर सौलूशन लिमिटेड रांची के माध्यम से आऊटसोर्सिंग के द्वारा चार मई 2022 से इस जिला मे कुल 60 दूकान प्रभारी व दुकान सहायकों को कोडरमा जिला के विभिन्न उत्पाद दुकानों मे रखा गया है। इन कर्मचारियों को न समय पर मानदेय दिया जा रहा है। न हीं कर्मचारियों को अब तक नियुक्ति पत्र, एकरारनामा और ईपीएफ का कटौती का विवरणी दिया गया है जिससे कर्मचारियों मे घोर निराशा की भावना हो गयी है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्राम पांडेडीह में भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा नि:शुल्क जांच शिविर लगवाया गया। जांच के साथ साथ नि:शुल्क दवा का भी वितरण करवाया गया एवं नि:शुल्क रक्त जांच भी करवाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकताओं द्वारा पंद्रह दिनों तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके निमित यह कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के जेनरल फिजिशियन डॉ अभिषेक कुमार, डॉ कुमार सौरभ, सर्जन सह हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कांत पांडेय, सर्जन सह प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूपा कुमारी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार एवं डॉ मनीषा भारती लोगों को सेवा देने के लिए उपस्थित थे। लगभग पांच सौ की संख्या में स्थानीय रोगियों ने अपना जांच करवाया और नि:शुल्क दवा प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव थे। उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने फीता काटकर किया।

## चंदवारा थाना प्रभारी से नाराज कांग्रेस विधायक धरना पर बैठे, लगाया वसूली का आरोप

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना प्रभारी अनिल सिंह के रवैये ओर कार्यशैली से नाराज बरही विधायक उमाशंकर अकेला सोमवार को अपने समर्थकों के साथ थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया कि चंदवारा निवासी राधा मसोमात की यहां के कुछ लोगो के द्वारा पिटाई कर दी गयी थी. जिसके बाद पीड़ित महिला थाना पहुची जहां उसे न्याय नही मिला। जिसके बाद वो मेरे पास आई, मैं पीड़ित महिला को लेकर पुलिस अधीक्षक के पास गया जिसके बाद मामला दर्ज हुआ। मामले के लगभग 5 दिन बीतने के बाद थाना प्रभारी द्वारा किसी की भी गिरफ्तारी नही हुई जिसको लेकर मैं धरने पर बैठा। इस दौरान इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी की मौजूदगी में थाना के एएसआई रंजीत झा मेरे साथ आकर बहस करने लगे। उनके खिलाफ शिकायते आयी है कि वो कहते है मुझे पिटाई करने का लाइसेंस मिला है। पूर्व में इन पर घूसखोरी का आरोप लगा है जिसमें ये जेल भी गए हैं। थाना प्रभारी व इनके द्वारा लोगो पर खूब अत्याचार किया जाता है, परेशान किया जाता है व गाड़ियों से वसूली करते है। सभी की मिलीभगत से चंदवारा थाना में गुंडागर्दी चरम सीमा पर है। उरवां के एक चना बेचने वाले के यहां छापेमारी कर परेशान किया जाता है, जबकि थाना क्षेत्र के कई होटलो में इनके इशारे पर शाम की महफिल लगती है। इनके इस कार्यशैली की शिकायत विधायक उमाशंकर अकेला ने मुख्यमंत्री, डीजीपी व पुलिस अधीक्षक को भी की। जिसके बाद एएसआई रंजीत झा को निलंबित कर दिया गया है व मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक को दी गयी है। बताते चले कि थाना प्रभारी पर केस दर्ज न करने का पीड़ित महिला का आरोप कोई नया नही है। पहले भी इस तरह के आरोप लगे हैं। धरना के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अज्जू सिंह, राजकुमार यादव, मनोज सहाय, प्रमोद वर्णवाल, अशोक सिंह, प्रमोद वर्मा, द्वारिका यादव, दिलीप राणा समेत कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़कागांव में कौशल दीक्षांत समारोह संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय के आदेश पर एनटीपीसी आईटीआई परिसर में कौशल दीक्षांत कार्यक्रम दिनांक 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के दिन कराया गया। कौशल दीक्षांत समारोह के लिए भारत सरकार के निदेर्शानुसार वर्ष 2022 में सफलतापूर्वक पास छात्रों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कौशल दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना के वरीय प्रबंधक श्री देवराज आनंद थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन के वरीय प्रबंधक जीत सिंह सिद्धू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में छात्रों को कहा की हुनर है तो कदर है, इसलिए सदैव अपने हुनर को निहारते रहना है। मुख्य अतिथि ने तीन व्यवसाय क्षेत्र के प्रशिक्षुओं को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय से सतीश कुमार, फिटर व्यवसाय से श्रवण कुमार एवं वेल्डिंग व्यवसाय से शिवा कुमार राणा। रजत पदक प्राप्त करने वाले इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से अभय कुमार नायक, फिटर व्यवसाय से इंद्रदेव कुमार दास, एवं वेल्डिंग व्यवसाय से सिकंदर कुमार। कांस्य पदक प्राप्त करने वाले इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से विशाल कुमार, फिटर व्यवसाय से शंकर कुमार एवं वेल्डिंग व्यवसाय से जयराम कुमार महतो को सम्मानित किया गया। अन्य सभी छात्रों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं प्रधानाचार्य के द्वारा प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा विश्व निमार्ता शिल्पकार स्तुति से की गई। संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह के स्वागत भाषण के साथ शुरूआत की तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन अनुदेशक प्रदीप कुमार ने किया एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। धन्यवाद ज्ञापन संदीप कुमार मौर्या ने किया। कार्यक्रम के दौरान दीक्षांत समारोह के आयोजक इरफान अंसारी, अनुदेशक मुकेश कुमार, अनुदेशक विकास चौरसिया, अनुदेशक अमरीश विद्यार्थी, अनुदेशक तरुण रंजन अनुदेशक जावेद अख्तर अनुदेशक महेश नायक अनुदेशक श्रीनाथ श्री पाठक, संजीत मेहता प्रदीप कुमार सुनील सिंह रवि कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी की हुई बैठक

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उतरी पंचायत भवन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी की बैठक की गयी। बैठक कि अध्यक्षता कुंजलाल महतो व संचालन पंचायत समिति सदस्य लखन महतो ने किया. मुख्य अतिथि राज्य कमेटी सदस्य कृष्ण कुमार एवं बरकट्ठा अंचल सचिव आनंद कुमार पांडेय मौजूद थे. बैठक का आयोजन अंचल कमिटी पुनर्गठन एवं हजारीबाग में होने वाली पार्टी के कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर की गई. बैठक में सर्वसम्मति से आनंद कुमार पांडेय को दुबारा अंचल सचिव, सहायक सचिव कुंजलाल महतो तथा कोषाध्यक्ष हरिलाल मांझी को चुना गया. इस अवसर पर बैठक में परमेश्वर चौधरी, वजीर महतो, सहदेव महतो, अजीत पांडेय, भुवनेश्वर रविदास, महेश विश्वकर्मा, विश्वनाथ रविदास, दामोदर दास, जागेश्वर राणा, बबलू पांडेय, अर्जुन तुरी, हरिलाल मांझी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मोनिका कुमारी मौत मामले का एक अभियुक्त रौशन सिंह गिरफ्तार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन गांव निवासी मोनिका कुमारी पति कुलदीप प्रसाद मेहता की मौत गुरुवार को महिंद्रा फाइनेंस के रिकवरी एजेंट द्वारा एनएच 33 के बरियठ में गाड़ी चढ़ा देने से हो गई थी। इस मामले को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों लोग शव को फाइनेंस कंपनी के दफ्तर के नीचे रख प्रदर्शन भी किया था, मगर कंपनी के कर्मी इससे पूर्व कार्यालय बंद कर रफूचक्कर हो गए थे। मोनिका अपने पिता सिझुवा गांव निवासी मिथलेश मेहता के ट्रैक्टर को रिकवरी एजेंट के हाथों से बचाने आई थी। रिकवरी एजेंट मिथलेश मेहता के ट्रैक्टर को किस्त नही चुकाने के एवज में सीज कर हजारीबाग ले जा रहे थे। घटना के पांचवे दिन सोमवार को घटना का एक अभियुक्त रौशन सिंह को इचाक पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया की घटना के बाद से पुलिस लगातार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से रौशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ अन्य अभियुक्तों के धर पकड़ के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## अफवाह पर नहीं दें ध्यान प्रशासन को करें सूचित : थाना प्रभारी



**बड़कागांव (आजा सिपाही)।** बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा है कि किसी प्रकार की अफवाह ग्रामीणों को मिलती है तो तुरंत प्रशासन को खबर करें। प्रशासन अपने स्तर से उसकी जांच पड़ताल कर अविलंब कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अफवाह के कारण गांव के लोग कानून अपने हाथ में लेकर कोई बड़ा घटना का अंजाम दे देते हैं और उसमें बेवजह ग्रामीण बाद में परेशानी उठाते रहते हैं। इसलिए मैं थाना क्षेत्र के तमाम लोगों से अपील करता हूं कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अफवाह यदि आपके कानों तक जाती है तो तुरंत ही प्रशासन को सूचित करें।

### आरके प्राइवेट आइटीआइ बड़कागांव में दीक्षांत समारोह आयोजित

## 9 विद्यार्थियों को चेक देकर किया गया सम्मानित



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय के आदेश पर आरके प्राइवेट आईटीआई ब्लॉक मोड़ बड़कागांव परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2020-22 में सफल पास छात्राओं को ट्रेड सर्टिफिकेट वितरण किया गया। नियमित क्लास करने वाले विद्यार्थियों के हौसला को बढ़ाने के लिए संस्थान के निर्देशक राकेश मेहता के द्वारा चेक वितरण किया गया, इलेक्ट्रीशियन से टॉप 3 विद्यार्थी सूरज कुमार तिवारी, कुलदीप कुमार महतो,अमित कुमार एवम फिटर से टॉप 3 विद्यार्थी राजन कुमार ठाकुर, नीरज प्रजापति व आयुष राम इन सभी विद्यार्थियों को चैक, पुरस्कार और सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रतिनिधि मो. इब्राहिम विशिष्ट अतिथि पॉलीटिकल साइंस स्केनर के लेखक विपिन कुमार, विद्यासागर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक रामचरित्र प्रसाद, समाजसेवी सोनू उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा के बड़कागांव में रोजगार के असीमित संसाधन है इसलिए इस क्षेत्र के विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा एवं खासकर आई.टी.आई से जरूर जुड़े, लेखक बिपिन कुमार ने कहा कि हमारा बड़कागांव क्षेत्र शिक्षा में पूरे राज्य में परचम लहराए हुए हैं साथ ही साथ बड़कागांव के युवाओं का अहम योगदान रहा है आईटीआई विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास निशुल्क के साथ-साथ आईटीआई में किसी भी प्रकार की सहायता करने की बात कही साथ में देश और राज्य में परचम लहराने का काम करें, रामचरित्र प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी मैट्रिक के बाद साधारण पढ़ाई करके अपना समय खराब ना करें और सीधे तकनीकी शिक्षा से जुड़कर आई.टी.आई करके कम समय में रोजगार से जुड़े। मौके पर संस्थान के प्राचार्य सोहेल खान अनुदेशक विकास कुमार एवं अन्य अनुदेशकों के द्वारा बारी-बारी से विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा को लेकर के अलग-अलग क्षेत्रों में मार्गदर्शन दिया गया जिससे विद्यार्थी अपना बेहतर भविष्य का चुनाव कर सकते हैं सत्र 2020-22 में सफल होने वाले 48 विद्याथीयों के साथ अभिभावक शामिल हुए एवं सत्र 2021-23 में 52 विद्यार्थियों के साथ अभिभावक शामिल हुऐ इसमें इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से टॉप 3 विधार्थी खेलावन कुमार,अभिषेक कुमार अजीत कुमार एवम गौरव कुमार एवम फिटर ट्रेड से टॉप 3 विद्यार्थी आकाश कुमार,पुरेंद्र कुमार,मनोहर सिंह इन सभी विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष का मार्कशीट के साथ मेडल और पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया एवं प्रोग्राम को सफल बनाने में अन्य कर्मचारी और विधार्थी उपस्थित हुए।

## बड़कागांव में संतानों की दीघार्यु जीवन व पूर्वजों की याद में मनायी गयी जिउतिया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागॉव प्रखंड तथा आसपास के क्षेत्रों में संतानों की दीघार्यु जीवन एवं पूर्वजों की याद में जिउतिया पर्व मनाया गया ।माताओं ने 24 घंटे निर्जला उपवास कर संतानों की सुरक्षा हेतु जीवित्पुत्रिका (जिउतिया ) पूजा की ।मड़ुवा की रोटी ,सात प्रकार के सब्जियों व चावल का प्रसाद को चढ़ाकर पूजा अर्चना किया ।वहीं बड़कागांव का प्रत्येक घरों में पूर्वजों के याद में पूजा अर्चना किया गया ।एवं नदी व तालाबों में जाकर लोगों ने स्नान किया। एवं पूर्वजों के नाम पर दतवन, दूध ,जल तेल, खरी चढ़ाया गया ।नदी से घरों में आकर लोगों ने अपने-अपने पूर्वजों के नाम दीवारों में सिंदूर का टीका लगाया। मडुवा की रोटी एवं सात प्रकार के सब्जियों को चढ़ाया गया ।कई गॉवों में महुआ शराब का टपान गिराया गया। बड़कागांव प्रखंड के खैरातरी,चोरका , पंडरिया, जोरकाठ, निमिया टोला, आंगों झिकझोर, में झूमर आयोजन किया गया. देर शाम तक लोग लोकगीत, ढोल, नगाड़ा के साथ नृत्य करते रहे।

## उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित हुए सुरेश सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया सेवानिवृत्त पुस्तकालय अध्यक्ष श्री सुरेश सिंह पिता स्वर्गीय तपेश्वर सिंह को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 31 वा स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। श्री सुरेश सिंह 80 वर्ष की उम्र को पार कर चुके हैं उसके बावजूद कार्य के प्रति उनकी लगन काबिले तारीफ है ! सुरेश सिंह ने कहा कि माननीय कुलपति द्वारा 80 वर्ष के ऊपर सेवानिवृत्त हो चुके कर्मियों को सम्मानित करना सराहनीय पहल है। इससे पहले ऐसा किसी भी कुलपति द्वारा नहीं किया गया है। इसके लिए कुलपति महोदय को बहुत बहुत धन्यवाद।

## जनसेवकों को मिला कृषि कार्य प्रभार : प्रखंड कृषि पदाधिकारी

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** आत्मा कर्मी, तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक समेत सभी कृषि मित्रों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के कारण वर्तमान में चल रहे फसल राहत योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि ईकेवाईसी, सुखाड़ से संबंधित योजना को प्रभावित ना होने तथा नियमित रूप से किसानों को सुविधा उपलब्ध होने को लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ने प्रखंड के जनसेवकों को उक्त कार्य हेतु प्रभार सौंपा है और प्रखंड के तमाम किसानों से अपील की है कि अपने कार्यों के प्रति रूचि दिखाएं और किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रखंड कार्यालय आकर सीधे तौर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें ताकि आपके कार्यों का निष्पादन नियमित रूप से किया जा सके आगे उन्होंने बताया कि प्रखंड के जनसेवक पद पर कार्यरत अरविंद कुमार कौशल, पंकज कुमार गुप्ता, शंकर चंद्र महतो , एवम भास्कर राज को लिखित आदेश भी दी जा चुकी है और वे सभी बीते 3 सितंबर से अपने कार्यों के प्रति मुस्तैद हैं उक्त आशय की जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि कुमार रंजन ने दी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# बेबी हेल्थ शो में जूनियर और सीनियर प्रतिभागियों ने लिया भाग

**बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए जंक फूड और बाहर के खानों से रखे दूर : डॉ बेरलिया**



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अग्रवाल समाज रामगढ़ कैंट के तत्वधान में आयोजित चट्टी बाजार स्थित श्री मारवाड़ी धर्मशाला 9 दिवसीय श्री श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के दूसरे दिन बेबी हेल्थ शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 0 से 1 वर्ष तक एवं सीनियर 1 से 3 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका सिंपल बेरलिया और रमा अग्रवाल थी। जबकि सखी सहेली की संयोजिका आशा चौधरी और प्रिया अग्रवाल थी। बेबी हेल्थ शो में जूनियर और सीनियर मिलाकर 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जबकि सखी सहेली में 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान बेबी हेल्थ शो को संबोधित करते हुए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एके बेरलिया ने बताया कि 6 माह तक अपने बच्चों को मां का दूध का ही सेवन कराए और कुछ भी देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर 2 सालों तक मां का दूध ही बच्चों को पिलाया जाए तो इससे बेहतर बच्चों के लिए कुछ भी नहीं हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखें, तभी बच्चे स्वस्थ हो सकेंगे। इसके अलावा जंक फूड और बाहर के खाने से बच्चों को बचाना ही अभिभावकों का काम है। चुकी जंक फूड और बाहर के खाने से बच्चों पर साइड इफेक्ट फैलने की संभावना ज्यादा होती है। इस दौरान कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हौसला अफजाई की।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित**

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नानूराम गोयल, मंत्री शंकरलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त मंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास शाहा, भंडारी अनिल सुरेका, जयंती संयोजक पंकज बेरलिया, नरेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, आशा चौधरी, बॉबी गोयल, पिंकी गोयल, प्रिया अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रामा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुधा गोयल, सुमन गोयल, संजना अग्रवाल, सिंपल बेरलिया आदि उपस्थित थी।

## ईसीआरकेयू ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** 1968 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल में शहीद हुए रेल कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा में सोमवार संध्या को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभा के दौरान सैकड़ों रेलकर्मियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। सभा मे बतौर मुख्य अतिथि ईसीआरकेयू के अपर केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने कहा कि आज रेलवे में रेलकर्मियों के समक्ष अनेकों चुनौतियां हैं. उन्होंने कहा कि 19 सितंबर 1968 को आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर रेल कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन, मंहगाई भत्ते की तार्किक मुल्यांकन और काम करने का घंटों को निश्चित करने की मांग को लेकर रेल हड़ताल हुई। लेकिन, तत्कालीन केंद्र सरकार ने शांतिपूर्वक तरीके से हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर फायरिंग करवा दी थी। उक्त घटना में कुल 9 लोग जख्मी हुए थे जिसमें से पांच की मौत हो गई थी। मरने वालों में गामा नामक एक किन्नर था जो फायरिंग की चपेट में आ गया। बाकी चार में कामरेड गुरदीप सिंह, कामरेड लक्ष्मण शाह, कामरेड राज बहादुर व कामरेड देव राज थे। एआईआरएफ के नेतृत्व में रेलकर्मियों के जोरदार संघर्ष और शहादत भरे आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा और वेतन निर्धारण के लिए तीसरे वेतन आयोग का गठन हुआ जिसमें मंहगाई भत्ते के निर्धारण का फामूर्ले को भी मंजूरी दी गई. आज हम सभी को जो मंहगाई भत्ता और वेतन आयोग द्वारा वेतन निर्धारण की सुविधा मिल रही है वह 1968 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल का ही प्रतिफल है. वर्तमान परिदृश्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज रेलवे में रेलकर्मियों के समक्ष अनेकों चुनौतियां हैं. केन्द्रीय कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी नहीं है, खाली पड़े पदों पर बहाली नहीं की जा रही है, नये स्टेशन बनाए जाने और विद्युतीकरण होने पर भी मैनपावर में वृद्धि नहीं की जा रही है जिससे वर्तमान कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है, निम्न ग्रेड पे में काम कर रहे शंटमैन, खलासी, हेल्पर, आर्टिजन स्टाफ आदि कर्मचारियों को उच्च ग्रेड पे पर पदोन्नति की प्रक्रिया निर्धारित नहीं है, रनिंग कर्मचारियों को निर्धारित काम के घंटों के अतिरिक्त भी काम कराया जा रहा है, उन्हें पर्याप्त विश्राम नहीं मिल रहा है जिससे उनकी शारीरिक क्षमता प्रभावित हो रही है, रनिंग कर्मचारियों को लंबी सेवा अवधि के बाद भी आर्थिक उन्नयन का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

## कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रजरप्पा में होगी भव्य गंगा महाआरती : राजीव

**भव्य गंगा महाआरती को सफल बनाने को लेकर आयोजन समिति का हुआ गठन**



**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा स्थित प्रशासनिक भवन में रविवार को मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल एवं संचालन संतोष तिवारी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति का गठन का करते हुए कई नए सदस्यो को जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में पिछ्ले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 8 नवंबर 2022 को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य गंगा महाआरती कराने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में भैरवी नदी के तट पर भव्य गंगा महाआरती कराया गया था। समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने बताया की समिति के तत्वाधान में पिछ्ले वर्ष हुई गंगा महाआरती के भांति इस वर्ष ओर भी भव्य तरीके से कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें कई नामी गिरामी हस्ती शामिल होंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु अभी से हमलोगो ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष- राजीव जायसवाल, उपाध्यक्ष- रवि साहू, सचिव- शशी पांडे, सह-सचिव- संजय सोनकर, सुमीत कुमार, सोनू सोनी,धीरेंद्र कुमार, अंकित सिंह, दीपक बेदिया, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, सह-कोषाध्यक्ष प्रितम झा, मीडिया प्रभारी - बबली सिंह, अरविंद जयसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी- छोटू केवट, सचिन करमाली, राहुल पासवान, बिक्की महतो, विनित यादव, कार्यक्रम प्रभारी प्रितम झा, रमेश वर्मा, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, आरती प्रभारी- संतोष तिवारी, विधि व्यवस्था प्रभारी विकास यादव, रविन्द्र कुमार, अरुण साहू, व्यवस्थापक दीपक सिंह, सुमित सिंह, दामोदर सिंह, आईटी सेल प्रभारी - शशी सिंह, अमन राजा, स्वागत मंडली - सूरज कुमार, प्रवीण कुमार, कमल नायक, सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी- कृष्णा केवट, रंजन करमाली, सीएम महतो, सुरेश महतो, सोनू यादव, भोग वितरण प्रभारी संजीत महतो, पवन पटेल, प्रयोग कुमार पटेल, विकास कुमार महतो, भजन संध्या प्रभारी- सूरज वर्मा, महेश महतो, महेंद्र सिंह,आदि को चुना गया है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में दिव्यांगों को मिला कृत्रिम अंग व उपकरण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सिमरिया प्रखंड सभागार में दिव्यांगो को कृत्रिम अंग एवम् उपकरण का वितरण विधायक किशुन कुमार दास के कर कमलों से किया गया। देश में हर जगह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में नियोजित कार्यक्रम के तहत सोमवार को कार्यक्रम दिव्यांग के लिये सेवा स्वरूप में था। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, कृत्रिम अंग एवम् उपकरण वितरण कार्यक्रम के प्रभारी सह विधनसभा विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, सिमरिया सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रभारी मिथलेश गुप्ता, सिमरिया बीडीओ एवम् सीओ विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में 10 दिव्यांगो को बैटरी संचालित ट्राई साइकिल, 06 ट्राईसाईकिल, 05 व्हील चेयर, 06,वैशाखी,06 ईयर हियरिंग व कुछ अन्य उपकरण वितरण किया गया। बैटरी संचालित ट्राई साइकिल सीसीएल सीएसआर के तहत उपलब्ध कराया गया। जबकि बाकी सभी उपकरण समाज कल्याण विभाग से उपलब्ध हुआ। जिसका वितरण करते हुये विधायक ने दिव्यांगों के उज्वल भविष्य की कामना किया। जिन दिव्यांगों को बैटरी संचालित ट्राई साइकिल दिया गया। उनमें टंडवा प्रखंड के सोनू गुप्ता धनगडा, बीटू कुमार मिश्रौल, मनोज कुमार कुमडांग खुर्द, गुडडू गनझु सिमरिया, निकेश प्रजापति पथलगडा, हेमांशु कुमार मयूरहंड, जय हिंद विश्वकर्मा इटखोरी, शांति कुमारी गिधौर , बसंत कुमार कन्हाचट्टी के दिव्यांग को दिया गया। इस मौके पर सिमरिया मंडल भाजपा अध्यक्ष दयानिधि सिंह, टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, गिद्धौर मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, गिद्धौर सांसद प्रतिनिधि सह महामंत्री मनोज कुशवाहा,सिमरिया विधायक प्रतिनिधि सुधीर कुमार सिंह, भाजपा नेता अक्षयवट सिंह, उपेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, भागवत प्रसाद गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, पथलगड़ा सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, पथलगड़ा विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवम् सीसीएल सीएसआर पदाधिकारी मोहसिन रजा व अन्य उपस्थित थे। उपकरण मिलने के बाद सभी दिव्यांगो ने मोदी जी को उनके जन्मदिन पर धन्यवाद दिया। सांसद व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 80 लोगों की जांच



**कुजू (आजाद सिपाही)।** न्यू नोवा क्लिनिक कुजू ने एमआर कॉम्प्लेक्स में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में एमबीबीएस डीएनबी(ऑर्थो) हड्डी, जोड़, नस एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश्वर कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों से आये करीब 80 मरीजों का जांच की। साथ ही कई आवश्यक परामर्श दिया। बाद में जरूरत लोगों के बीच नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। वहीं, डॉ राजेश्वर कुमार ने कहा कि लोगों के इलाज के लिए आगे भी बीच-बीच में नि:शुल्क शिविर लगाया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में मो अख्तर, प्रीतम कुमार, रवींद्र कुमार, मुस्तकिम सिद्दीकी, मो आबिद, शेखर सिंह, सिकंदर महतो, आनंद गुरू, सरजू प्रजापति, हरि पटेल, पुनित महतो, रंजीत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## इटखोरी के प्रसिद्ध शहरजाम में आयोजित झूमर में मंत्री पहुचे, मांदर की थाप पर झूमे मंत्री

- **बच्चों को पढ़ाएं, आज के बच्चे कल के भविष्य हैं : मंत्री सत्यानंद भोक्ता**
- **झूमर मेला में मंत्री को देखने उमड़े जनसैलाब, लोगों ने खूब बनाई तालियां**



**चतरा (इआजाद सिपाही)।** जिले के इटखोरी प्रखंड के शहरजाम में आयोजित जितिया झूमर में दूर-दूर से लोग पहुचें। प्रखंड के एतिहासिक झूमर में मेले का आयोजन हुआ। शराब का सेवन नहीं करें और बच्चों को हरहाल मे पढ़ाएं। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। उक्त बातें राज्य के कैबिनेट मंत्री सत्यानन्द भोगता ने शहरजाम में अखिल भारतीय भुइँया समाज कल्याण समिति के द्वारा आयोजित जितिया मेला को सम्बोधित करते हुए कहा। मंत्री ने झूमर मेला में मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। मंत्री भोगता के आगमन पर समिति के लोगों ने मांदर, ढ़ोल नगाड़ों के थाप एंव पारंपरिक गीत के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री भोगता ने कहा कि हमारा भारत देश त्योहारों का देश है। झारखंड में स्थानीय स्तर पर कई त्योहार मनाने की परम्परा है। जिसमें एक जितिया त्योहार भी है। यह त्योहार झारखंड बिहार में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस तरह के मेले के आयोजन से लोगों में प्रेम, सद्भाव, आपसी भाईचारा बढ़ता है। हमसब मिलजुल कर त्योहार मनाना चाहिए। इसके साथ ही मंत्री श्री भोगता ने समाज के लोगों से अपील करते हुए शराब नहीं सेवन करने और बच्चों को हरहाल में पढ़ाएं।क्यूंकि आज के बच्चे कल के देश के भविष्य हैं। यही कारण है आज जिस ओर मंत्री का काफिला निकलता है, जनता उमण्ड पड़ती है।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष जगेश्वर यादव, दिनेश्वर भारती, भारती समाज प्रखंड अध्यक्ष मुकेश भुइँया, प्रखंड सचिव सरयू भारती, प्रेम भारती, प्रो शुशील कुमार वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र रजक, अनिता देवी, पार्वती देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## अंग्रेजी मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, शराब बनाने का सामान के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लगातार दूसरे दिन शराब माफियाओं के खिलाप पुलिस की बड़ी कार्रवाई**



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा में एक बार फिर अवैध संचालित मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने माफियाओं के आर्थिक श्रोत को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना पुलिस ने शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नकली अंग्रेजी शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्करों आशीष कुमार और नकुल कुमार को धर दबोचा है। थाना क्षेत्र के ब्रह्मणा जंगल से भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बनाने का सामान के पकड़ा गया है। प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम व थाना प्रभारी मनोहर करमाली के संयुक्त नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। साथ ही मौके से इम्पेरियल ब्लू कंपनी का 400 स्टिकर, पांच लीटर अंग्रेजी शराब बनाने का स्प्रिट जैसा तरल पदार्थ, 4790 विभिन्न कंपनियों का बोतल ढक्कन व 29 शराब का खाली बोत्तल जप्त किया गया है। वहीं अन्य फरार तस्करों की गिरफ्तारी को ले सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि जंगल मे अवैध शराब निर्माण की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली थी। जिसके बाद स्पेशल टीम बनाकर अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि ब्रह्मणा जंगल मे निर्मित नकली अंग्रेजी शराब के खेप को गिरफ्तार तस्कर बिहार समेत दूसरे राज्यों के मंडियों में तस्करी कर ऊंचे दामो पर खपाते थे। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनो तस्कर पूर्व में भी अवैध शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की गिरफ्तारी से गिरोह में शामिल शराब तस्करों को बड़ा आर्थिक चोट लगा है। उन्होंने बताया कि तस्करों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। अभियान में एसआई नईम अंसारी, एएसआई शशिकांत ठाकुर व रविंद्र ठाकुर समेत सशस्त्रबल के जवान थे शामिल।

## दिसंबर में देश-विदेश से जुटेंगे महात्मा गांधी स्कूल के पूर्ववर्ती विद्यार्थी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अपने पूर्ववर्ती विद्यार्थियों से तीन दशक के बाद एक बार फिर महात्मा गांधी हाई स्कूल भुरकुंडा गुलजार होगा। भुरकुंडा महात्मा गांधी हाई स्कूल के देश–विदेश के विभिन्न कोने में रहने वाले पूर्ववर्ती विद्यार्थी दिसंबर 2022 के अंतिम सप्ताह में करीब तीन दशक के बाद एक बार फिर जुटेंगे। स्कूल के 1990 बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का पुनर्मिलन समारोह दिसंबर 2022 के अंतिम सप्ताह में स्कूल परिसर में ही आयोजित होगी। उक्त निर्णय स्कूल के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की सुंदर नगर पंचायत भवन में आयोजित बैठक में ली गई। स्कूली जीवन के बाद पहली बार सामूहिक रूप से एकत्र होने पर खुशी जाहिर किया। साथ ही लोगों ने मिलकर कार्यक्रम के सफल आयोजन में अभी से जुट जाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थियों से अपने–अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई। ताकि एक–दूसरे के परिवार से सबका मिलना हो सके। बताया गया कि समारोह में विद्यार्थियों के साथ स्कूल के पुराने शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों के हाथों उन्हें सम्मानित किया जाएगा। मौके पर संजय अग्रवाल, इरशाद खान, संजय साहू, धनंजय साहू, सुधीर वर्मा, अनुपम पाठक, उमेश दांगी, सुभाष विश्वास, अरविंद सहाय, कजरू गंझु, योगेंद्र सिन्हा आदि मौजूद थे।

## मैट्रिक और इंटर में बेहतर करने वाले विद्यार्थी को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** संपूर्ण शिक्षा जागरण मंच की बैनर तले मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय बीचा एवं प्लस टू विद्यालय बरघुटूवा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पतरातू बीडीओ हलदर कुमार शेट्टी उपस्थित थे। समारोह में बीडीओ हलदर कुमार शेट्टी द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिचा के निवेश बेदिया एवं प्लस टू विद्यालय बरघुटूवा के सुलेखा कुमारी एवं महेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं कलन देकर सम्मानित किया गया। साथ ही राम किशन गंझू, तारकेश्वर मुर्मू, उमेश करमाली, मनोज साहू, पंकज कुमार राय को भी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति–पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अजीत, पहलू महतो, अजय, अरुण, सुनील तिग्गा, आशीष, सरयू प्रसाद, संतोष राय सहित अन्य शिक्षकों को भी पेन देकर उनका सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ हलदर कुमार शेट्टी ने कहा समाज के निचले वर्ग तक शिक्षा का अलग जगाना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने बच्चों को छोटी–मोटी समस्या पर ध्यान न देकर पढ़ाई पर फोकस करने की बात कही। उन्होंने रामेश्वर गोप को सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाने को ले उनकी सराहना करते हुए बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़े हर दिक्कत दूर होगी। मौके पर मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने कहा ऐसे आयोजनो से बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही उनके प्रतिभा को निखारने में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सितंबर माह शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरू बिना ज्ञान संभव नहीं है, इसलिए विद्यालय की शिक्षकों का सम्मान जरूरी है। मौके पर बीचा पंचायत के मुखिया सलामती देवी, हरिहरपुर पंचायत के मुखिया गीता देवी, पतरातू प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, प्रखंड प्रधान सहायक पटेल, सहित दर्जनो वार्ड सदस्य, ग्रामीण व छात्र–छात्राएं मौजूद थें।

## बारलोंग दुगार्पूजा समिति की अध्यक्ष बनी मुखिया रेखा देवी, संरक्षक चिंतामणि प्रसाद



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड के बारलॉन्ग पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति 2022 में श्री श्री दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई इस बैठक में दुगार्पूजा संचालन समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चिंतामणि प्रसाद ने किया एवं संचालन तिलेश्वर महतो ने की। बताया गया कि रामगढ़ बोकारो मार्ग पर स्थापित गांव बारलोंग में इस वर्ष विद्युत से संचालित सभी प्रतिमाएं होगी एवं मंत्रोच्चारण के साथ दुर्गा समेत सभी मूर्तियां विद्युत स्वचालित होगी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए बैठक में निर्णय लिया और संचालन समिति का गठन किया गया ।इस मौके पर अध्यक्ष पंचायत के मुखिया रेखा देवी बनी, सचिव श्याम कुमार महतो, उपाध्यक्ष अमित कुमार, सह सचिव टिंकू कुमार ,कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार बनाये गये, जबकि संरक्षक में चिंतामणि प्रसाद को चयन किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य निशा देवी व्यवस्थापक चतुर्भुज पटेल तिलेश्वर महतो, विनोद महतो संतोष महतो, अधिवक्ता नितेश कुमार, पंकज महतो,दिनेश महतो, राजेंद्र महतो, सत्येंद्र महतो, केदार महतो, संतोष महतो, ज्ञानी महतो ,अजय पटेल मुकेश साव उर्फ रुपु किशोर कुमार महतो ,प्रवीण कुमार, टेकलाल महतो, हरिशंकर मुंडा, इंद्रजीत मुंडा, राजकुमार महतो वार्ड सदस्य, शीला देवी, कुंती देवी सिरुबाला देवी विनोद बेदिया विनोद महतो, पवन रजक, जलेश्वरी देवी, रीना देवी, सोनामनी देवी ,शंकर महतो, हरिशंकर मुंडा, सतीश मुंडा, निरंजन महतो मनकू रजक ,सहित कई ग्रामीण बैठक में शामिल थे ।

## झारखंड में कुल हिंद तालीमी मुहिम का आयोजन शुरू

**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** इस्लामिक यूथ फेडरेशन के द्वारा पूरे झारखंड में सोमवार से सात दिवसीय कुल हिन्द तालीमी वराय इंकलाब कार्यक्रम का आयोजन शुरू हो गया। इस मुहिम के माध्यम से पूरे झारखंड में शिक्षा जगत में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही अच्छे संस्कार,शिष्टाचार, सभ्यता और संस्कृति का समावेश करने का प्रयास किया जाएगा। चितरपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मौजूद इस्लामिक यूथ फेडरेशन के झारखंड अभियान प्रभारी सफात उल्लाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षण संस्थानों में फैली बुराइयों एवं उनके निवारण के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दीवार लेखन,बैनर, होडिंग, टी पार्टी , कॉर्नर मीट, बच्चों की रैली, भाषण व व्यक्तिगत मुलाकात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बीएमएस ने श्रमिकों की सूचीबद्ध मांगो को पूरा करने को लेकर ज्ञापन सौंपा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध–अम्रपाली एससीएमएस क्षेत्र में सोमवार को अखिल भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर ठेका श्रमिकों के समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक डकरा कार्यालय में कोल सचिव के खिलाप धरणा प्रदर्शन कर विज्ञापन सौपा गया।इस कार्यक्रम में सीसीएल सीकेएस के केंद्रीय मंत्री मनोज रजक,और मुकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।वक्ताओं ने श्रमिको की विभिन्न मांगो को अविलम्ब पूरा करने पर प्रकाश डाला।इस मौके पर मगध अम्रपाली के क्षेत्रीय सचिव नीरज कुमार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिव कुमार सिंह,क्षेत्रीय सह सचिव पीयूष कुमार सिंह,परियोजना कोषाध्यक्ष राजू साव के साथ ठेका मजदूरों में चंद्रिका, दशय साव, उपेंद्र साव, छोटू कुमार, किशन साव, बाबू लाल गंझू, राकेश कुमार, बालेश्वर, चन्दर साव, सनजय साव, समेत कई मगध–अम्रपाली एनके क्षेत्र से सैकड़ों कार्मिक उपस्थित थे।

# स्टूडेंट्स को तंग न करें

रूसी हमले के बाद यूक्रेन से लौटे भारतीय मेडिकल स्टूडेंट्स की समस्याएं जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। बीच में ही पढ़ाई छोड़ आने को मजबूर इन स्टूडेंट्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि वे अपना कोर्स कैसे पूरा करें। उसके बगैर उनका कोई करियर नहीं हो सकता। लंबे इंतजार के बाद इस महीने नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) से उन्हें यह इजाजत मिली कि वे यूक्रेन के विश्वविद्यालयों से अपना ट्रांसफर दुनिया के किसी भी विश्वविद्यालय में करवा सकते हैं। यह उन स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ी राहत है, लेकिन सिर्फ कागजों पर। इसे अमल में लाने के लिए जरूरी है कि यूक्रेन के विश्वविद्यालय इनका ट्रांसफर करें और उन्हें उनके ओरिजिनल दस्तावेज सौंपें। मगर इन विश्वविद्यालयों का रवैया न सिर्फ बेतुका, बल्कि अमानवीय है। कई संस्थानों ने इन स्टूडेंट्स का ट्रांसफर का अनुरोध सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अब देश में हालात ठीक हैं और इसलिए उन स्टूडेंट्स को वापस आकर कॉलेज ज्वाइन करना चाहिए। जिन यूनिवर्सिटी और इंस्टिट्यूट्स ने ऐसा मनमाना आदेश जारी नहीं किया और इच्छुक स्टूडेंट्स का ट्रांसफर करना सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया है, उनकी तरफ से भी ऐसी ऐसी शर्तें लगायी जा रही हैं, जिन्हें पूरा करना मौजूदा हालात में लगभग नामुमकिन है। उदाहरण के लिए, कई यूनिवर्सिटी कह रही हैं कि इन स्टूडेंट्स को तब तक उनके ओरिजिनल पेपर्स नहीं दिये जा सकते, जब तक वे लाइब्रेरी से ली गयी किताबें और कॉलेज की अन्य संपत्ति खुद आकर वापस नहीं करते। सच्चाई यह है कि जिन स्थितियों में ये स्टूडेंट्स वहां से स्वदेश लौटे उनमें यह संभव ही नहीं था कि वे सारा सामान साथ ले आते। मिनिमम सामान के साथ जान बचाते हुए निकल आना ही उस समय संभव था और सबने ऐसा ही किया भी। ये स्टूडेंट्स कह भी रहे हैं कि सारा सामान वे ज्यों का त्यों हॉस्टलों में छोड़ आये। अब कहां वे किताबें ढूंढें और कैसे वापस करें। बाकी औपचारिकताओं के लिए भी स्टूडेंट्स से खुद वहां आने के लिए के लिए कहा जा रहा है। ध्यान रहे रूस-यूक्रेन युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। जाहिर है, इन यूनिवर्सिटीज का मकसद ट्रांसफर मामले को अधिक से अधिक अटकाये रखना है, ताकि स्टूडेंट्स उनके यहां बने रहें और यूनिवर्सिटी को उनसे होने वाली कमाई बंद न हो, लेकिन यह वक्त ऐसा है, जिसमें यूनिवर्सिटी को अपनी कमाई से ऊपर उठ कर स्टूडेंट्स के भविष्य के लिहाज से सोचना चाहिए। अगर यूनिवर्सिटी स्वेच्छा से ऐसा नहीं करती, तो राजनयिक और जरूरत पड़े तो राजनीतिक स्तर पर भी यह मसला उठाया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि इसका सरल और व्यावहारिक उपाय जल्द से जल्द निकले।

**नेशनल मेडिकल कमिशन से उन्हें यह इजाजत मिली कि वे यूक्रेन के विश्वविद्यालयों से अपना ट्रांसफर दुनिया के किसी भी विश्वविद्यालय में करवा सकते हैं। यह उन स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ी राहत है, लेकिन सिर्फ कागजों पर।**

**नरेंद्र मोदी के जीवन में उनके प्रारंभिक अनुभव और संघर्ष का समय सबसे अधिक प्रेरणादायक है। इस पूरे दौर में उन्होंने भारत की मूलभूत समस्याओं की जड़ तक जाकर उन्हें अनुभव किया और उस अनुभव की आंच में तपकर भारत के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा को बल दिया। जब इस कठिन संघर्ष के उपरांत नरेंद्र मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिला, तब उन्होंने गुजरात के पिछड़े, गरीब, कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए दूरदृष्टि रख कर सार्थक नीतियां बनायी।**

# पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के विकास को नव आयाम प्रदान किया



डॉ रमन सिंह



भारत के विकास और भारतवासियों के विश्वास का प्रतीक बन चुके पीएम नरेंद्र मोदी ने विगत 8 वर्षों में राष्ट्र निर्माण और विकास के लक्ष्य को पूरा करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। गुजरात की पुण्यधरा पर एक सामान्य परिवार में जन्मे नरेंद्र मोदी ने जीवन के प्रारंभिक दिनों से उस संघर्ष और समस्याओं को देखा और जिया है, जिससे हर पिछड़ा वर्ष परिचित रहा है। ऐसे कठिन परिवेश से उठ कर आज पूरे भारत को अपना परिवार बना कर एक असाधारण व्यक्तित्व के रूप में पीएम मोदी अकल्पनीय आयाम अर्जित कर रहे हैं।

नरेंद्र मोदी के जीवन में उनके प्रारंभिक अनुभव और संघर्ष का समय सबसे अधिक प्रेरणादायक है। इस पूरे दौर में उन्होंने भारत की मूलभूत समस्याओं की जड़ तक जाकर उन्हें अनुभव किया और उस अनुभव की आंच में तपकर भारत के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा को बल दिया। जब इस कठिन संघर्ष के उपरांत नरेंद्र मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिला, तब उन्होंने गुजरात के पिछड़े, गरीब, कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए दूरदृष्टि रख कर सार्थक नीतियां बनायी। उन्होंने बेटियों के लिए शिक्षा-सुरक्षा और युवाओं के लिए उद्यमिता के नए द्वार खोल दिये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवाचार को केंद्र में रख कर गुजरात को पूरे देश के समक्ष एक विकास मॉडल के रूप में स्थापित किया। यह नरेंद्र मोदी की नीतियां और उनके विकास मॉडल का ही परिणाम रहा कि वर्ष 2014 में देशवासियों ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का दायित्व देकर देश की बागडोर सौंप दी।

**नरेंद्र मोदी ने जिस दूरगामी सोच के साथ राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा के लिए कार्य किये हैं, वह किसी परिचय के आश्रित नहीं हैं।**

जहां एक ओर देश में पहले की सरकारें तात्कालिक लाभ और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर आधारित योजनाएं और नीतियां बना कर जनता के साथ छल कर रहीं थीं, वहीं उनकी व्यवस्था में भ्रष्टाचार से देशवासियों में अविश्वास के प्रतिमान स्थापित हो गये थे। वहीं प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के उपरांत नरेंद्र मोदी ने अपने दशकों के अनुभव, नवाचार के प्रति स्वीकार्यता, दूरगामी सोच एवं लोकतंत्र तथा राष्ट्र के प्रति संपूर्ण समर्पण के साथ एक नव यात्रा के प्रारंभ किया। यह नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टता और उनके नेतृत्व में ही संभव है कि पहली बार लाल किले के प्राचीर पर किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छता और शौचालय पर गंभीर होकर अपनी बात रखी हो। यह कोई चुनावी दौर नहीं था, न ही इस योजना में किसी वर्ग और समुदाय को खुश करने की मंशा शामिल थी। यह पहली बार था जब किसी प्रधानमंत्री के शब्दों में राष्ट्र निर्माण में स्वच्छता को महत्वता दी जा रही थी और पूरे देश ने नरेंद्र मोदी की इस दूरदृष्टि को पहचाना एवं उनके इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आज देश सकारात्मक परिणाम देख कर रहा है।

जिस तरह भारतवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि, उनकी विकास नीति और उनके मन की बात को समझ पाते हैं, उसी तरह पीएम मोदी भी भारत के लोगों की भावनाओं को जिस स्तर पर महसूस करने की चेतना रखते हैं। वह अद्भुत है। नरेंद्र मोदी ने दशकों इस देश के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न समुदाय और वर्गों के विचारों को समझा है और उनकी पीड़ा, उनकी अपेक्षाएं जानकर उन्होंने सारे भारत को अपने अनुभव में शामिल कर लिया है, जिसके आधार पर उन्होंने न केवल लोगों की पीड़ा समझी, बल्कि प्रधानमंत्री के पद पर पहुंच कर उनके निराकरण के लिए ठोस कदम भी उठाये हैं।

नवाचार एवं प्रयोगों के प्रति नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टता इस प्रकार समझी जा सकती है कि जब वर्ष 2014 में उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब डिजिटल पेमेंट जैसी सुविधाएं केवल समृद्ध देशों में ही सामान्य मानी जाती थी नरेंद्र मोदी ने पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया अंतर्गत इस मुहिम को प्रारंभ किया, जिससे ना केवल डिजिटल लेनदेन में आज भारत शीर्ष स्थान पर स्थापित हुआ है, बल्कि देश ने आधुनिकीकरण के प्रति भी एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के अनुभवों में सड़क किनारे कच्चे झोंपड़ों में रहने वाले लोगों की पीड़ा, चूल्हे के धुएं से जूझती महिलाओं का संघर्ष, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती शासकीय योजनाएं देखीं हैं। इन सभी समस्याओं की जड़ को जानने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब अवसर मिला तब उन्होंने कच्चे मकानों की जगह 61 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनवाये, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को 80 लाख से अधिक गैस के सिलेंडर प्रदान किये और ऐसी योजनाएं भ्रष्टाचार से मुक्त हो सकें, इसलिए सीधे देशवासियों के बैंक अकाउंट से इन्हें जोड़ने के कार्य किया।

अदभुत कौशल क्षमता के धनी नरेंद्र मोदी वह नेता हैं, जिन्होंने एक ओर पूरे गौरव के साथ भारतीय संस्कृति को अपने जीवन में शामिल किया और प्राचीन भारतीय योग शिक्षा को विश्व में एक नव आयाम प्रदान करवाया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपनी दूरगामी सोच से टेक्नोलॉजी के इस युग में नवाचार को भी भरपूर प्रोत्साहित कर युवाओं के सपनों को पंख दिये हैं।

नरेंद्र मोदी ने जिस दूरगामी सोच के साथ राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा के लिए कार्य किये हैं, वह किसी परिचय के आश्रित नहीं हैं। राफेल विमान से लेकर विक्रांत विमानवाहक पोत तक पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने आधुनिकीकरण के नए आयाम प्राप्त किये हैं। यह नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का ही परिणाम है, जब कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से लड़ कर हम सभी ने सफलता प्राप्त की है। उनकी दूरदृष्टि और नीतियों के प्रति भारतवासी जिस आदर और सम्मान के साथ अनुसरण करते हैं, ऐसा किसी भी राजनेता के लिए कम ही देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक निवेदन पर सारे देश ने 'जनता कर्फ्यू' लगा कर कोरोना से लड़ाई लड़ी और जब टीकाकरण का समय आया, तब पीएम मोदी पर विश्वास कर लोगों ने बढ़-चढ़ कर टीकाकरण में भाग लिया और आज देश में 205+ करोड़ से अधिक टीकाकरण सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। मोदी अपनी दूरगामी सोच की वजह से आज केवल भारत की ही नहीं, बल्कि वैश्विक नेता बन कर उभरे हैं। वैश्विक पटल पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय नीति निर्धारण में उन्होंने भारत को वह महत्वपूर्ण स्थान दिलवाया है, जो पहले संभव नहीं था।

आज ऐसे दूरगामी दृष्टिकोण और नवाचार को सहज स्वीकार्य बनाने नये भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उन्हें सहृदय शुभकामनाएं। समस्त देशवासियों की प्रार्थना में शामिल मेरी भी यह कामना है कि हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन सदैव प्राप्त होता रहे और उनके विचारों से प्रेरित होकर हम सब भी कदम से कदम मिला कर भारत माता की सेवा में समर्पित रहें।

**(लेखक : एक आयुर्वेदिक डॉक्टर होने के साथ ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा बेहतर कल विषय पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा बेहतर कल विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोमवार को साकची स्थित अग्रसेन भवन में युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय चेतनी की अध्यक्षता में सुरभि शाखा के आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न विषयो पर वरिष्ठ एवं अनुभवी युवाओं ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी ने स्वागत भाषण दिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने सदस्यों को मंच में उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। रांची से आये निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने सफल संगठनकर्ता तथा सफलता का सक्सेस मंत्र मंच से जुड़े युवाओं के बीच साझा किया। मौके पर राष्ट्रीय ट्रेनिंग एकेडमी के सदस्य विजय आनंद मूनका ने शाखा कार्यक्रमों का चयन एवं उनके प्रभाव के बारे में सदस्यों को अवगत करवाया। प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता ने संवाद के क्रम में मंच के युवाओ को उत्साहवर्धन एवं मोटीवेशनल संवाद किया। इससे पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय चेतानी ने प्रांत के स्वागत, उदगार, विषय प्रवेश एवं आनेवाले दिनों के प्रांतीय एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संछिप्त जानकारी दी।



### मौके पर ये रहे शामिल


मौके पर प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता ने उपस्थित वक्ताओं का परिचय कराया। धन्यवाद ज्ञापन शाखा सचिव निधि अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा की पूर्व अध्यक्ष पारुल चेतानी ने किया। मौके पर शाखाओं को सत्र 2021-22 के शेष राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के द्वारा कार्यशाला में शाखाओं को साउंड सिस्टम प्रदान किया गया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यकम का समापन किया गया। बैठक में स्टील सिटी शाखा, सुरभि शाखा, टाटानगर अचिवर्स शाखा, जमशेदपुर शाखा, टाटानगर ऊर्जा शाखा, सरायकेला शाखा, चक्रधरपुर शाखा के लगभग 60 से ज्यादा युवा साथी शामिल रहे।

**नुवको सीमेंट प्लांट की चिमनी से अचानक डस्ट निकलने की सूचना पर जनता के बढ़ी परेशानी**

# ग्रामीणों ने कंपनी के गेट पर जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर शहर के जोजोबेडा नुवको सीमेंट प्लांट के चिमनी से डस्ट निकलने से क्षेत्र की जनता का परेशानी बढ़ने लगी है। सोमवार को अचानक प्रवाहित राहरगोड़ा, बारीगोड़ा,गधड़ा गांव के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को सांस लेने में दिक्कतें आने की सूचना मिलने लगी। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र के पोलूशन से परेशान होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा व झारखंड मजदूर यूनियन के सचिव राजेश सामंत संपर्क किया। उन्होंने तत्काल टीम के साथ गांव वालों को लेकर नुवको कंपनी गेट पहुचकर विरोध जताया। झामुमो व मजदूर नेता राजेश सामंत ने पूर्व मंत्री सह झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय अध्यक्ष दुलाल भुइयाँ से संपर्क कर नुवको कंपनी के वीपी उमा सूर्यम से बात कराया। पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने कहा प्रदूषण होने से गांव वालों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। गदड़ा गांव की खेती खराब हो रही है। तालाब और कुएं में पीने का पानी भी दूषित हो रहा है। जल्द से जल्द प्रदूषण का निदान निकाला जाय अन्यथा गधड़ा,राहड़गोड़ा, बाड़ीगोड़ा के ग्रामीण कंपनी गेट को जाम करने के लिए बाध्य होंगे।वीपी उमा सूर्यम ने जल्द ही ठीक करने का आश्वासन दिया। मौके पर जेएमएम सह झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, झामुमो झारखंड आंदोलनकारी जेना जामुदा, अमित दास, दिलीप सिंह, छोटे सरदार, राजेश मुंडा, करनल सिंह, करेली यादव, अजय सिंह, नेता सोनू श्रीवास्तव, राहुल कुमार के आलावे ग्रामीण शामिल रहे।



**टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत एवं महामंत्री आरके सिंह का प्लांट- 3 और इआरसी डिवीजन में हुआ भव्य स्वागत, कहा**

# आपकी एकता ने ही हमें ऊर्जावान बनाया

**महामंत्री ने सभी का स्वागत को सहर्ष स्वीकार किया और बताया कि दिन प्रतिदिन स्थाई कर्मचारियों की संख्या घट रही है लेकिन आप लोगों के सहयोग से हम लोग जब से यूनियन में आये हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** 19 सितंबर को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आरके सिंह का जोरदार स्वागत प्लांट 3 क्षेत्र में हुआ और साथ ही साथ ईआरसी डिवीजन में भी स्वागत किया गया। इस दौरान महामंत्री ने सभी का स्वागत को सहर्ष स्वीकार किया और बताया कि दिन प्रतिदिन स्थाई कर्मचारियों की संख्या घट रही है लेकिन आप लोगों के सहयोग से हम लोग जब से यूनियन में आये हैं। टाटा मोटर्स में स्थाई कर्मचारियों का संख्या लगातार बढ़ा है। आप सबकी एकता हम लोगों को साहस प्रदान करती है और लगातार अपने कार्य के प्रति रुझान बनाये रखने में सहयोग देती है। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि आप लोगों का स्वागत हम दिल से स्वीकार करते है। हम लोग संभावनाओं को देखते हुए सभी पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मजदूरों का हक भी मिले और मजदूर स्थाई रूप से काम भी करें और अन्य सुविधा भी बरकरार हो। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एचएस सैनी ने किया मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। वही इआरसी में मंच संचालन नवीन कुमार ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप राजवार ने किया।



## ओत गुरु लाको कोल बोदरा की 103 वीं जयंती धूमधाम से मनी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के न्यू सीताराम डेरा आदिवासी एसोसिएशन में आदिवासी हो समाज के ओत गुरु लाको कोल बोदरा के 103 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को पूर्वाहन 10:00 बजे से हो समाज के द्वारा आयोजित समारोह विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर बतौर मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय हो समाज के उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी शंभू मुखी डूंगरी एवं संतोष कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने ओत गुरु लोको कोल बोदरा की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# भाजपा के सेवा पखवाड़ा में दिव्यांगों के बीच कृतिम अंग का वितरण

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के द्वारा शहर के अलग अलग स्थान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म जयंती सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा 17 दिसंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगी। साकची जिला कार्यालय में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण किया गया। 18 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 19 सितंबर को बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट के पीछे अंत्योदय आश्रम भवन में दिव्यांगों के बीच कृतिम अंग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं पूर्वी सिंहभूम के सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कृतिम अंग का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दिव्यांग एवं ओल्ड एज होम में रहने वाले वृद्धों से उनका हालचाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा मेरा सौभाग्य है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग जनों की सेवा का अवसर मिला। उन्होंने कहा बीते 8 वर्षों में देश की सैकड़ों इमारतें, हजारों रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य बनाई जा चुकी हैं। दिव्यांगों पर अगर कोई अत्याचार करता है, उन्हें परेशान करता है, तो केंद्र सरकार ने इससे जुड़े नियमों को भी सख्त किया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा दिव्यांगों के लिए शहर के देवनगर में बहुमंजिला इमारात बनाकर दिव्यांगों को समर्पित किया है। पूर्व की भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों को विकास योजनाओं का लाभ देने के कार्य किये गये। वही सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा प्रधानमंत्री की जयंती को हम लोग भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पूरे देश भर में सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे हैं। इसका उद्देश्य है हम अंतिम व्यक्ति तक सभी सेवा पहुंचायें। उनके समस्याओं का निराकरण करें। 17 सितंबर को देश भर में लगभग डेढ़ लाख यूनिट रक्त संग्रह किया गया जो विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा दिव्यांगों के बीच कृतिम अंग का वितरण किया गया। 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायेंगे। उन्होंने कहा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। उस दिन कार्यक्रम कर सेवा पखवाड़ा का समापन किया जायेगा। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री जिस तरह देश को सशक्त बनाना चाहते हैं, नये राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं, समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा भावना के रूप में काम कर रहे हैं, हमें पूरा विश्वास है एक दिन भारत विश्व गुरु बनेगा।



### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर रामबाबू तिवारी, राजेश कुमार शुक्ला, डॉ राजीव कुमार, बारी मुर्मू, सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, ज्ञान प्रकाश, नारायण पोद्दार, बिनोद सिंह, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, ज्योति अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, हेमेंद्र जैन, संजय तिवारी, त्रिदेव चट्टराज, चंचल चक्रवर्ती, सुरेश शर्मा, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### सेवा सप्ताह के दूसरे दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने बच्चों एवं महिलाओं के बीच किया वस्त्र वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह 2022 के दूसरे दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा खजूरी ग्राम स्थित उरांव टोला में ग्रुप उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू की अध्यक्षता में सैकड़ों ग्रामीणों के बच्चों के बीच जांघिया, टी शर्ट, जीन्स पैंट तथा महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। जीन्स पैंट अध्यक्ष ध्रुव केशरी के सौजन्य से, जांघिया यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी के सौजन्य से, साड़ी वरिष्ठ सदस्य सुरेश गुप्ता के सौजन्य से तथा टी शर्ट जसपाल क्लोथ सेंटर के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन मंदीप प्रसाद की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष सह जायंट्स गढ़वा के संस्थापक अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक, ग्रुप उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, वित्त निदेशक अशोक केशरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी (रूपा गंजी), सुरेश गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, रविंद्र केशरी, दीपक केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मंदीप प्रसाद, चंद्रभूषण सिन्हा, अवधेश कुशवाहा, संतोष मेहता, मनोज कुमार पाठक आदि थे।

### 24 सूत्री मांगों को लेकर जविप्र दुकानदार संघ ने प्रखंड परिसर में दिया धरना



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार संघ ने अपने 24 सूत्री मांग को लेकर रंका प्रखंड परिसर के एफसीआई गोदाम के सामने अनुमंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में एकदिवसीय धरना दिया। उपस्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि कोविड काल में जब सारी मिशनरी आम लोगों से मिलने से भी परहेज करती थी तब हमारे जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अपनी जान की परवाह किए बिना आम लोगों को राशन पहुंचा कर उनके पेट भरने का काम की है। और जब हमारी बारी है तो हमारे किए गए कार्यों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। विगत 6 माह से न तो हमारे किए गए कार्य की कमीशन दिया जा रहा है और ना ही काम की मजदूरी ही दिया जा रहा है। जिसके कारण आज हमारे बाल बच्चों की खाने के लाले पड़ गए हैं । इस मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार ज्वाला तिवारी, बीरेंद्र माली, कमेश सिन्हा, राकेश कुमार, जमालुद्दीन खलीफा, मोहम्मद मजीद राय, विजय राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने भक्ति जागरण का किया उदघाटन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत लातदाग गांव स्थित डीएवी लीला वचन पब्लिक स्कूल में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गयी। विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में रविवार की रात्रि में यहां भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, विशिष्ट अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, गढ़वा जिलाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, पलामू जिलाध्यक्ष, राजद नेता फरीद खां, रौशन पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, पूर्व मुखिया पंकज विश्वकर्मा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों तथा विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों का अभिनंदन अंग वस्त्र, फूल माला तथा भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर किया गया। इसके बाद वाराणसी से आई गायिका उजाला विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत 'बाबा विश्वकर्मा की जय हो' से की गई। वहीं भोजपुरी सुपर स्टार गायिका पुष्पा राणा ने हमर देवी माई के झुलवा लहर लहरावे ला नामक भोजपुरी भजन की शुरूआत कर दर्शकों का खूब तालियां बटोरी। इसके बाद देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मी विश्वकर्मा, नेपाल विश्वकर्मा, पारस विश्वकर्मा, भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी, डॉ लालमोहन, उपेंद्र शर्मा, विशाल कुमार विश्वकर्मा सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ मेराल प्रखंड के दर्जनों गांव से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**बैठक :** दुर्गा पूजा को लेकर आयोजित अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को दिये निर्देश

# लंबित कांडों की समीक्षा कर निष्पादन में तेजी लायें

- अवैध खनन व भंडारण करने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई
- ट्रैफिक सुरक्षा नियम के अनुसार ट्रिपल लोड व शराब पीकर ड्राइव करने वालों पर करें कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के द्वारा अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में भंडरिया थाना अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ पर प्रभावी नक्सल विरुद्ध अभियान चलाकर नक्सलियों को खदेड़ने एवं वहां कैम्प स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गढ़वा पुलिस बल के कर्मियों के कार्यों की सराहना की गयी। बैठक में मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश गया कि आगामी दुर्गा पूजा पर्व सहित अन्य धार्मिक त्योहारों को ध्यान में रखते हुए थाना स्तर पर सभी तैयारी पूर्ण करें, विधि व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने एवं सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखें, अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए झारखंड मिनरल प्रिवेंशनल ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्ट एंड स्टोरेज रुल्स 2017 के अंतर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में किसी थाना क्षेत्र से अवैध खनन की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। थाना दिवस के अवसर पर अंचल के पदाधिकारी के साथ मिलकर भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करें। सभी नक्सल प्रभावित थाना के थाना प्रभारियों को क्षेत्र में प्रभावी आसूचना संकलन करते हुए लगातार अभियान चलायें, नक्सल गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण रखें, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लायेंगे एवं विशेष रूप से 03 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का निष्पादन सुनिश्चित करें, माननीय न्यायालय से निर्गत वारंट/ कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पीजी पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करें। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने थाना क्षेत्र में नियमित अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान विशेष रूप से उ३४ल्ल' ड्ढ५ल्लॅ, ळ१स्र्ी 'ड्ढल्लॅ इत्यादि के विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, माह में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी/ पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री नीरज कुमार पांडेय आरक्षी गढ़वा जिला बल को ृ३ल्ल२ स्र१ड्ढू३ के प्रभावी क्रियान्यवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ल्लू१ भारत सरकार द्वारा प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया हैं।उक्त आरक्षी को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपराध गोष्टी के पश्चात पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके समाधान का आश्वासन दिया गया।

## मॉर्निंग वॉक के दौरान अधेड़ की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

- ओझा गुणी का आरोप लगाकर सुपारी किलर से करवायी हत्या : एसडीपीओ
- इसराइल ने अरविंद शुक्ला को बतौर सुपारी दिये थे एक लाख रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय के जंगीपुर स्थित स्टेशन रोड में गत दिनों गला रेत कर एक अधेड़ व्यक्ति की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें हत्या का मास्टरमाइंड इसराइल अंसारी उर्फ विधायक और सुपारी लेने वाला अरविंद शुक्ला नामक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में नगर उंटारी एसडीपीओ प्रमोद केशरी ने खुद मामले को पटाक्षेप करने के लिये अपनी टीम के साथ तत्परता से गहन छानबिन करने के पश्चात मामले का उद्भेदन किया। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए एसडीपीओ प्रमोद केसरी ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त भुजाली और बाइक भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि हत्या करने वाले तीनों अपराधी अभी फरार हैं। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को मॉर्निंग वॉक पर निकले जंगीपुर निवासी दसू मेहता की स्टेशन रोड में गला काटकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या का मास्टरमाइंड जंगीपुर निवासी इसराइल अंसारी उर्फ विधायक है। उसने पुलिस को बताया कि दसू मेहता ओझा गुणी का काम करता था। जिसके कारण उसके घर में काफी नुकसान हो रहा था। उसके भाई की भी मौत इसी कारण हो गयी थी। जिसे लेकर उसे मारने के लिए जतपुरा निवासी अरविंद शुक्ला को एक लाख रुपये की सुपारी दी थी। जिसके बाद अरविंद ने अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ इस घटना को अंजाम दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि अभी तीनों हत्यारे पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। जिसकी तलाश की जा रही है। अरविंद की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक और भुजाली को जतपुरा से बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि अरविंद का पहले से भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, पुअनि नीतीश कुमार सिंह, कुमार विक्रम सिंह, सुनील कुमार दास, विक्की कुमार, कुणाल किशोर, राहुल कुमार, चंद्रदेव कुमार, जितेंद्र भगत सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## ओखरगाड़ा के ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन सौंप कर गांव में स्वीकृत पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। डीसी को सौंपे गये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि झारखंड सरकार ने गांव में पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसका टेंडर भी हो चुका है। जिला प्रशासन ने भूमि भी उपलब्ध करा दी है। कुछ विकास विरोधी तत्व बेवजह विद्यालय निर्माण का विरोध कर रहे हैं। इस क्षेत्र के सभी ग्रामीण इस योजना के समर्थन में हैं। आवेदन सौंपने वाले ग्रामीणों में मुखिया अजीज अंसारी, उप मुखिया, नसीमुद्दीन, वार्ड सदस्य शंकर राम, उप प्रमुख मेराल निजामुद्दीन खान, सैयद अजीम, किशुन चौधरी, अम्बिका उरांव, कृष्णा राम, आफताब आलम, राहुल मेहता, चंदन मेहता, मुकेश मेहता, विजय चौधरी, बिगन विश्वकर्मा,संजय विश्वकर्मा, रहमान खान, सदरू खान, फारूक अंसारी, मनोज कुमार पासवान, मनोज राम, दिवाकर यादव, राम सागर उरांव शामिल हैं।

### नाबालिग छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** बरडीहा थाना क्षेत्र के गांव बभनी से एक नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी दूसरे समुदाय का है। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने आरोपी इरशाद खान के खिलाफ रविवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि छह सितंबर की शाम इरशाद और उसके एक साथी ने उसे बाइक से अगवा किया। रास्ते में ही दोनों ने उसे कुछ सुंघाया, उसके बाद वह बेहोश हो गई। जब होश आया तो खुद के एक कमरे में बंद पाया। इसके बाद इरशाद ने परिवार को जान मारने की धमकी देकर और बंदूक का भय दिखाकर उससे कई बार दुष्कर्म किया। विरोध पर मारपीट भी की गई। दो दिन बाद उसे बताया गया कि उसकी मां से बात हो गयी है। तुमको मेरे आदमी मझिआंव छोड़ देंगे। अगर इस घटना के बारे में किसी और को बताया तो तुम्हें व तुम्हारी मां को मार देंगे। उसे नौ सितंबर को एक लाल रंग की कार से बकोइया-मझिआंव सीमा पर छोड़ दिया। वहां उसकी मां मौजूद थी। मां को अपहर्ता ने फोन कर बुलाया था। कार में मौजूद लोगों के पास भी बंदूक थी, वहां उतारने के बाद वह मां के साथ नानी के घर चली गई। वहां पहुंचने पर उसने अपने परिवार के लोगों को जानकारी दी। पहले तो मां डर के कारण थाने में शिकायत दर्ज नहीं करा रही थी। परिजनों के कहने पर वह रविवार को थाना पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**कार्यक्रम :** हिंदी पखवाड़ा पर सृजन साहित्यिक मंच ने किया प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता में महादेवी समूह को मिला प्रथम पुरस्कार

- निराला समूह (सीपी मेमोरियल स्कूल) को द्वितीय व गुप्त समूह (मॉडल इंफैंट स्कूल) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच द्वारा हिंदी पखवारा कार्यक्रम के तहत रविवार को विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शामिल विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच आजादी के आंदोलन में हिंदी साहित्यकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से उनका मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के अंत में महादेवी समूह (एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय) को प्रथम, निराला समूह (सीपी मेमोरियल स्कूल) को द्वितीय व गुप्त समूह (मॉडल इंफैंट स्कूल) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अलावे इसमें शामिल आरकेवीएस, बीएनटी संत मेरी स्कूल और रामासाहू प्लट टू उच्च विद्यालय को सात्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में मूल्यांकन हेतु तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। जिसमें कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी एवं संगठन सचिव राजकुमार मधेशिया शामिल थे। पूरे प्रतियोगिता का संचालन सचिव सतीश कुमार मिश्र ने किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय, समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र एवं पातंजलि योग समिति के राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विनोद पाठक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्त ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने कहा कि सृजन साहित्यिक मंच का यह कार्यक्रम अनूठा है। हिंदी दिवस के अवसर पर संस्था ने हिंदी पखवारा के माध्यम से हिंदी के विषय में वातावरण बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की प्रमुख भाषा है। इसे उचित सम्मान मिलना चाहिये। इसके लिये वे अपने स्तर से सृजन जैसी संस्था को हर सहयोग प्रदान करेंगे।

वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि वे सतत रूप से हिंदी में ही लेखन से जुड़े हुए हैं। बावजूद यहां आने से उन्हें ज्ञानवर्द्धन हुआ। रासबिहारी तिवारी ने कहा कि आनेवाला समय हिंदी का है। स्वामी रामदेव ने हिंदी में शिक्षा बोर्ड का गठन कर पूरे देश के लिये एक नयी शिक्षा प्रणाली शुरू करने की योजना बनायी है, जो शीघ्र ही धरातल पर देखने को मिलेगी। समाजसेवी पतंजलि केसरी ने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये वे सृजन साहित्यिक मंच के साथ जुड़कर काम करने के लिये हमेशा तत्पर हैं।

कार्यक्रम में समाजसेवी रामाशंकर चौबे ने इस अवसर पर बिना मातृभाषा के देशवा न शोभे, हिंदी बिना भारत ना शोभे भइया... सस्वर प्रस्तुति कर सबको प्रभावित कर दिया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग का वितरण



- भाजपा सबका साथ सबका विकास जैसे मूल मंत्र के साथ काम करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है : वीडी राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर गढ़वा जिला मुख्यालय में दिव्यांगों के बीच कृत्रिम यंत्र का वितरण मुख्य अतिथि भाजपा सांसद वीडी राम की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद वीडी राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान है कि उनके जन्मदिन पर केक नहीं काटा जाये बल्कि गरीब कमजोर असहाय लोगों के बीच सेवा कार्य कर गरीबों के लिए काम किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास जैसे मूल मंत्र के साथ काम करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनहित में काम करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं जो असहाय कमजोर लोगों के उत्थान के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश में कर रही है। उसी कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सांसद मद से दिव्यांग जनों के बीच कृत्रिम यंत्र का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा गढ़वा जिला द्वारा लगातार 2 अक्टूबर तक अलग-अलग रूप में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक संगठन नहीं है बल्कि समाज के उत्थान के लिए काम करने वाली संगठन है। भाजपा सत्ता नहीं, समाज बदलने में विश्वास करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, सूरज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, गौरी बिंद, मिथलेश तिवारी, जिला समाजिक कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद झा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### रंका प्रखंड झामुमो ने विजय जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री एवं मंत्री मिथिलेश का जताया आभार



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के रंका शहर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में 1932 खतियान झारखंड राज्य में लागू होने तथा पिछड़े वर्गों को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होने की खुशी में भव्य विजय जुलूस निकाला गया। रंका थाना मोड़ से रंका मुख्य बाजार राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर भव्य जुलूस बाजे-गाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए तथा आतिशबाजी करते हुए नाचते गाते झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन तथा गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बधाई दी एवं आभार जताया। इस अवसर पर मिठाइयां भी बांटी गयीं। मौके पर झामुमो के गढ़वा जिला अध्यक्ष मोहम्मद तनवीर आलम खान, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, जिला सचिव मनोज कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा, वन एवं पर्यावरण विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू खरवार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, सचिव इरफान अंसारी, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, सचिव पप्पू यादव, बिश्रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटू सिंह, झामुमो नेता मुमताज अली रंगसाज, परशु ठाकुर, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, राजकिशोर रवि, बीडीसी शंकर राम, मुकेश तिवारी, मुबीन खान, राजद अध्यक्ष जैनूल्लाह अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ओखरगाड़ा के ग्रामीणों ने पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य कराने का लिया निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा के ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर हर हाल में गांव में स्वीकृत पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य कराने का निर्णय लिया है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी विकास विरोधी हैं। वे पिछड़ा वर्ग के बच्चों को पढ़ने देना नहीं चाहते हैं। इस कारण वे गांव में झारखंड सरकार से स्वीकृत विद्यालय निर्माण का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि गैरमजरूआ सरकारी भूमि में भवन का निर्माण किया जा रहा है, परंतु श्री तिवारी गांव के अन्य समुदाय के भोले भाले लोगों को बरगला कर आपस में लड़ाना चाहते हैं। उनकी मंशा कामयाब नहीं होने दी जाएगी। उप प्रमुख निजाम के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से हर हाल में ओखरगाड़ा में पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय का निर्माण में आने वाली सभी बाधा को दूर करने का निर्णय लिया है। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया आजिज अंसारी, उप मुखिया नसीमुद्दीन, उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, मेराल प्रखंड विधायक प्रतिनिधि हेमंत सिंह, युवा मोर्चा जिला सचिव अतहर अली अंसारी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शम्भु साव, 20 सूत्री मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी, ओखरगाड़ा पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र साव, वार्ड सदस्य शंकर चौधरी, झामुमो ओखरगाड़ा पूर्वी पंचायत अध्यक्ष मिनाज आलम, पंचायत उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, झामुमो ओखरगाड़ा पश्चिमी पंचायत अध्यक्ष गुलबहार खान, सदर परसही सैयद अजीम, किशुन चौधरी, अम्बिका उरांव, कृष्णा राम, आफताब आलम, राहुल मेहता, चंदन मेहता, मुकेश मेहता, विजय चौधरी, बिगन विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, रहमान खान, सदरू खान, फारूक अंसारी, मनोज कुमार पासवान, मनोज राम, दिवाकर कुमार यादव, राम सागर उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार ने ओखरगाड़ा में पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। इसका टेंडर भी हो चुका है। इस विद्यालय में पिछड़ा वर्ग के बच्चों को कक्षा छ से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

## सीएचसी में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर झाविस ने उठाया सवाल



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर झारखंड विकास समिति ने सवाल उठाया है।झाविस के रवि कुमार डे ने बताया कि प्रखंड के डेढ़ लाख की आबादी वाला सीएचसी परिसर इन दिनों लूट का अड्डा बना हुआ है। सीएचसी परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में संवेदक व जेई की मिली भगत से बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर की है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। समिति के द्वारा इस बात की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी गई लेकिन कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का सुधार नहीं किया गया। श्री डे ने आगे कहा कि संवेदक और जेइ, एइ के कार्य से लूट देख कर समिति आगामी 21 सितंबर को सीएचसी परिसर में भवन निर्माण विभाग का पुतला दहन करेगी। अगर इसके बाद भी कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो मजबूरन समिति चरणबद्ध आंदोलन चलाने को बाध्य होगी। पुतला दहन कार्यक्रम की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। गौरतलब हो कि सीएचसी परिसर में इन दिनों बाउंड्री निर्माण, पेबर ब्लॉक लगाने आदि का कार्य चल रहा है स्थानीय लोगों ने संवेदक के कार्य करने के तरीके पर भी नाराजगी जाहिर की है। बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुराने भवन को भवन निर्माण विभाग के जेई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नंद कुमार पांडे के मिलीभगत से बिना कोई सरकारी प्रक्रिया किए कंडम घोषित कर जेसीबी लगा कर तोड़ दिया गया उसके साथ ही भवन में लगे लोहे की खिड़की दरवाजे तथा कई क्विंटल छड़ भी कुछ तो भेज दिए गए और कुछ जनता के हवाले कर दिये गये इंजीनियर मोहम्मद नसीर ने बताया कि सरकारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तब ही भवन को तोड़ा गया है परंतु ऐसा कुछ भी नहीं दिखाई देता है उसके साथ ही प्रभारी नंद कुमार पांडे से पूछा जाता है तो श्री पांडे ने कहा कि हमें कुछ भी पता नहीं है भवन विभाग के लोग से पूछा जाए हमें किसी प्रकार से कोई जानकारी नहीं है।

## विकास कार्य को लेकर मुखिया के साथ की बैठक

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड कार्यालय में विकास कार्य को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने पंचायत के सभी मुखिया को विकास को लेकर एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक में बीडीओ विजय कुमार ने सभी पंचायत प्रतिनिधि को बतलाया कि पूर्व के जो भी कार्य चल रहे हैं। उसको जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करें अगर कोई काम है। वर्क आर्डर में चल रहा है और आप मुखिया गण उस पर ध्यान नहीं देते हैं तो अगर कोई वर्क आर्डर लेकर कोर्ट चल जाता है तो आपकी जवाबदेही होगी। वही नये काम को भी कैसे करना है। उसको भी विशेष रूप में बतलाया वही नया आवास कुछ दिन में आने वाले हैं। उसको भी जरूरतमंदों के बीच आप लोग चिंहित कर देने का काम करेंगे। उसके साथ मनरेगा, कृषि, जेएसएलपीएस के कई कार्य हैं। जिससे पंचायत में बैठक कर जनता को सरकार के काम को बतलाये और ज्यादा से ज्यादा जनता को लाभ देने का काम करें। जिससे काम करने में सहूलियत होगी मनरेगा से अगर कोई कूप निर्माण हुआ है तो कृषि विभाग से उसको पटवन की व्यवस्था करने के बारे में बतायें। कई ऐसे काम है जो सरकार अनुदान में दे रही है। उसको जनता को विशेष रुप से दिलाने का काम करें। बीज किसी को जरूरत है तो बीज भी दिलाने का काम करें किसी तरह की कोई जानकारी नहीं है तो संबंधित विभाग के लोगों से बात कर उन लोगों को मुहैया कराने का काम करें। वही वीडियो विजय कुमार ने सभी योजनाओं को लेकर बारी-बारी से बतलाया और नये काम जो आने वाले हैं। उस पर भी बतलाये और कहा कि चिंहित कर जरूरतमंदों को रखें जब सरकार के यहां से नयी योजना की स्वीकृति मिलती है तो वैसे लोग को दिया जायेगा। वही बैठक में मुखिया लोगो ने कहा कि पंचायत सेवक लोग हम लोगो किसी भी कार्य के बारे में नही बतलाते है और पंचायत सचिवालय में भी रोज नहीं आते है। तब श्री कुमार ने कहा कि अगर पंचायत सेवक नहीं आते है। तो बीडीओ को लिखित आवेदन मिखिया लोग देने का काम करें। बैठक में जमीरा पंचायत के मुखिया दुर्गावती देवी सेरक मुखिया अनीता भगत अलोदिया पंचायत की मुखिया फुल जंसिया टोप्पो पंचायत के मुखिया बीफाई मुंडा बारी मुखिया सुस्मिता कुमारी समेत कई लोग बैठक में मौजूद थे।

## वार्ड पार्षद ने निजी खर्च से स्ट्रीट लाइटें लगवायी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 की पार्षद अविनाश कौर ने अपने वार्ड में स्ट्रीट लाइट की दयनीय स्थिति को देखते हुए अपने निजी खर्च से आज आधा दर्जन स्ट्रीट लाइटें लगवायी। पार्षद ने कहा की चूंकि नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइट समय पर नहीं मिलने के कारण आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही थी और दुर्गा पूजा एवं अन्य त्यौहारो को देखते हुए आज अपने निजी खर्च से आधा दर्जन लाइटें लगवायी हैं। आने वाले समय में जरूरत होगी तो और भी लाइटें स्वयं के खर्च से लगायी जायेंगी।

## जितिया जतरा हर्षोल्लास के साथ मनाया

**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कैरो में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को जितिया जतरा हर्षोउल्लास के साथ लगाया गया। मौके पर कैरो, नवाटोली, उतका, खंडा, नरौली, जमुंटोली, बंधटोली चट्टी, चल्हो, गजनी, आदि गांव के आदिवासी खोड़हा समिल होकर अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के द्वारा जतरा में समिल सभी खोड़हा को उपहार स्वरूप नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। जतरा में लोगों ने समान की खरीदारी किये वहीं जतरा में बच्चों ने झूला का जमकर आनंद लिया। जतरा में किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस बल तैनात दिखी। वही विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रखंड एवं अंचल कार्यालय द्वारा भी कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। जतरा को सफल बनाने में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष बजरंग उरांव, सचिव प्रकाश उरांव, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, रवि प्रजापति, परमेश्वर भगत, बिनोद रविदास सह सचिव बाबूलाल उरांव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल पदाधिकारी कमलेश उरांव, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, गांव के सभी गण्यमान सहित क्षेत्र से आये खोड़ा दल का आयोजन में अहम योगदान किया।

### केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति और विभिन्न पूजा पंडालों के बीच हुई समन्वय बैठक

# सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दुर्गा पूजा को जिला में धूमधाम से मनाने को लेकर स्थानीय कलश पैलेस वीर शिवाजी पथ में समन्वय बैठक केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा (संतोष) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें शहरी क्षेत्र के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के भी अलग-अलग पूजा पंडालों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत महामंत्री मिथुन तमेडा. ने आपस में परिचय के साथ किया। उन्होनें कहा कि विगत दो वर्षों के कोरोना काल के कारण जो भव्यता नहीं हो सकी उस व्यवधान से ऊबर कर इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्य तरीके से और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बैठक में सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया विशेषकर विद्युत और अग्निशामक को दुरुस्त रखा जाये। निगरानी हेतू सीसी टीवी की व्यवस्था रखी जाये। लोहरदगा प्रशासन एवं नगरपालिका के सहयोग से शहर की बिजली व्यवस्था और सफाई को प्राथमिक रुप से सुधार की जायेगी। अध्यक्ष इंद्रिजित लकड़ा ने बताया कि 26 सितंबर को कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें झारखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ सभी माता रानी के भक्त गण सम्मिलित होंगे। विशेषकर मातृ शक्ति स्वरुपा महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।



### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अरविंद यादव, निखिल कुमार,श्यामसुंदर वर्मा, संदीप भगत ,पंकज महतो,रोहित साहु, सत्यजीत सिंह, रिंकु वर्मा, सुनिल टोप्पो, गुड्डुस साहू, राजु यादव, सुनिल लकड़ा, प्रवीण ठाकुर, अजय ठाकुर, तनय साहू, कुणाल यादव, रवि वर्मा, जयप्रकाश शर्मा, निलेश गुप्ता, विजय उरांव, नितेश केशरी, दीपक साहू, विशाल वर्मा, जोधन नारायण साहू, प्रसनजीत घोष, कपिल देव मिश्रा, दीपक , अमित कुमार वर्मा, राणा प्रताप सिंह, मिथिलेश वर्मा, नितेश यादव, अजय कुमार महतो, अमर सिंह, राजू वर्मा, रंजन कुमार, अभिषेक सहदेव, सचिन आनंद, रितिक वर्मा, दिव्यांशु, बसंत पंकज, सूरज साहू, शुभम वर्मा, विक्की कुमार के साथ अन्य माता रानी के भक्तगण उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनायी जायेगी अग्रसेन जयंती : चंद्रशेखर अग्रवाल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा अग्रवाल सभा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह आगामी 26 अक्टूबर को धूमधाम से मनायी जायेगी। इसकी जानकारी सभा के संरक्षक चंद्रशेखर अग्रवाल, अध्यक्ष प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, अग्रवाल सभा संरक्षक अजय कुमार मित्तल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन का जयंती उत्सव 26 अक्टूबर को लोहरदगा अग्रसेन भवन में आहूत किया गया है। जिसमें महाराजा अग्रसेन का पूजा-हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। समारोह को सफल बनाने के लिये अग्रवाल सभा के महिला-पुरुष के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी भी बनायी गई। जिसमें अग्रवाल सभा के सचिव अनिल अग्रवाल को संयोजक बनाया गया। बैठक में प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, राखी अग्रवाल, नीति भारतीय, अनु अग्रवाल, नीति अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, कनक लता अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल,नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित थे।

# जितिया जतरा का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड के तीन स्थान सदर पंचायत बारियातु के गाड़ी, टोंटी पंचायत के इटके एवं टुंडाहुटु में सोमवार को जितिया जतरा का आयोजन धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ किया गया। इट-के स्थित जतरा टांड में जितिया जतरा का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी सह आरजेडी नेता सुरेश राम, स्थानीय मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, बालूमाथ आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, बारियातु अध्यक्ष लवकुश यादव, समाजसेवी मो. सालिम, प्रमुख उर्मिला देवी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, समाज सेवी बिरेंद्र पासवान, मनोज यादव, बिरेंद्र यादव, युवा अध्यक्ष दिपक यादव जितिया जतरा समिति के अध्यक्ष काशिनाथ उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फिता काट एवं मांदर बजा कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरना धर्मवलंबियों एवं उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राम ने कहा कि जितिया जतरा पर्व के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन से हमारी परंपरा एवं संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है। हमें हर हाल में अपनी परंपरा और संस्कृति को बचा कर रखना है साथ ही कहा कि इटके का जितिया जतरा पूर्वज से होता आ रहा है जो प्रखंड ही नहीं बल्कि पूरे जिला भर में प्रचलित है। वही कहा की किसी प्रकार का आयोजन हो मैं सदैव आपके बीच उपस्थित रहूंगा और हर संभव मदद करूंगा। इससे पूर्व आये सभी अतिथियों का जितिया जतरा समिति के ओर से माला पहना एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।




### साड़ी का वितरण किया

वहीं लातेहार जेएमएम विधायक बैजनाथ राम द्वारा भेजे गये 60 साड़ी का वितरण टोंटी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, समिति के अध्यक्ष काशिनाथ उरांव ने महिलाओं के बीच वितरण किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सुरेश राम ने इटके जतरा में आये झुमर खेलने चार खोड़ा के चालिस महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। वहीं पंचायत के मुखिया शांति देवी ने रेड़ाही एवं कटहल टोला के फुटबॉल खिलाड़ियों के टीम बीच एक एक सेट फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया। वहीं मंच का संचालन प्रदीप राम ने किया। मौके पर रंजय राम, अमित उरांव, महेंद्र उरांव, गणेश राम, नन्दु उरांव, विशेस्वर उरांव, सुरेंद्र उरांव, श्रिराम उरांव, शिबु उरांव, अरूण उरांव सहित समिति के सदस्य के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पशु चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों को मिली कई जानकारियां

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत भड़गांव पंचायत भवन में विशेष शिविर के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन पशुपालन विभाग के निर्देश पर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान डॉक्टर रोहित कुमार द्वारा बीमार पशुओं का इलाज एवं पशुपालकों के बीच निःशुल्क कृमि नाशक दवा के अलावे पशुओं के लिए जरूरी अन्य दवाओं का वितरण किया गया। उपस्थित सभी पशुपालकों को बरसात के दिनों में पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उससे बचाव का उपाय की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। विशेष शिविर के माध्यम से पंचायत वार शिविर का आयोजन किया जाना है। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि विशेष शिविर के तहत बदला पंचायत और डांडू पंचायत ग्राम में इससे पूर्व शिविर का आयोजन कर मवेशियों को एफएमडी टिका एवं आवश्यक दावा का वितरण किया जा चुका है। भड़गाव पंचायत भवन में आयोजित शिविर के दौरान 30 पशुओं को एफएमडी टीका लगाया गया, निःशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर के दौरान पशुधन सहायक शशि कुमार महतो, पशुधन सहायक बाबू साहेब सिंह के अलावे पशुपालक मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड के बांडी गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों को नीलगाय का बच्चा सौंपा



**मानिका/लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंजो पंचायत के ग्राम बांड़ी गांव में नीलगाय के बच्चे को ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों को सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार नीलगाय का बच्चा अपने मां से बिछड़ कर इधर उधर भटक रहा था। उसी दरमियान गाय बैल चला रहे लोगों ने देखा घर पर ले आया उसके बाद वन विभाग के कर्मियों को सूचना दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मी गांव पहुंचे। और तुरंत नीलगाय के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर वन विभाग के कर्मियों ने कहा कि नीलगाय का बच्चा 2 से 3 दिन का है हम लोग कोशिश करेंगे कि नीलगाय का झुंड कहां पर है। हम लोग उसके मां के पास जाकर छोड़ देंगे। नहीं मिलने पर हम लोग बेतला नेशनल पार्क ले जाकर छोड़ बच्चे को छोड़ देंगे। ताकि वहां पर इस की बेहतर देखभाल हो सके।

## झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का लिया निर्णय

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य राजस्व उपनिरीक्षक संघ के आवाहन पर 11 सूत्री ग्रेड की पूर्ति लागू होने तक राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल में राजस्व उप निरीक्षकों को भाग लेने को लेकर सोमवार को लातेहार ब्लॉक परिसर सभागार में बैठक किया गया। बैठक के उपरांत सुरेश राम ने कहा कि झारखंड राज्य राजस्व निरीक्षक संघ के द्वारा 23/8/2022 को अपर मुख्य सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड सरकार को 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया था। इतने दिन बीत जाने के बाबजूद भी हमारी11 सूत्री मांगों की पूर्ति नहीं की गई। जिसको लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का लिया निर्णय है। अगर हमारी 11 सूत्री मांग पहला राजस्व उप निरीक्षकों का ग्रेड पे 2400 दिया जाए एव तीन वर्ष बाद ग्रेड पे 2800 किया जाये। परोन्नति के लिये राजस्व उप निरीक्षकों की कार्य अवधि 5 वर्षों रखी जाये। अंचल निरीक्षकों की सीधी बहाली पर रोक लगाते हुए 50% पदों पर वरीयता वरीयता तथा 50% समिति प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर प्रोन्नति किया जाये। राजस्व उपनिरीक्षक के अंचल निरीक्षक के रिक्त पदों को अविलंब भरा जाये। राजस्व उप निरीक्षक के रिक्त पदों पर अभिलंब बहाली किया जाये। राजस्व प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। राजस्व उप निरीक्षकों को क्षेत्र भ्रमण के लिये सुरक्षा मुहैया कराया जाये। राजस्व उप निरीक्षकों को क्षेत्र भ्रमण के लिये दो पहिया वाहन एवं इंधन खर्च उपलब्ध कराया जाये। हल्का इकाई का पूर्ण गठन किया जाये। राजस्व उप निरीक्षकों को लैपटॉप व नेट खर्च दिया जाये। वित्त विभाग के ज्ञापन 9/पे,(6)01/ 2022/ 26/ वि. पे .दिनांक 1/8 /2022 के आलोक में जनगणना से समायोजित राजस्व उप निरीक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से जोड़ते हुए पुरानी पेंशन लागू किया जाये। अगर हमारी 11 सूत्री ग्रेड की पूर्ति नहीं होती है तो संघ के द्वारा यह हड़ताल जारी रहेगा।

## सेवा पखवाड़ा के तहत कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में कृत्रिम अंग एवं उपकरण के जिला प्रभारी सह जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह जी मौजूद रहे। आपको बता दूं कि इस कार्यक्रम का आज तीसरा दिन दिव्यांगों के बीच कृत्रिम यंत्र का वितरण किया गया। जिन्हे कृत्रिम यंत्र प्रदान किया गया। उनमें बसंत नायक, जयप्रकाश उरांव, भूखल बैगा,रमेश यादव, पिंटू नायक, रमेश सिंह समेत दर्जनों लोगो का नाम शामिल है। मौके पर जिला महामंत्री बंशी यादव जी एवं पंकज सिंह, जिला मंत्री ध्रुव पांडेय, प्रदेश नेत्री कल्याणी पांडेय, दिशा की सदस्या रानी कुमारी, सांसद प्रतिनिधि नगर मंडल विवेक चंद्रवंशी, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव जी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिला देवी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ग्रामीण मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, अवधेश यादव, पप्पू नायक समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## 'जले पर नमक ' छिड़कने के समान है स्थानीय नीति : कंवलजीत सिंह

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग किया है कि स्थानीय नीति जो सरकार के द्वारा घोषित की गई है वह स्वागत योग्य है क्योंकि स्थानीयो को उनका हक अधिकार मिलना ही चाहिए। किंतु इस मामले में कुछ त्रुटियां भी हैं। जिस पर मुख्यमंत्री को और सरकार को विचार करते हुए संशोधन भी करना चाहिए। कुछ जिलों में सर्वे 1932 के बाद हुआ है तो क्या वैसे जिलों के लोग इस लाभ से वंचित रह जायेंगे। कुछ भूमिहीन परिवार जिनके वंशज सैकडों वर्षो से यहां रहते आ रहे हैं क्या उनके लिए भी संशोधन नहीं होना चाहिए और दूसरी ओर जब देश का विभाजन हुआ तो 1947 में बहुत सारे लोग लाखों की संख्या में झारखंड में आकर बसे, आज जब ऐसे लोग 75 साल से यहां निवास कर रहे हैं और तीसरी और चौथी पीढ़ी उनकी यहां चल रही है तो ऐसी स्थिति में अगर झारखंड उनको अपना स्थानीय निवासी नहीं मानती है और बिहार से पहले ही हम लोग अलग हो चुके हैं तो फिर हम किस राज्य के स्थाई नागरिक है। अगर सारे राज्य इसी तरह की नीति लागू कर दें तब तो यह सवाल उठता है कि देश में दो-दो प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल और मनमोहन सिंह और गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी कैसे इतने बड़े पद पर पहुंच गये और अगर संशोधन नहीं किया जाता है तो फिर वैसे लोगों को वापस पाकिस्तान भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए। क्योंकि उनका खतियान तो वहीं पर है और भी दुख की बात यह है कि देश आजादी के समय अपने ही देश से, अपने ही देश में आये् लोगों को शरणार्थी कहा जाता है। पहले ही सब कुछ लुटा कर आये लोगों पर इस तरह की नीति पर विचार होना चाहिए क्योंकि यह 'जले पर नमक' छिड़कने के समान है।

## किस्को पुलिस ने शराब का जखीरा किया बरामद, कारोबारी गया जेल

**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला के किस्को थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब का जखीरा एवं एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इधर किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार के नेतृत्व में चलाये गये छापेमारी अभियान में किस्को थाना क्षेत्र के नवाडीह बरवाटोली चौक के समीप अपने मोटरसाइकिल से शराब ले जा रहा एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उक्त शराब कारोबारी युवक के पास से भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि शराब कारोबारी जोबांग थाना क्षेत्र के मक्का निवासी सन्तोष कुमार साहू पिता श्याम किशोर साहू को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इधर पुलिस गिरफ्त में आया शराब कारोबारी को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद किस्को पुलिस ने लोहरदगा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले को ले थाना प्रभारी सनी कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के द्वारा घर में अवैध शराब का कारोबार का धंधा चलाया जा रहा था। किस्को पुलिस के द्वारा देशी और विदेशी किस्म की कुल 66 बोतल शराब जब्त किया गया है। जिसमें कंगारू 650 एमएल, गॉडफादर 650 किस्म का शराब शामिल है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सनी कुमार ने बताया कि किस्को थाना कांड संख्या 29/21 एंव आईपीसी की धारा 272, 273भादवी 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### खरकी के कोचा बरनाग में फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, चैंपियन बनी हुआहार की टीम

# अनुशासन और टीम भावना से मिलती है सफलता: सूर्यकांत प्रसाद

**किस्को/लोहरदगा (आजादी सिपाही)।** किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के कोचा बरनाग गांव में स्थित फुटबॉल मैदान में नव युवक संघ कोचा बरनाग फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य रूप से समापन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। इधर नव युवक संघ कोचा बरनाग द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के हरदिल अजीज समाजसेवी सूर्यकांत प्रसाद उर्फ मंटू शामिल हुए। इधर फाइनल मैच का शुभारंभ नन्ही परी बिटिया काव्या रानी के द्वारा फुटबॉल को किक लगाकर किया गया। इस बीच मुख्य अतिथि समाजसेवी सूर्यकांत प्रसाद उर्फ मंटू का स्वागत मंडली के बहनें और भाइयों के द्वारा स्वागत कर मंच तक ले जाया गया जहां पर भव्य तरीके से सूर्यकान्त प्रसाद उर्फ मंटू व अन्य अतिथियों का फूल माला एवं बैच पहनाकर एवं झारखंडी संस्कृति रीति-रिवाज के अनुसार स्वागत किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी सूर्यकांत प्रसाद उर्फ मंटू ने कहा कि खेल में अनुशासन जीत की द्वार खोलती है। उन्होंने कहा कि किसी भी टीम को सफलता प्राप्त करने के लिए टीम भावना बहुत ही मायने रखता है। मुख्य अतिथि समाजसेवी सूर्यकांत प्रसाद ने कहा कि खिलाड़ियों को अनुशासन और टीम भावना के साथ अपने अंदर की प्रतिभा को प्रस्तुत करने से सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत है खिलाड़ी अनुशासन और टीम में बेहतर तालमेल बनाकर प्रदर्शन करें निश्चित रूप से सफलता कदम चुमेगी। उल्लेखनीय है कि नव युवक संघ कोचा बरनाग द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का चैम्पियन बना हुआहार एवं द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाने वाली डीएफसी दशरा टोली और छेछरा नवाडीह टीम को एक-एक खस्सी और नकद पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि समाजसेवी सूर्यकान्त प्रसाद उर्फ मंटू एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इधर फाइनल मुकाबला के दौरान कमिटी की ओर से खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें अंजली ग्रुप की टीम ने झारखंड की माटी पर आधारित धइन-धइन रे धइन हामर छोटानागपुर गीत पर डांस प्रस्तुत कर काफी वाहवाही बटोरने का काम कर दिखाया।



### मौके पर ये रहे मौजूद

मौके पर आयोजन समिति के संरक्षक अशोक कुजूर, पाहन दुर्गा तुरी, काव्या रानी, झिरगा भगत, सतनू उरांव, बजरंग तुरी, अशोक गोप, मास्टर आशीष मिंज, अंजली कुमारी, नाजिम शाह, बहादूर कच्छप, रोपा उरांव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यक्रम : सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट की उपविजेता बरवे उवि की टीम का गुमला चैनपुर में हुआ भव्य स्वागत**

# इस जीत से क्षेत्र का नाम पूरे देश में ऊंचा हुआ है : प्राचार्य

**बरवे उवि की टीम ने पूरे झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पहली बार उपविजेता कप हासिल किया है, जो विद्यालय सहित पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है : फा. अजीत**





**मनोज कुमार**

**चैनपुर।** अखिल भारतीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए 61वीं अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बरवे उवि ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और पूरे टूर्नामेंट में सफल संघर्ष करते हुए टीम उपविजेता रही। बरवे उच्च विद्यालय चैनपुर की टीम का सोमवार को गुमला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद चैनपुर पहुंचते ही ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें मुख्य मार्गों में भ्रमण कराया गया। सर्वप्रथम संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय के पास स्कूल के छात्राओं के द्वारा स्वागत किया गया। जैसे ही उप विजेता टीम चैनपुर बस स्टैंड पहुंची ढोल नगाड़ा के साथ जमकर आतिशबाजी की गई। पुष्प वर्षा करते हुए टीम का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। टीम के सभी सदस्यों को बुके एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी गई। उपविजेता टीम के चैनपुर पहुंचने पर स्कूल परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं झूमते गाते हुए अपने विद्यालय गये। जीत से उत्साहित स्कूल के प्राचार्य फादर राजेंद्र तिर्की ने कहा कि यह जीत बरवे क्षेत्र के लिए एक कीर्तिमान है। इस जीत से बरवे क्षेत्र का नाम झारखंड के साथ देश में भी ऊंचा हुआ है।

वहीं फादर अजीत ने कहा कि हमारा सपना था हमारी टीम दिल्ली जाकर वहां विजेता बने, पर इस बार हम उपविजेता कप हासिल कर पाये। हमारे बच्चों ने हमारा और हमारे विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। साथ ही फादर अजीत ने बताया कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद बरवे उच्च विद्यालय की टीम ने पूरे झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पहली बार उपविजेता कप हासिल किया है।

## बरवे क्षेत्र में हीरे की कमी नहीं है : विधायक

**मौके पर उपस्थित गुमला विधायक भूषण तिर्की ने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। साथ ही कहा कि बरवे क्षेत्र में हीरे की कमी नहीं है बस उनकी पहचान करने वाला चाहिए। आज हमारे बरवे उच्च विद्यालय की टीम ने पूरा झारखंड का मान सम्मान बढ़ाया है। खेल के प्रति इनका आत्मसमर्पण है जो यह टीम आज उपविजेता बनकर लौटी है। खेल में हार-जीत लगी रहती है एक टीम जीतती है तो दूसरी हारती है मगर आप खिलाड़ियों ने जो प्रदर्शन किया है वह काबिले तारीफ है। श्री तिर्की ने टीम के कोच को भी बधाई देते हुए कहा कि गुरु बिना ज्ञान अधूरा है ठीक वैसे ही एक खिलाड़ी को बेहतर खिलाड़ी बनाने के लिए कोच की आवश्यकता पड़ती है कोच की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि आज हमारा टीम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपविजेता का कप हासिल की है।**

जो बरवे उच्च विद्यालय सहित पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। दिल्ली में आयोजित सुब्रतो कप उपविजेता बनने वाली टीम में खिलाड़ियों के साथ कोच और विद्यालय परिवार की कड़ी मेहनत का नतीजा आज देखने को मिल रहा है। फादर अजीत एवं स्कूल के सहायक शिक्षक नंदकिशोर प्रसाद ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सहायक शिक्षक नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि पहली बार राज्य से निकलकर सुब्रतो के नेशनल मैच में अपने से बेहतर टीमों को हराते हुए फाइनल में जगह बनायी। फाइनल मैच में मणिपुर की टीम से हार का सामना करना पड़ा, परन्तु हमारे बच्चों ने जो खेल दिखाया उसकी व्याख्या शब्दों में नहीं की जा सकती। हम इस जीत से काफी उत्साहित हैं। वहीं कोच सुबीर कुजूर के परिश्रम को भी भुलाया नहीं जा सकता जिस प्रकार गुरु के बिना शिक्षा नहीं प्राप्त की जा सकती उसी प्रकार कोच के बिना इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की जा सकती। साथ ही बेस्ट कोच का अवार्ड मिलना एक उपलब्धि और सम्मान की बात है। वहीं पूरे 28 टीमों के खिलाड़ियों के बीच बेस्ट प्लेयर का अवार्ड बरवे उच्च विद्यालय के आकाश मार्डी ने प्राप्त किया। वहीं सुब्रतो कप उप विजेता बरवे उच्च विद्यालय टीम के 16 सदस्य खिलाड़ियों में अलेक्स कुजूर, जयंत एक्का, कान्हु किस्को, रवि टुडू, आकाश टोप्पो, आकाश मार्डी, समीर सोरेन, साहिल टुडू, विनीत बाखला, अमन रंजन कुजूर, सागर भगत, प्रशांत टोप्पो, विक्की कुमार साहू, अमरदीप कुजूर, मोहित मुर्मू, अविनाश मींज और कोच सुधीर कुजूर, नंदकिशोर प्रसाद के अलावा वाइस प्रिंसिपल फादर अजीत शामिल थे। इन सभी के अथक परिश्रम से ही आज बरवे उच्च विद्यालय की टीम ने पूरे झारखंड राज्य में अपना नाम हासिल किया है।

मौके पर जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बरवे उच्च विद्यालय की टीम ने दिल्ली में जाकर पूरे राज्य का मान सम्मान बढ़ाया है। अथक परिश्रम वह लगन से ही उपविजेता का कप हासिल किया है जो काफी गर्व की बात है।

मौके पर सहायक शिक्षक जोसेफ स्टेफन कुजूर, रनथू साहू, संजय कुजूर, सूचित टोप्पो, बिमला बेक, सुजाता खलखो, माधुरी एक्का, सिमा प्रिया, रूपा रानी, सुदीप कुजूर, जीप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर,सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, बजरंग गुप्ता, समीर अमरदीप एक्का, नीरज मौर्य, अरविंद मौर्य, मुखिया सोभा देवी, अनुप संजय टोप्पो, सतोष केशरी,मुस्तफिज खान, कृष्णा प्रसाद, दीपक टोप्पो, राजन पान्डे, राहुल कुमार, सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की उप विजेता टीम का सिसई में हुआ भव्य स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अंडर-14 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की उप विजेता रही गुमला जिले के बारवे उच्च विद्यालय चैनपुर की टीम का सोमवार को सिसई में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों व टीम प्रबंधन को पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम व मणीपुर की टीम के बीच 15 सितंबर को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें झारखंड की टीम उप विजेता बनी। उप विजेता बारवे उच्च विद्यालय के 16 सदस्यीय खिलाड़ियों में अलेक्स कुजूर, जयंत एक्का, कान्हु किस्को, रवि टुडू, आकाश टोप्पो, आकाश मार्डी, समीर सोरेन, साहिल टुडू, विनित बाखला, अमन रंजन कुजूर, सागर भगत, प्रशांत टोप्पो, विक्की कुमार साहु, अमरदीप कुजूर, मोहित मुर्मू व अभिनाश मिंज और टीम के कोच सुबीर कुजूर, मैनेजर नन्द किशोर प्रसाद के अलावा स्कूल के वाइस प्रिंसिपल फादर अजीत कुमार एक्का, पोरस मुंडा, सूचित अरुणोदय टोप्पो, शम्भू नाथ उरांव शामिल थे। मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, ललित उरांव, स्टेडियम महुआडीपा के आयोजक सह पूर्व उप प्रमुख दीपक अधिकारी, स्टेडियम के अध्यक्ष कैप्टन सोहराई उरांव, कोषाध्यक्ष सुबेदार कार्तिक उरांव, डे बोर्डिंग गर्ल्स फुटबॉल कोच रायमुनी उरांव, एथलेटिक्स कोच निर्मला कुमारी, खेल प्रेमी संतोष झा, रोहित कुमार शर्मा, दीपक सिंह, अनिल साहु, संजू पंडा, उमाशंकर जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## कापोडीह की टीम बनी पंचायत स्तरीय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** कापोडीह पारिस खेल मैदान में रविवार को ग्राम विकास द्वारा एक दिवसीय पंचायत स्तरीय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला कापोडीह बनाम टुकोटोली के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमें निर्धारित समय अवधि तक बराबरी पर रही। पेनाल्टी शुट के सहारे कापोडीह की टीम 3-1 से फाईनल मुकाबला जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल हुई थी। विजेता उपविजेता दोनों टीमो को अथितियों के द्वारा ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि फादर जेब्रेनियुस किन्डो, विशिष्ट अतिथि पानी पंचायत की मेम्बर जेमा टोप्पो, संदीप टोप्पो, प्रभा एक्का, सेलवेस्टीन एक्का, ग्राम विकास के संतोष पत्रो, गोविन्द बड़ाईक, एचुक मिंज, शिवटहल सिंह, शान्ति कुजूर, पायकस टोप्पो, भैया राम उरांव, मरियानुस कुजूर, सिमोन कुजूर आदि मौजूद थे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में लगातार हो रही हैं बच्चियां बीमार



**रविवार को भी दो छात्राओं को इलाज के लिए लाया गया सदर अस्पताल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पालकोट।** कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय बाघिमा पालकोट की छात्राएं लगातर बीमार हो रही हैं। रविवार की रात्रि दो छात्राएं पालकोट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सदर अस्पताल गुमला रेफर की गयीं। ताकि उन्हें बेहतर इलाज मिल सके। लेकिन देखने वाली बात यह थी कि उन छात्राओं के साथ छात्रावास का कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं था। इलाज के लिए परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल गुमला लगभग 10 बजे रात को लाया गया। इन छात्राओं में पालकोट प्रखंड के पानसनी गांव निवासी बुधनाथ लोहरा की पुत्री सोनी कुमारी, दूसरी छात्रा बघिमा गांव निवासी बंधु चीक बड़ाईक की पुत्री राधिका कुमारी के नाम शामिल हैं। दोनों छात्राओं के साथ अवासीय विधालय बघीमा की कोई भी शिक्षक, वार्डेन, गार्ड या कर्मचारी साथ नहीं आये।

कस्तूरबा की छात्राओं की तबियत खराब होने पर परिजनों की सूचना पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान अपनी टीम के साथ सदर अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। मामले की जानकारी सदर अनुमंडल सह दंड अधिकारी गुमला को दी गई। बताया जा रहा है कि यह इस छात्रवास की नौवीं घटना है। ग्रामीण कह रहे हैं कि बावजूद इसके अवासीय विद्यालय बघिमा के रखरखाव एवं सफाई व्यवस्था की कोई जांच नहीं हुई। इस पर जल्द से जल्द जाचं होनी चाहिए। ताकि जिले के मजदूर वर्ग, गरीब वर्ग, किसान वर्ग असहाय वर्ग की बच्चियों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं हो।

## पुगू नदी का सीमांकन कार्य तीसरे हफ्ते भी जारी

**सोमवार को वार्ड 6, दीप नगर में हुआ नापी का कार्य**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर पुगू नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में सीमांकन कार्य लगातार तीन हफ्ते से जारी है।

तीसरे हफ्ते के पहले दिन आज वार्ड नम्बर 6 के दीपनगर इलाके में नदी तटीय इलाकों का सीमांकन कार्य किया गया। प्रथम हष्टया अतिक्रमण के मामलों की विधिवत नापी करवाने के बाद उनके अतिक्रमित हिस्सों को अंचल कर्मियों द्वारा नाप कर लाल रंग से दाग लगाया जा रहा है। सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर नगर परिषद के अभियंताओं, कर दरोगाओं ने सदर अंचल की टीम के साथ संयुक्त रूप से पुगू नदी की उक्त नापी कार्य को करवाया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि शीघ्र ही चिंहितीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। तदुपरांत नियमानुसार नगर पालिका अधिनियम 2011 के तहत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## प्रकृति पर्व करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : भूषण बाड़ा

**सलगापोस पल्ली में करमा पर्व सह सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन**



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** ठेठईटांगर प्रखण्ड के सलगापोस पल्ली में रविवार को करमा पर्व सह सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक सह झारखंड सरकार के मुख्य उपसचेतक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि करमा झारखंडी संस्कृति का एक महान पर्व है। प्रकृति पर्व करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सांकृतिक नाच प्रतियोगिता के ग्रुप बी में टांगरतोली, कुरुमदेगी, जपलंगा एवं ए ग्रुप में टांगरतोली, कुरुमडेगी, जपलंगा की टीम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिसे विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य अजय एक्का, जिप सदस्य समरोम पोल तोपनो आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा.जेम्स लकड़ा, फा. जोशफ समद, फा. एशीदोर केरकेट्टा, सिस्टर सिलबिया सुरीन,सिस्टर नोबी कुल्लू सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव ने सीडब्लूसी को सौंपा नौ माह का बच्चा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव को एक नौ माह का बच्चा प्राप्त होने की सूचना के बाद यह खबर शहर में चर्चा का विषय बनी रही। मिशन बदलाव की सैयदा खातून ने बताया कि किसी व्यक्ति ने उन्हें एक अर्धपुष्ट बच्चा दिया और कहा कि इसकी देखरेख के लिए जो कानूनी कार्रवाई होती है वो करते हुए बच्चे को किसी संस्था को दे दें। और बच्चे का भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करें। मिशन बदलाव की टीम सर्वप्रथम बच्चों को रखने वाली संस्था के पास गयी। जिसमें संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सबसे पहले बच्चे को सीडब्ल्यूसी में दिया जाये। तत्पश्चात उनके द्वारा अगर इस संस्था को इसके पालन पोषण की जिम्मेदारी दी जाती है तो संस्था इसका पालन पोषण करेगी। मिशन बदलाव की टीम बच्चे को लेकर सीडब्लूसी पहुंची। सीडब्लूसी में बच्चे की सूचना देते हुए उसके बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए उसे सदर अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक बच्चे का इलाज कर रहे हैं। साथ ही इलाज का बाहरी खर्च मिशन बदलाव की टीम उठा रही है। फिलहाल बच्चे का स्वस्थ बेहतर है।

## ट्रक और अल्टो की टक्कर में युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के नगड़ी ढालान के समीप सोमवार की देर शाम बॉक्साइट ट्रक टक्कर और अल्टो की सीधी भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक घाघरा निवासी कृष्णा प्रजापति है, जो पुलिस विभाग में कार्यरत है। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बॉक्साइट ट्रक आदर की ओर से घाघरा आ रहा था। वहीं विपरीत दिशा से अल्टो कार आदर की ओर जा रही थी। जहां नगड़ी ढालान के समीप दोनों की सीधी भिड़ंत हो गयी। जिससे अल्टो कार चालक पुलिस का जवान कृष्णा प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। बॉक्साइट ट्रक को कब्जे में ले लिया। वहीं मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है।

## सोशल पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** सोशल पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन डुमरी थाना के द्वारा प्रखंड खेल मैदान में किया गया है। जिसका शुभारंभ एसआई सूरज यादव ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। वहीं उद्घाटन मैच डुमरी पंचायत और उदनी पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें डुमरी पंचायत की टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में उदनी पंचायत को 2-1 से पराजित कर विजयी हुई। इस संबंध में एएसआई सूरज यादव ने बताया कि एसपी गुमला के निर्देशानुसार सभी पंचायतों के बीच सोशल पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें विजयी होने वाली टीम को अन्य थाना क्षेत्र की विजयी टीमों से खेलने के लिए गुमला भेजा जाएगा, जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एसपी गुमला के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## घाघरा प्रखंड में धूमधाम से हुई जितिया पूजा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांव में जीवित्पुत्रिका जितिया पूजा रविवार की शाम धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान माता बहनों ने अपने पुत्र की लंबी उम्र के लिए भगवान विष्णु से कामना की। कई जगहों पर सामूहिक रूप से माता बहनों ने जितिया व्रत किया और पारंपरिक नृत्य व गान भी की और भगवान विष्णु से अपने पुत्र की लंबी उम्र की कामना की।

## चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जितिया पूजा कर माताओं ने की संतान की लंबी उम्र की कामना



**चैनपुर (आजाद सिपाही))।** चैनपुर प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में जीवित्पुत्रिका का पर्व परंपरागत ढंग से रविवार को मनाया गया। इस दौरान व्रती महिलाओं ने अपने सुबह से ही पर्व की तैयारी शुरू कर दी थी। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सारा दिन निर्जला उपवास रखा और अपने संतान की लंबी आयु की कामना की। व्रती महिलाएं जितिया दाल के समीप एकत्रित होकर विधिपूर्वक पूजन अर्चना की।

**पहल : विधायक भूषण बाड़ा ने मरीजों के लिए दैनिक मुफ्त बस सेवा का किया शुभारंभ, कहा**

# हर रोज 8 बजे से मरीजों को लेकर राउरकेला रवाना होगी बस

**विधायक की पहल पर जेपी हॉस्पिटल राउरकेला के सौजन्य से उपबल्ध करायी गयी है निःशुल्क बस सेवा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक सह झारखंड सरकार के मुख्य उप सचेतक विधायक भूषण बाड़ा ने मरीजों के आने जाने के लिए मुफ्त दैनिक बस सेवा का शुभारंभ झूलन सिंह चौक से किया। बताया गया कि विधायक की मांग पर जयप्रकाश अस्पताल राउरकेला के सौजन्य से चलने वाली निःशुल्क बस रोजाना सुबह 8 बजे बस स्टैंड से रवाना होगी। साथ ही अपराह्न 4 बजे मरीजों को सिमडेगा छोड़ने के लिए जेपी हॉस्पिटल से सिमडेगा के लिए निकलेगी।

मौके पर विधायक ने कहा कि जेपी अस्पताल की यह निःशुल्क बस सेवा सिमडेगा की जनता को सुपुर्द है। हमने अक्सर देखा है कि सरकारी एम्बुलेंस से हम यहां के मरीजों को राज्य के अस्पतालों में इलाज कराने के लिए भेज पाते हैं। लेकिन राउरकेला स्थित अस्पताल जाने वाले मरीजों के लिए एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सब सेवा शुरू की गई है। ताकि सिमडेगा के मरीज बिना किसी खर्च के राउरकेला स्थित जेपी अस्पताल जाकर इलाज करा सकें। आने वाले दिनों में जेपी अस्पताल को आयुष्मान कार्ड योजना के साथ टाईअप किया जाएगा, ताकि सिमडेगा के अधिक से अधिक गरीब जनता को जेपी जैसे प्राइवेट अस्पताल में कम खर्च पर बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा सके। इसके अलावे सिमडेगा जिले में चिकित्सकों की कमी को दूर करने की भी मांग सरकार से की गई है। हाल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकों की पदस्थापना कराने की भी मांग की है। विधायक ने जेपी अस्पताल को बस में ऑक्सीजन, बेड आदि की भी सुविधा बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर एक बार से भी ज्यादा बार सिमडेगा से बस चलायें। वहीं सिमडेगा से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का कम खर्च पर प्राथमिकता के साथ इलाज करें। कार्यक्रम में जैन मुनि डॉ पद्मराज जी महाराज, जेपी अस्पताल के चेयरमैन संजय बंसल, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पॉल टोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, लीलू राम अग्रवाल, मो गयासुद्दीन, मतीउर रहमान, उप प्रमुख सिल्बेस्टर बाघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमण, जेपी अस्पताल के एचओडी संजीव पटनायक, चैंबर ऑफ कॉमर्स के मोती अग्रवाल, मुकेष गोयल, सोनल लकड़ा, सागर, प्रेम गिरी, प्रेम शर्मा, बन्नू, सतीश कु सिंह, मंजू तिर्की,नीला नाग,सुषमा कुजूर,प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे। मौके पर मंच संचालन मनोज कुमार मन्नू ने किया।

### सांसद खेल स्पर्द्धा फुटबॉल टूर्नामेंट के जिला स्तरीय फाइनल मैच में हुसैनाबाद की टीम एक गोल से विजयी

# वीडी राम ने विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार से किया सम्मानित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सांसद खेला स्पर्द्धा फुटबॉल टूर्नामेंट का जिला स्तरीय फाइनल मैच का सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने मेदिनीनगर के जिला स्कूल के मैदान में रंगारंग कार्यक्रम एवं अतिथियों के स्वगत के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल को किक मारकर एवं गुब्बारा उड़ाकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच रामगढ़ प्रखंड के उलडंडा एवं जमुआ हुसैनाबाद के बीच खेला गया। पहले हाफ के 20 वें मिनट में जमुआ हुसैनाबाद 1- 0 से आगे थी। जिसमें अरुण कुमार ने पहला गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। वहीं रामगढ़ के उलडंडा की टीम इस मैच में एक गोल दाग का बराबरी में करने का पूरा प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाई। और यह फाईनल मैच एक गोल से हार गया। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने किया एवं खेल का कॉमेंट्री अमित श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक आलोक चौरसिया,श्याम नारायण दुबे, विवेक भवानी सिंह,अविनाश वर्मा,प्रफुल्ल सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, विभाकर नारायण पांडे, विपिन बिहारी सिंह, विनोद कुमार सिंह, अलख पांडे,गढ़वा



जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, रामप्रवेश सिंह,डीजीएम राजहरा जेपी रावत, जीएम सीएसआर एसएन लाल, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, धर्मेंद्र उपाध्याय, रामलाल चौरसिया, देसी चौरसिया, ट्विंकल गुप्ता, संजय कुमार, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे,शिव कुमार मिश्रा,इतवारी पांडे, संजय गुप्ता, सोमेश सिंह, ज्योति पांडे, मुरारी पांडे, रूपा सिंह, मंजू लता दुबे, सीटू गुप्ता, लवली गुप्ता, अध्यक्ष विजय पाठक, सुनील पांडे, शशि भूषण पांडे, शंभू पासवान, जवाहर चंद्रवंशी, महादेव प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि संजय गुप्ता, रविंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह, जय दुबे,सुनील पासवान, रामेश्वर राम,ट्विंकल गुप्ता, आनंद सिंह, अखिलेश मेहता,महेंद्र सिंह, शेखर गुप्ता, अमरेश श्रीवास्तव, सुशील सिंह, अखिलेश पांडे, पंकज तिवारी, राघवेंद्र तिवारी,भोला पांडे,कृष्ण विजय सिंह, पंकज शर्मा, शुभक तिवारी,कामेश्वर कुशवाहा, बृजेश शुक्ला, धीरेंद्र दुबे,शैतान गर्ग, बुलबुल दुबे, प्रमोद दास गुप्ता एवं काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी मौजूद थे। आज के फाइनल मैच में मैच रेफरी की भूमिका में प्रसनजीत दास गुप्ता एवं लाइनमैन की भूमिका स्वराज सिंह एवं कौशल कुमार ने निभाया। टेक्निकल टीम के दीपेंद्र सिंह, मोहम्मद इदरीश, साहिब सिंह, सनत चटर्जी, नंद किशोर भारती,चंदन कुमार,सुमित कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। फाइनल मैच के विजेता टीम जमुआ हुसैनाबाद को ट्रॉफी के साथ 50 हजार रुपए नगद एवं उपविजेता टीम रामगढ़ उलडंडा को ट्रॉफी के साथ 25 हजार रुपए नगद पलामू सांसद की ओर से इनाम दिया गया।

## मठ की भूमि को लेकर लोगों में उबाल, हरिहरगंज बाजार रहा बंद

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के मोतीराज इंटर कालेज अररूआ खुर्द मौजा में मठ की भूमि को लेकर लोगों में उबाल है। सोमवार की सुबह बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतरकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया तथा सभी व्यवसायियों ने अपने दुकान प्रतिष्ठान को बंद रखा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक,पलामू एसपी, छतरपुर एसडीएम, एसडीपीओ तथा प्रभारी थाना प्रभारी आदि पर भू माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। बाद में मेन बाजार आरसी लाल चौक के समीप धरना दिया । धरना कार्यक्रम में विजय कुमार जायसवाल, भोला गुप्ता, बुधन सिंह यादव, विश्वदीप कुमार, राजीव रंजन, जेपी गुप्ता, राजेश शौंडिक,कृष्णा क्रांतिकारी, कमलेश यादव,महादेव यादव, अविनाश शौंडिक, अजय स्वर्णकार,कृष्ण कुमार सिंह, अभय सिंह, अरविंद पासवान, अखिलेश विश्वकर्मा, अरूण स्वर्णकार, दिनेश गुप्ता, कामेश शर्मा, छोटू यादव, कृष्णा शौंडिक सहित कई लोगों ने भूमाफिया से मठ की जमीन को मुक्त कराने तथा उक्त स्थल पर




पूजा अर्चना करने की अनुमति देने की मांग की । बाद में धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, श्याम बाबू सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा ने लोगों की मांग को जायज बताते हुए इससे पलामू उपायुक्त को अवगत कराने का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि विवादित भूमि पर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता के द्वारा धारा 144 लागू की गई है। उक्त जमीन पर दो पक्षों द्वारा अलग -अलग दावे किए गये हैं। जिसमें पहले पक्ष के लोगों के द्वारा मठ की जमीन जबकि दूसरे पक्ष के सरोज प्रसाद व शिव यादव ने प्रथम पक्ष के मठ की जमीन के दावे को गलत बताते हुए केवाला से प्राप्त रैयती जमीन बताया है ।

## समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गयी तीसरी पुण्यतिथि

### लोगों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व.दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। बिश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक,बिश्रामपुर थाना के एसआई एसएन सिंह,अनंत कुमार सिंह,संजय सिंह,अनिल सिंह आदि ने स्व.दुबे के जीवन पर



विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातों को लोगो के साथ साझा किया। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। मौके पर पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, सुधीर दुबे, अशोक दुबे, सोनू दुबे, श्रवण सिंह, शंकर केशरी, राजनाथ पांडेय, कृष्णा चंद्रवंशी, हरिशंकर सिंह, विनय पांडेय, नागेंद्र प्रसाद पांडेय,दीपक पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं : कमलेश सिंह

### सरकार आउट सोर्सिंग से कर्मचारियों की व्यवस्था करे या सर्वे रद्द करे

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज के विधायक व एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद, हैदरनगर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा अंचलों के संबंध में री सर्वे कराने के लिए विधानसभा में तीन बार पुरजोर तरीके से आवाज बुलंद की है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है,जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि विधानसभा में तीसरी बार भी इस सवाल पर सरकार का रटा रटाया जवाब मिला की कर्मचारियों की



नियुक्ति के लिए बंदोबस्त पदाधिकारियों से रोस्टर सहित संशोधित अधियाचना की मांग की गई है। ढाई वर्ष से नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो सकी है। इस स्थिति में प्रभावित अंचलों के भूमि मालिको के बीच भूमि विवाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रत्येक थाना में दो तीन मामले भूमि विवाद से संबंधित मार पीट के आते हैं। जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना रहता है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्थिति को देखते हुए सरकार को तत्काल समाधान करने की जरूरत है। विधायक ने इस मामले में कहा कि सरकार स्पष्ट करे की कब तक री सर्वे करा लिया जाएगा।

**कैसे होगा त्वरित निदान**

विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर ,हरिहरगंज, मोहम्नदगंज व पिपरा में सर्वे के ट्रायल इंट्री को समाप्त कर 2016 तक के रजिस्टर टू से सभी भूमि की इंट्री की जाए, या आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की व्यवस्था कर री सर्वे का काम तत्काल कराया जाए। अगर भूमि संबंधित ऑनलाइन की गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने की दिशा में तत्काल विभागीय कार्रवाई नहीं होती है, तो जनता सड़क पर उतर कर राजस्व विभाग का काम काज ठप्प करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गांव गांव में भूमि विवाद की वजह मार पीट खून खराबा हो रहा है। प्रभावित अंचलों के थानों में कुछ मामले इंट्री होते हैं, कुछ को टहलाया जाता रहता है। अगर आंकड़ों को देखा जाए तो प्रभावित थानों में 90 प्रतिशत मामले भूमि विवाद से ही संबंधित हो रहे हैं। इससे आपसी मेल व भाईचारा भी तार तार हो रहा है।

## हैदरनगर में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा, प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही) ।** हैदरनगर रेलवे गुमटी के समीप डॉ. तिवारी जी के मैदान में विश्वकर्मा संघ की ओर से पारंपरिक प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। रविवार को पूणार्हुति के बाद विसर्जन जुलूस निकाला गया। इसमें शामिल अध्यक्ष कमलेश विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष मनोज व अवधेश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा महासचिव व रामजय शर्मा सचिव के अलावे संतोष, देवकुमार शर्मा व अन्य सक्रिय सदस्यों के सहयोग से 14 वें वर्ष प्रतिमा स्थापित की गई। दूसरे दिन रविवार को प्रसाद वितरण के दौरान भजन कीर्तन में शामिल भक्त राजमोहन व विमलेश शर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, विनोद, प्रमोद, लखन, उपेन्द्र, रामजी व राजेश विश्वकर्मा ने इनकी महिमा आधरित भक्ति संगीत की प्रस्तुति की। इसके अलावे रेल परिसर छोटे छोटे कल कारखाने सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वकर्मा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। रविवार की शाम स्थानीय नदियों में जलस्तर कम रहने से अधिकांश प्रतिमाओं के विर्सजन उतर कोयल मुख्य नहर में किया गया।

## स्पोर्ट्स



**ड्रेसिंग रूम में स्टार या हीरो पैदा न करें, भारतीय क्रिकेट ही असली हीरो होना चाहिए, कोई व्यक्ति नहीं**

# गौतम ने कहा- कोहली-धोनी की पूजा करना बंद करो : पूर्व क्रिकेटर बोले फैंस और ब्रॉडकास्टर्स भारतीय क्रिकेट की इज्जत करें, स्टार पैदा न करें

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने इंडियन क्रिकेटर्स को स्टार बनाने के कल्चर पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा, '1983 के वर्ल्ड कप से ये होता आया है। केवल कपिल देव ने आपको वर्ल्ड कप नहीं दिलाया था, लेकिन आपने उन्हें स्टार बना दिया और उनकी पूजा करने लगे। धोनी और विराट के साथ भी यही हुआ। केवल ये दोनों भारत को मैच में



जीत नहीं दिलाते थे।'

**भारतीय क्रिकेट ही असली हीरो**

गौतम गंभीर फैंस और ब्रॉडकास्टर्स पर भी भड़के। गंभीर ने आगे कहा, 'ड्रेसिंग रूम में स्टार या हीरो पैदा न करें। भारतीय क्रिकेट ही असली हीरो होना चाहिए, कोई व्यक्ति नहीं। हमें किसी एक खिलाड़ी को बड़ा बनाने के बजाय पूरी टीम को बड़ा बनाने पर जोर और ध्यान लगाना चाहिए। फैंस और खासकर मैच दिखाने वाले ब्रॉडकास्टर्स को ये सोचना चाहिए। उन्हें भारतीय क्रिकेट की इज्जत करनी चाहिए। किसी एक खिलाड़ी की नहीं।'

**विराट की तारीफ हुई, भुवनेश्वर की नहीं**

गंभीर ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच का उदाहरण देते हुए कहा, 'जिस दिन विराट कोहली ने 71वां शतक लगाया था, उसी मैच में छोटे से शहर मेरठ के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने भी 5 विकेट लिए थे। किसी ने भी उनके बारे में बात तक नहीं की। यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं इकलौता शख्स था, जिसने कमेंट्री के दौरान लगातार भुवनेश्वर को लेकर चर्चा की। भुवनेश्वर ने 4 ओवर में 5 विकेट हासिल किए थे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इसके बारे में कोई और जानता होगा।'

**विराट की पारी के बाद देश में जश्न मनाने पर भी भड़के**

गंभीर यहीं नहीं रुके, उन्होंने विराट कोहली के शतक के बाद जश्न मनाए जाने पर भी अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा, 'विराट की पारी का खूब गुणगान किया गया। पूरे देश में जश्न मन रहा था। हमे ऐसी संस्कृति से बाहर निकलना होगा। चाहे वो क्रिकेट हो या राजनीति। सोशल मीडिया फॉलोअर्स देश में सबसे नकली चीज हैं।'

## सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस पर 21 सितंबर को भंडारे का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला बाजार स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में देवी मंदिर विकास समिति के द्वारा मासिक बैठक का हुआ आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा ने की वही संचालन संतोष कश्यप ने किया।बैठक में मुख्य रूप से 21 सितम्बर को सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मानने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत 21 सितम्बर को दोपहर 01 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें समिति के द्वारा सभी भक्तजनों से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। साथ ही बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव पुरे हर्षोल्लास के साथ मानने का निर्णय लिया गया, मौके पर देवी मंदिर विकास समिति के उप सचिव सह मिडिया प्रभारी अमृत कुमार ने बताया कि सभी भक्तों के सहयोग और समिति के प्रयास से इस बार देवी मंदिर परिसर को नवरात्र के अवसर पर भव्य रूप से सजाने के साथ दुर्गा पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । मौके पर समिति के उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, अभिषेक कांस्यकार, सचिव राहुल व्याहुत, उप सचिव शशि शेखर, व्योम सिन्हा, कोषाध्यक्ष राकेश कांस्यकार, सह कोषाध्यक्ष मनिष कश्यप, जितेन्द्र गुप्ता, विजय कुमार, प्रियांशु कांस्यकर, चन्दन चंदेल, बिट्टू केशरी, ललन कु०, चितरंजन, अप्पू कश्यप, प्रदीप सोनी, रंजीत गुप्ता सहित अन्य कई सदस्य शामिल थे।

## प्रधानाध्यापक ने जिप सदस्य को पत्र देकर विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत उच्च विद्यालय मलवारिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक बिगन बैठा ने उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता को पत्र देकर बिद्यालय में आधारभूत संसाधन मुहैया कराने की मांग की है। दिए गए पत्र में प्रधानाध्यापक ने बताया है कि सन 2011 में मलवारिया मध्य विद्यालय को प्रमोट कर स्तोरोन्नत विद्यालय का दर्जा दिया गया हैं लेकिन इस विद्यालय में मूलभूत संरचनाओं का अभी तक बिकास नही हुआ जिससे इस क्षेत्र के बच्चे उच्च शिक्षा की डिग्री तो ले रहे है लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से दूर है,उन्होंने विद्यालय में चारदीवारी की निर्माण ,विद्यालय में गणित शिक्षक की व्यवस्था, उच्च शिक्षा के भवन को हैंडओवर कराने, विद्यालय के आस पास आने जाने की सड़क निर्माण, विद्यालय में करीब 100 बेंच डेस्क की व्यवस्था कराने की मांग शामिल हैं ।मौके पर राजू मेहता ने कहा की मैने भी बिद्यालय का अवलोकन किया हु, वास्तव में विद्यालय में आधार बहुत संरचनाओं की कमी हैं ।छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए उक्त मांगो को जिला परिषद की बैठक में उठाऊंगा और निदान करने का प्रयास करूंगा। मौके पर मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू, चितरंजन कुमार सिंह, रामसुंदर मेहता, सुरेश मेहता, उदय यादव, अजीत मेहता, विनय मेहता, सुरेंद्र सिंह ,अवध मेहता, मथुरा मेहता ,अशोक मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी का निधन, शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के गाँधी चौक के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी सत्यनारायण प्रसाद भगत 82 का रविवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे बाजार सहित शहर में शोक की लहर है। शोक- संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके मधुशाला रोड स्तिथ घर पर तांता लग गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम पर किया गया। उनके निधन पर हुसैनाबाद के स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, भाजपा के वरिष्ठ नेता ललन कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, दिनेश कश्यप, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, राजेंद्र पाल, प्रकाश अग्रवाल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अजित अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, अजय गुप्ता, जेएमएम के वरिष्ठ नेता ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, नेहाल असगर, राजेंद्र गुप्ता, लोकनाथ केशरी, पवन अग्रवाल, सचिन आंनद, दिनेश गुप्ता, संदीप कंस्याकार, अजय सोनी, समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## महापौर अरुणा शंकर आंल इंडिया महापौर सम्मेलन में भाग लेने पहुंची अहमदाबाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया महापौर सम्मेलन अहमदाबाद में भाग लेने मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर पहुंची। जहां अहमदाबाद के महापौर एवं भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा तथा वहां के पार्षदों ने एयरपोर्ट पर तथा होटल लीला में भव्य स्वागत किया। मंगलवार को 11:00 बजे सम्मेलन की शुरूआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अभिभाषण के बाद शुरू होगा। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावे कई गणमान्य लोग भी शामिल रहेंगे। यह सम्मेलन दो दिवसीय है। महापौर अरुणा शंकर भारत के चंद पिछड़े जिले में एक पलामू के विकास एवं पलामू को बदलने में भारत सरकार के सहयोग पर चर्चा करेंगीं। महापौर ने बताया किं इस तरह के सम्मेलन में भाग लेने से वहां के विकास के बारे में जानकारी मिलती।

## दिव्यांगजनों के बीच ट्राइ साइकिल का किया गया वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को लेकर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तरहसी प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगजनों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा करना पुनीत कार्य है। उन्हें कभी यह अहसास नहीं होना चाहिए की वे शारीरिक रूप से कमजोर हैं। ये उपकरण उनके जीवन का सहारा बनेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग-निराश्रित के उत्थान और सहायता के लिए प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाना मोदी सरकार का लक्ष्य है। डां मेहता ने कहा कि मैं स्वयं अपने विधानसभा क्षेत्र पांकी में दिव्यांगजनों तक समस्त योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने का कार्य कर रहा हूँ ताकि वे सृजनात्मक, सुरक्षित और प्रतिष्ठित जीवन जी सकें। कार्यक्रम में तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष शंकर शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य शंभू प्रसाद, जिला परिषद पूर्वी रूपवती देवी, निजी सहायक बच्चन ठाकुर, मंडल महामंत्री शिवपाल कुमार,सुरेश राम,संयोजक अनिल सिंह,सरजू सिंह, राजेंद्र सिंह,मनोज कुमार सिंह, बजरंगी कुमार मेहता, लव कुश मेहता,पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डालमिया भारत ने अपने पूर्वी क्षेत्र के 123 वरिष्ठ संविदाकारों को किया सम्मानित




बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत की अग्रणी सीमेंट निमार्ताओं में से एक डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने आप हैं सच्चे विश्वकर्मा सम्मान पहल के साथ पूर्वी क्षेत्र के 123 वरिष्ठ संविदाकारों के मूल्यवान योगदान को सराहा। अपनी विशेषज्ञता और शिल्पकला में दक्षता के चलते अनगिनत लोगों के घर बनाने का सपना पूरा करने वाले वरिष्ठ संविदाकारों को सलाम करते हुए यह कार्यक्रम कंपनी की झारखंड में सालाना विश्वकर्मा पूजा के दौरान संपन्न हुआ। डालमिया भारत लिमिटेड ने आप हैं सच्चे विश्वकर्मा पहल की शुरूआत 2020 में सभी क्षेत्रों में संविदाकारों के साथ अपनत्व दर्शाने के लिए की थी। उद्घाटन वर्ष में 14 संविदाकारों को सम्मानित किया गया जिसके उपरांत 2021 में 74 को यह सम्मान दिया गया। इस वर्ष सीमेंट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने सभी क्षेत्रों के रिकार्ड 123 संविदाकारों के साथ यह सम्मान उत्सव मनाया जिसमें झारखंड से 11 शामिल थे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि प्रति वर्ष हमारी कंपनी कौशल एवं कर्मकारों के देवता माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा समारोहपूर्वक हमारे वरिष्ठ संविदाकारों के समुदाय के साथ आयोजित करती है। हमारे वरिष्ठ संविदाकारों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता के रूप में हम उन्हें इस दिन प्रणाम करते हैं जिन्होंने अपनी अपूरणीय शिल्पदक्षता के साथ हमारे देश के निर्माण में अपना योगदान किया है। हमें आशा है कि हमारे सतत प्रयासों से न केवल भावनात्मक संबंध स्थापित होगा बल्कि एक आदर की भावना का भी संचार होगा। समारोह के दौरान चुनिंदा वरिष्ठ संविदाकारों के कार्यों व जीवन वृत्त को एक विशेष तौर पर डिजायन किए गए अल्बम में दर्शाते हुए उसे संविदाकारों के पूरे समूहे के साथ साझा किया गया। सम्मानित होने वाले विश्वकर्माओं को वरिष्ठ संविदाकारों के परिजनों, डालमिया भारत लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों, डीलर्स व संविदाकारों के समूह की उपस्थिति में एक आदर सूचक मोमेंटो, एक शाल व दीवार घड़ी भेंट की गयी। समारोह का आयोजन 1300 से अधिक राजमिस्त्रियों व संविदाकारों, डालमिया भारत के चौनल पार्टनर्स व प्रमुख प्रभावशाली व्यक्तिओं की उपस्थिति में किया गया।

### इएसएल में आयोजित हुआ खेल टूर्नामेंट




बोकारो (आजाद सिपाही)। वेदांता समूह की कंपनी और एक प्रमुख राष्ट्रीय स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 20 दिनों तक चलने वाले खेल टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसका नाम स्मैश 2022 रखा गया था। इसका उद्घाटन 25 अगस्त को ईएसएल के एक्सको सदस्यों ने किया था। उन्होंने जीवन में खेल की अहमियत और दैनिक जीवन में इससे सीखने वाली चीजों के बारे में बात की। टूर्नामेंट में कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, क्लॉ फाइट, बैडमिंटन, टग ऑफ वॉर और ट्रेजर हंट जैसे कई इनडोर गेम्स शामिल थे। इस टूर्नामेंट में विभिन्न विभागों के 400 से अधिक कर्मचारियों ने खेल के प्रति अपना उत्साह और जुनून का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के अंत में विभिन्न खेलों और उनकी श्रेणियों में 44 से अधिक विजेता रहे। कार्यक्रम का समापन समारोह 20 दिनों के बाद हुआ। विजेताओं को उनके त्रुटिहीन प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह ईएसएल की कर्मचारियों से जुडी गतिविधियों में से एक थी जो उन्हें अपने जीवन की हर क्षेत्र में प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।

### विधायक पूर्णिमा सिंह के प्रयास से हुआ जल संकट का समाधान, ग्रामीणों में खुशी



अलकडीहा (आजाद सिपाही)। लोदना क्षेत्र के जीनागोरा माड़ीगोदाम मुहल्ला में पिटवाटर के संकट से वर्षो से जूझ रहे लोगों को सोमवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रयाश से बीसीसीएल प्रबंधन ने निजात दिलाया। पानी के लिए त्राही-त्राही कर रहे लोगों में पिट वाटर कि निरंतर आपूर्ति स्थानीय मांझी तालाव में किए जाने से ग्रामीणों में हर्ष है। बताते चलें कि मुहल्ले के विस्थापन के बाद लोगों की सुविधा के लिए जीनागोरा प्रबंधन द्वारा 10 वर्ष पूर्व तालाव कि खुदाई कराई गयी थी, लेकिन तालाव में जल जमाव को प्रबंधन कि ओर से कोइ स्रोत के संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया। इस कारण ग्रामीणों के लिए नहाने-धोने और घरेलू कार्यो के लिए जल संकट कि समस्या बनी हुइ थी। तालाव में पानी सुख जाने से स्थानीय लोगों ने विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से अपनी समस्या सुनाई। साथ ही कोयला डंप के समीप खदान के पानी का नाला में बहाए जाने के पाइपलाइन संयोग के जरिए मांझी तालाव में पानी आपूर्ति कराने कि मांग पिछले महीने पत्र देकर की थी। विधायक ने ग्रामीणों कि मांग को गंभीरता से लेते हुए जीएम विद्युत एवं यांत्रिक को पत्र लिखकर जल संकट कि समस्या का समाधान करने की अपील की थी। इसके बाद जीएम कोयला भवन एवं लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन के निर्देश पर जीनागोरा माड़ी गोदाम तालाव में सोमवार को चार इंच के 210 मीटर तक पाइपलाइन का कनेक्शन कर विधायिका प्रतिनिधि मल्लू सिंह की मौजूदगी में पिट वाटर की आपूर्ति शुरू कराई। जिस पर ग्रामीणों ने पूर्णिमा सिंह और प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अभियंता हिमांशु कुमार, एस मंडल, यूनियन नेता मृणाल कांत सिंह, बिनोद साव, समरजीत सिंह, रवि थापा, रूपक सिन्हा और राकेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

### बीएसएल के सिंटर प्लांट ने मनाया 50वां स्थापना दिवस



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के सिंटर प्लांट के 50 साल पूरे होने पर सोमवार को स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने केक काटकर सिंटर प्लांट के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों के जोश एवं जज्बे की तारीफ करते हुए विगत वर्ष सिंटर प्लांट द्वारा किये गए रिकार्ड ग्रॉस सिंटर उत्पादन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की और आने वाले समय में भी बेहतर प्रदर्शन के इस सिलसिले को जारी रखने को लेकर उत्साहित किया। इस दौरान अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक बीके बेहरा आदि मौजूद थे।

## दुखद : मौत से पहले पत्नी से की थी अंतिम बार फोन से बात

# आरपीएसएफ जवान ने बैरक की छत से कूद की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सदर थाना क्षेत्र के हिल कॉलोनी स्थित आरपीएसएफ की 10वीं बटालियन की बैरक के छत से कूद कर एक जवान ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान संदीप कुमार के रूप में की गई है। वह मूल रूप से हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था। सोमवार की सुबह बैरक परिसर में एक भवन के नीचे उसका लहूलुहान शव मिला। सिर फर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। संदीप को शारीरिक रूप से अक्षम (अनफिट) घोषित कर दिया गया था। इस वजह से वह काफी




घटनास्थल पर पहुंच कर जांच करते अधिकारी।

परेशान रहता था। उसके साथियों ने रविवार की रात उसे अपनी पत्नी से मोबाइल पर बातचीत करते अंतिम बार देखा था। खाना खाने के बाद संदीप छत पर चढ़ा था। इधर, आरपीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अभय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात संदीप कुमार अपने परिवार के सदस्यों के साथ फोन पर बातचीत कर रहा था। उसके बाद ही ऐसी घटना घटी। सोमवार सुबह करीब चार बजे ग्राउंड पर एक जवान की नजर पड़ी, जिसके बाद सभी को घटना की जानकारी हुई। संदीप को तत्काल रेलवे अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमसीएच) भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को वापस आरपीएसएफ 10वीं बटालियन के बैरक लाया जाएगा। घटना की सूचना मृतक के स्वजनों को दे दी गई है। स्वजन धनबाद के लिए निकल चुके हैं। उनके आने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता



तेनुघाट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पति सोहन रविदास को दोषी पाए जाने पर 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि नावाडीह थाना अंतर्गत कोचवा टांड़ निवासी सूचक बिंदेश्वरी लाल दास ने चंद्रपुरा थाना प्रभारी से बताया था कि उसकी बेटी की शादी पांच अक्टूबर 2017 को चंद्रपुरा थाना अंतर्गत पपलो निवासी सोहन रविदास से हुई थी। शादी के तीन महीने के बाद से ही सूचक की बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार समझाया गया मगर प्रताड़ना बंद नहीं हुआ। दो जून 18 को पीड़िता को उसके पति और ससुराल वालों ने मिलकर कथित रूप से हत्या कर दी। उक्त बयान के आधार पर चंद्रपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर न्यायाधीश अनिल कुमारकी अदालत में आया। जहां उपलब्ध साक्ष्य एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में सोहन रविदास को दोषी पाया। इसके बाद न्यायाधीश ने सोहन रविदास को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद सोहन को तेनुघाट जेल भेज दिया गया।

### कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

धनबाद (आजाद सिपाही)। कांग्रेस की ओर से सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। पार्क मार्केट स्थिति विवेकानंद चौक से शुरू हुई यात्रा बरमसिया जाकर समाप्त हुई यात्रा में शामिल कांग्रेसी केंद्र सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। जो कई राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजर रही है। यात्रा झारखंड में तो नहीं आएगी लेकिन स्थानीय स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। धनबाद में यात्रा जारी है।

### 14 सूत्री मांगों को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता


अलकडीहा। धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के बैनर तले 14 सूत्री मांग को लेकर मजदूरों ने सोमवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक एके दत्ता को मांग पत्र भी सौंपा। प्रबंधन से मांग की गई कि अविलंब उनकी मांगों पर विचार कर समस्या का समाधान किया जाए। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों को आरोप लगाया कि कंपनी में काम करने वाले श्रमिकों को समय पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है।




श्रमिकों के आवास का हाल बदहाल है। एंटीएसटी जीनागोरा विभागीय परियोजना को निजी हाथों में देने की योजना चल रही है जो गलत है। कंपनी में कार्यरत ठेका मजदूर को एचपीसी का बोनस वेतन नहीं मिल रहा है। नेताओ ने कहा कि मांग पत्र देने के बावजूद प्रबंधन हरकत में नहीं आया। इसी लिए बाध्य होकर धरना और प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सुभाष माली, दया राम सिंह यादव, अजय देव, रामनाथ गोप, पलटन बाउरी, पिंटू गोप, गणेश कुमार, रामअवतार नोनिया, मंगरु और उमा शंकर विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, गुमला (जिला बाल संरक्षण इकाई)**

-: आम सूचना :-



नाम – प्रिंस कुमार (प्रदत नाम),
उम्र – 10 माह (लगभग),
लिंग – बालक रंग – गोरा,
माता – अज्ञात,
पिता – अज्ञात

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 17/9/2022 को प्रिंस कुमार (प्रदत नाम) को मिशन बदलाव के कार्यकताओं द्वारा बाल कल्याण समिति गुमला लाया गया था। बालक दिनांक 16/9/2022 को लावारिस अवस्था में प्रधान डाक घर, लोहरदगा रोड के पास में पाया गया।

वर्तमान में बालक बाल कल्याण समिति, गुमला के संरक्षण में है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित कि गई है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2015 के नियम 6 के उपनियम 12 के अंतर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गुमला द्वारा कानूनी रुप से मुक्त किया जा सकेगा।

**दावा प्रस्तुत करने का पता एवं सम्पर्क न0–** बाल कल्याण समिति, गुमला।
जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला।
सम्पर्क न0 – 7991146920, 8210499054

विश्वासभाजन,
संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखरेख
जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला।

PR.NO.278128 Women, Child Development & Social Security(22-23):D


### अतिक्रमण करनेवाले दुकानदारों को नसीहत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। एफसीआई प्रबंधन की ओर से शुरू किए गए अतिक्रमण मुक्त अभियान को लेकर बाजार में छोटे-छोटे दुकानदारों में भय व्याप्त है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के आग्रह पर एफसीआई प्रबंधन ने दो टूक कहा है कि छोटे-छोटे दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण शहरपूरा बाजार का मुख्य सड़क अस्तित्व खो चुका है। अतिक्रमण के कारण कार और वाहन पार्किंग की जगह नहीं बची है। इन छोटे दुकानदारों को सबसे पहले अपनी-अपनी दुकानों को सड़क से एक से डेढ़ मीटर अंदर करना होगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने एफसीआई प्रबंधन के सुझाव को गंभीरता से लेते हुए सभी दुकानदारों से आग्रह किया है



कि वह आवंटित जगह पर ही अपनी दुकानों को बनाएं। यदि उन्होंने अतिक्रमण किया है तो अतिक्रमण वाली भूमि को खाली कर दें। इस निमित्त चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव दीपक कुमार दीपू के ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से पूरे शहर में मुनादी करवाई है। कहा है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में सहयोग करें। शहर बचेगा तभी दुकानदार बचेंगे।

### पहाड़ी शिव मंदिर में चोरी

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। पहाड़ी शिव मंदिर से रविवार की रात चोरों ने बैटरी, इनवर्टर और साउंड सिस्टम के अलावा बर्तन व अन्य सामान चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब 60-70 हजार रुपए है। सोमवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी राजीव पांडेय को पता चला तो वे मंदिर पहुंच गए। देखा कि हनुमान मंदिर के बाहर दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है। अंदर रखें सामान चोरी हो चुका है। पुजारी ने बताया कि भक्तों ने एक महीने पहले ही मंदिर में बैटरी और इनवर्टर दान दिया था। चोरों ने भगवान के मंदिर को भी नहीं छोड़ा। इसके बाद घटना की जानकारी तेनुघाट ओपी प्रभारी को दी गई। खबर पाते ही गोमिया पुलिस इंस्पेक्टर आशीष खाखा और ओपी प्रभारी सुनील कुमार अपनी टीम के साथ मंदिर पहुंचे



और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मंदिर के बगल में स्थित पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, गोमिया पुलिस इंस्पेक्टर आशीष ने बताया कि जल्द ही चोरी को पकड़ लिया जाएगा। इस मौके पर तेनुघाट की मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पंसस अजीत कुमार पांडेय, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, हरि शंकर प्रसाद, रमेंद्र कुमार सिन्हा, बिरेंद्र प्रसाद, मुन्ना श्रीवास्तव, राजेश कुमार, सुजय कुमार, शिव कुमार प्रसाद वर्मा, गोपाल जी विश्वनाथन और योगेश नंदन आदि उपस्थित थे।


**अनुमण्डल पदाधिकारी –सह– अभिहित अधिकारी का कार्यालय, गुमला। (खाद्य सुरक्षा शाखा)**

पत्रांक.................... दिनांक....................

**आम सूचना**

सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता (Food Business Operator) को यह सूचित किया जाता है कि FSSAI New Delhi के ओदश 15 (31) 2020/ Foscos/RCD/fssai dated 8th june 2020 & 30th September 2021 के द्वारा, सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता को 01.01.2022 से अपने सभी Sell Bill, Invoice/ Cash Memo में 14 digit Fssai license/Registration No. लिखना अनिवार्य किया गया है।

परन्तु निरिक्षण के क्रम में प्राय यह देखा जा रहा है कि FBOs अपने Sell Bill, Invioice, Cash Memo पर FSSAI License/ Registration No. नहीं लिख रहे है।

अतः सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता को यह सूचित किया जाता है कि अपने Sell Bill, Invoice/ Cash Memo में 14 digit Fssai license No. आवश्य अंकित करेंगे।

निरीक्षण के क्रम में यदि बिना Fssai License/Registration no. अंकित Sell Bill/ Invioice, Cash Memo पर Food article बेचते पाये गये तो उस खाद्य कारोबारकर्त्ता पर FSS act 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी
गुमला

अभिहित अधिकारी,
–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी गुमला।

PR 278067 (District) 22-23 (D)


## ठेका मजदूर के हक के लिए सीकेएस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# एचपीसी के तहत ठेका मजदूरों को भी प्रबंधन दे वेतन व अन्य सुविधाएं:रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को सीसीएल ढोरी जीएम कार्यालय के समक्ष कोल इंडिया स्तर पर असंगठित क्षेत्र के ठेका मजदूरों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। नेताओं ने केंद्र सरकार के कोयला सचिव अनिल कुमार जैन के नाम सीसीएल ढोरी कार्मिक विभाग के प्रबंधन प्रशिक्षु शालिनी यादव को ज्ञापन भई सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप और संचालन सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। यह कार्यक्रम



मांगों को लेकर प्रदर्श करते लोग।

सीसीएल सीकेएस के वेलफेयर बोर्ड सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा, अरुण सिंह, संत सिंह की अगुवाई में किया गया। रविंद्र मिश्रा ने कहा कि कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने केंद्रीय कोयला मंत्री से मुलाकात कर ठेका मजदूरों के लिए दुर्गा पूजा में 10 हजार रुपये बोनस देने की मांग प्रमूखता से रखी है। हमलोग ठेका मजदूरों को संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों की तरह असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी 10 सूत्री मांगों को लेकर पूरे कोल इंडिया स्तर पर ज्ञापन दिया गया है। मजदूरों को प्रबंधन से जल्द एचपीसी के तहत वेतन व अन्य सुबिधा मिले, ताकि ठेका मजदूरों को उचित न्याय मिल सके। वहीं विनय सिंह ने कहा कि ठेका मजदूरों के मांगों को अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के गेवरा में संपन्न 104वीं कार्यसमिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि संगठन ठेका मजदूरों की आर-पार की लड़ाई भामस लड़ेगी। हमारी मांग है कि ठेका मजदूरों को भी संगठित क्षेत्र के कामगरों की तरह सूख सुविधा दी जाए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**NH/HAZARIBAGH/2022-23/03**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 27.09.2022 को 1:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 28.09.2022 को 3:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.09.2022 को 3:30 बजे अपराह्न
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, धनबाद (ग) मुख्य अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ उपमाग, रांची
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक–5 पर अंकित स्थान।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ordinary Repair in Km 0.00 to 48.00 of NH-100 (New NH-522) under NH Division, Hazaribagh for the year 2022-23 | 36,40,000=00 | 5,000=00 | 73,000=00 | 2 Month |
| 2 | Ordinary Repair in Km 61.50 to 79.00 of NH-99 (New NH-22) under NH Division, Hazaribagh for the year 2022-23 | 6,37,000=00 | 1,250=00 | 13,000=00 | 2 Month |

8. निविदा कागजात क्रमांक–5 पर अंकित कार्यालयों से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
10. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
11. निविदाकार को पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के UCAN Portal पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।
12. निविदाकार का पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में एक से अधिक Registration नहीं होना चाहिए।
13. परिमाण विपत्र के मूल्य का भुगतान **NTRP Portal** – https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx **(PAO - NH Kolkata Code No. – 034756, DDO – Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways Code No. – 202122)** पर **online** होना है। चालान पर कार्य का नाम अंकित होना आवश्यक है। **Online** भुगतान के पश्चात् चालान की प्रति निविदा कागजात क्रय के समय लगाना अनिवार्य है।
14. IT/GST/other deductions related to taxes/cess will be applicable as per existing law.

कार्यपालक अभियंता
रा०उ०पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 278081 Road (22-23)_D

### बालोद जिले में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे दिन सीएम बघेल मालीघोरी गांव पहुंचे

# शासकीय पॉलिटेक्निक बालोद का किया लोकार्पण

- मालीघोरी में पशु चिकित्सालय खुलेगा और डौंडीलोहारा शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय होगा शुरू
- डौंडीलोहारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 50 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन
- मोहड़ जलाशय में डुबान क्षेत्र के हितग्राहियों को मिलेगा मुआवजा
- कोटेरा गांव के हायर सेकेंडरी और कमकापार गांव के हाईस्कूल के लिए नया भवन
- आइटीआइ डौंडीलोहारा का नामकरण स्व. झुमुकलाल भेंड़िया के नाम पर होगा
- श्रद्धा के केंद्र कुकुरदेव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, कई गांवों में बनेंगे मंगल भवन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को बालोद जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे दिन डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के मालीघोरी पहुंचे। यहां सबसे पहले मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कुकुरदेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। कुकुरदेव मंदिर से मुख्यमंत्री पदयात्रा कर भेंट मुलाकात स्थल तक पहुंचे। इस दौरान कई जगह पर लोगों ने फूल मालाओं से आरती उतारकर और कोदो अन्न से तौल कर अपने मुखिया का स्वागत किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मालीघोरी में कई विकास कार्यों की सौगात देने के साथ जनसामान्य की शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कई घोषणाएं की। यहां उन्होंने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बालोद के भवन का लोकार्पण किया। पॉलिटेक्निक में सिविल, इलेक्ट्रिकल तथा माइनिंग एंड माइन सवेईंग ट्रेड के पाठ्यक्रम संचालित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने ग्राम मालीघोरी में पशु चिकित्सालय खोलने और डौंडीलोहारा शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय प्रारंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने घोषणा की कि डौंडीलोहारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तर अस्पताल के रूप में उन्नयन किया जायेगा और ग्राम हितापठार में उप स्वास्थ्य केंद्र खोला जायेगा। उन्होंने श्रद्धा के केंद्र कुकुरदेव मंदिर के जीर्णोद्धार और रेंगाडबरी, रानाखुज्जी, मंगचुआ, बनगांव में मंगल भवन बनवाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ा जुंगेरा का हाईस्कूल में और ग्राम किल्लेकोड़ा एवं ग्राम कोबा के हाई स्कूल का उन्नयन हायर सेकेंडरी में किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोटेरा गांव के हायर सेकेंडरी और कमकापार गांव के हाईस्कूल के लिए नया भवन बनाया जायेगा। उन्होंने आइटीआइ डौंडीलोहारा का नामकरण स्व. झुमुकलाल भेड़िया के नाम पर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहड़ जलाशय में डुबान क्षेत्र में आये हितग्राहियों के प्रकरण का निराकरण करवा कर मुआवजा दिलवाया जायेगा। साथ ही ग्राम मरनाभाठ में स्टॉप डेम का निर्माण करवा कर सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विकास के कार्य तेजी से होते रहेंगे। राज्य के विभिन्न शासकीय आत्मानंद स्कूल के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा उपलब्ध करायी जा रही है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो इसके लिए स्कूलों का जीर्णोद्धार हो रहा है। गांव में ही लोगों को रोजगार मिल सके इसके लिए ग्रामीण आजीविका पार्क बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले स्थानीय स्तर पर 150 प्रकार की सामग्री उत्पादित होती थी, जो बढ़कर अब 650 हो गयी है। इनका अच्छा विक्रय हो रहा है। इसका लाभ स्थानीय लोगों को हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ी परंपरा तीज त्योहारों को विशेष महत्व दिया गया है। अब हमारा छत्तीसगढ़िया व्यंजन अतिथियों के सत्कार के लिए मंच तक पहुंचने लगा है। आदिवासियों के आस्था का केंद्र देवगुड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। रामायण कालीन महत्व के स्थानों को उनकी प्रतिष्ठा के अनुकूल स्थापित करने के लिए राम वन गमन पथ परियोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

## सीएम ने सुलझायी लोगों की समस्याएं

भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री से डौंडीलोहारा की एक छात्रा मोनिका पटेल ने कहा, मेरे स्कूल में पर्याप्त टीचर नहीं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल में पर्याप्त शिक्षक नियुक्त करने दिए निर्देश दिये। मुख्यमंत्री को सविता ने बताया कि मुझे राशन बढ़िया मिल रहा है। उन्होंने कहा परसाडीह में गौठान में कक्ष चाहिए। मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकृति दी। डौंडीलोहारा के स्टूडेंट की ओर से राशि ने कहा कि हम यूपीएससी की तैयारी कर रहे है। इसके लिए एक अच्छी लाइब्रेरी होगी तो बढ़िया माहौल बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, कि आप सबकी सुविधा के लिए काम होगा। डॉ प्रशांत ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिकलिंग पर शोध कर रहा हूं। प्रदेश स्तर पर सुविधा मिले तो बढ़िया होगा। अमेरिका के लोग मुझे बुला रहे हैं, लेकिन अपने प्रदेश के लिए काम करना चाहता हूं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसे उच्च अधिकारी बात करेंगे। आपकी प्रतिभा का लाभ प्रदेश हित में होगा।

मुख्यमंत्री से मिलने आये स्थानीय लोगों ने जहां योजनाओं का लाभ मिलने पर आभार जताया, वहीं श्री बघेल ने भी बातों-बातों में लोगों से जन-सुविधाओं के बारे में जानकारी ले ली। उन्होंने कहा कि आप लोगों के सरोकारों से परिचित होने और सुख-दुख बांटने आया हूं। हमने कर्जमाफी की। न्याय योजना लाई। कोरोना के कठिन समय में भी आपके लिए लाई योजनाएं जारी रही। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में 4 किश्त में पैसे दिए और ऐसे समय में दिये जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जरूरतों के मुताबिक समय-समय पर किश्त की राशि दी गयी है। तीजा के पहले, ताकि बेटी अपने लिए खरीदी कर सके। दिवाली के समय, ताकि त्योहार बढ़िया हो जाये।

देवगुड़ी के बारे में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से जानकारी ली, तो निरंजन ने बताया कि मेरे गांव में देवगुड़ी है। मैं बैगा हूं। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि आपको भी राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का लाभ मिलेगा। एक वर्ष में सात हजार रुपये की राशि योजना में मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा राजीव मितान क्लब के बारे में पूछने पर युवाओं ने बताया कि अभी एक लाख रुपये खाते में आयेगा।

रूपेश्वरी ने बताया कि गौठान में बढ़िया काम हो रहा है। हम लोग वर्मी कंपोस्ट बना रहे हैं। तीन लाख 65 हजार का वर्मी बेचे हैं। इसी तरह खरथुली की सुनीला निषाद ने बताया कि मछलीपालन से अभी तक 65 हजार रुपये कमा चुके हैं। बाकी दीदी लोग सब्जी उगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आत्मनानंद स्कूल के बच्चों से भी बातचीत की और कहा कि छत्तीसगढ़ी में पूछूंगा, आप अंग्रेजी में जवाब देना। उन्होंने छात्र पार्थ से पूछा कि स्कूल में क्या सुविधा मिली। पार्थ ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में वे सभी सुविधाएं हैं, जो एक अच्छे स्कूल में होनी चाहिए।

# खोरधारोड मंडल में वाणिज्य परिसंपत्तियों की इ-नीलामी

**19 वाणिज्य परिसंपत्तियां ठेके पर दी गयीं**
**ठेकों की कुल लागत 4,41,51,729 करोड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** छोटे उद्यमियों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय रेलवे ने हाल ही में अपनी व्यावसायिक अर्जन और गैर-किराया राजस्व संविदाओं के लिए भारतीय रेलवे इ-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक नीलामी शुरू की है। यह डिजिटल इंडिया के तहत एक पहल है और पारदर्शिता, दक्षता और व्यापार करने में आसानी के साथ एक नयी नीति है। नयी इ-नीलामी प्रणाली परिसंपत्ति के वास्तविक मूल्य की प्राप्त में सहायता करती है।

इ-नीलामी प्रणाली के शुभारंभ के बाद से, खोरधारोड मंडल ने 19 वाणिज्य परिसंपत्तियों जैसे पार्सल लीजिंग, पार्किंग, सशुल्क शौचालय, सशुल्क अमानती सामान घर और विज्ञापन आदि के लिए ठेके दिए हैं। दिये गये ठेकों का कुल मूल्य 4,41, 51,729 करोड़ है। इ-नीलामी प्रक्रिया में, देश में कहीं से भी बोली लगाने वाले को पोर्टल के माध्यम से भारतीय रेलवे की किसी भी फील्ड यूनिट की नीलामी में भाग लेने के लिए एक बार स्व-पंजीकरण की आवश्यकता होती है। किसी भी मंडल की किसी नीलामी में भाग लेने के लिए कोई भौगोलिक प्रतिबंध नहीं। 40 लाख रुपये तक के वार्षिक ठेकों के लिए कोई वित्तीय कारोबार की आवश्यकता नहीं है।

लॉट के आरक्षित मूल्य का खुलासा नहीं किया जायेगा और बोलीदाता अपने आकलन के अनुसार परिसंपत्ति की वास्तविक वाणिज्य क्षमता के अनुसार कोई भी बोली लगाने के लिए स्वतंत्र होंगे। एक सफल बोलीदाता बहुत ही कम समय में ऑनलाइन और इ-मेल के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त करने में सक्षम होगा। बिड शीट और ठेके करार पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पेपरलेस होगी। खोरधारोड मंडल ने आइआरइपीएस के 'इ-नीलामी लीजिंग' मॉड्यूल में कई वाणिज्य और गैर-किराया राजस्व संविदाएं www.ireps.gov.in पर अपलोड किये हैं।

विभाग सभी संबंधितों से ई-नीलामी प्रणाली का लाभ उठाने की अपील करता है। ई-नीलामी में भाग लेने के संबंध में किसी भी प्रश्न के लिए, खोरधारोड मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

### संबलपुर रेलवे में चल रहा है सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य

# कई ट्रेनें रद्द और कुछ डायवर्ट की गयीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** संबलपुर-टिटिलागड रेलवे खंड में देबाहल-बरगड रोड-बरपाली स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य शुरू करने के संबंध में डबल लाइन परियोजना के चालू होने के मद्देनजर कई ट्रेन सेवाएं प्रभावित होंगी।



**ट्रेनों का रद्दीकरण :** 08317/08318 संबलपुर-जूनागड रोड-संबलपुर पैसेंजर स्पेशल संबलपुर से 22 से 30 सितंबर 2022 के बीच और जूनागढ़ रोड से 23 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 के बीच। 08263/08264 टिटिलागड-बिलासपुर-टिटिलागड पैसेंजर स्पेशल 23 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 के बीच टिटिलागड से और 22 से 30 सितंबर 2022 के बीच बिलासपुर से। 08277/08278 टिटिलागड-रायपुर-टिटिलागड स्पेशल 22 से 30 सितंबर 2022 के बीच टिटिलागड से और 23 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 के बीच रायपुर से। 18301/18302 संबलपुर-रायगड़ा-संबलपुर एक्सप्रेस 23 से 30 सितंबर 2022 के बीच दोनों दिशाओं से। 20809/20810 संबलपुर-नांदेड़-संबलपुर एक्सप्रेस 23 और 25 सितंबर 2022 को संबलपुर से और 24 और 26 सितंबर 2022 को नांदेड़ से। 18189/18190 टाटा-एर्नाकुलम-टाटा एक्सप्रेस 25 और 29 सितंबर को टाटा से और 25 और 28 सितंबर 2022 को एनार्कुलम से।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण :** 12893/12894 भुवनेश्वर-बलांगीर-भुवनेश्वर सुपर फास्ट इंटर सिटी एक्सप्रेस 23 से 30 सितंबर 2022 तक दोनों दिशाओं से भुवनेश्वर और संबलपुर के बीच चलेगी और संबलपुर और बलांगीर के बीच रद्द रहेगी। 18005/18006 हावड़ा-जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 22 से 30 सितंबर 2022 तक जगदलपुर से 23 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 तक हावड़ा और संबलपुर के बीच चलेगी और संबलपुर और जगदलपुर के बीच रद्द रहेगी 12871 & 22861/12872 & 22862 हावड़ा-टिटिलागड/कंताबांजी इस्पात एक्सप्रेस 23 से 30 सितंबर 2022 तक हावड़ा से और 24 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 तक टिटिलागड/ कंताबांजी से हावड़ा और संबलपुर और टिटिलागढ़/कंताबांजी के बीच रद्द रहेगी।

**तांबरम-जसीडीह एक्सप्रेस का डायवर्जन :** 12375/12376 तांबरम-जसीडीह-तांबरम एक्सप्रेस 24 सितंबर को तांबरम से और 28 सितंबर 2022 को जसीडिह से विजयनगरम-रायगढ़-टिटिलागढ़-संबलपुर के बजाय विजयनगरम-खुर्दा रोड-नराज-अंगुल और संबलपुर होते हुए डायवर्ट रूट पर चलेगी।

**कटक-भद्रक-कटक स्पेशल रद्द :** 08438/08437 कटक-भद्रक-कटक पैसेंजर स्पेशल खुर्दा रोड डिवीजन में कपिलास रोड से निरगुंडी के बीच तीसरी लाइन को चालू करने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को देखते हुए 19 से 25 सितंबर 2022 तक दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**